राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 98 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



अलग अंदाज में दिखे पीएम नरेंद्र मोदी, खुल जीप में जंगल सफारी के लिए मजे।

## फेक न्यूज पर रोक लगाने की जरूरतः कानून मंत्री



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** कानून मंत्री किरण रिजिजू ने रविवार को कहा कि फर्जी खबरों, झूठी खबरों और गलतबयानी को निर्धारित करने के लिए नियमों में संशोधन परामर्श प्रक्रिया के जरिए किया गया है, लेकिन इसे लागू करने से पहले काफी विचार–विमर्श की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'हम पूरी चुनाव प्रक्रिया में कुछ संशोधन करने की ओर देख रहे हैं। मैं कोई प्रतिबद्धता नहीं दे सकता क्योंकि यह एक परामर्श प्रक्रिया है जो चल रही है। इसलिए फेक न्यूज, झूठी खबर और गलत बयानी की परिभाषा ... ये सभी महत्वपूर्ण चीजें हैं, जिसपर लगाम लगाने की जरूरत है। हम इसे कर रहे हैं।' इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने गुरुवार को सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन नियम, 2023 को अधिसूचित किया।

## 'बीजेपी से मुकाबला करने वाले गठबंधन के केंद्र में होनी चाहिए कांग्रेस'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लोकसभा** चुनाव को लेकर राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने बड़ा बयान दिया है। सिब्बल ने कहा कि बीजेपी के खिलाफ अगला चुनाव जीतने की कोशिश करने और जीतने के लिए कांग्रेस को अन्य राजनीतिक दलों के साथ गठबंधन का हिस्सा होना चाहिए। सिब्बल ने रविवार को कहा कि कांग्रेस को ऐसे किसी भी गठबंधन के केंद्र में होना चाहिए, जो 2024 के आम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला करेगा। उन्होंने आगे कहा कि सभी विपक्षी दलों को एक मजबूत गठबंधन बनाने के लिए संवेदनशील होने के साथ ही एक–दूसरे की विचारधाराओं की आलोचना करने में सावधानी बरतनी चाहिए। प्रमुख विपक्षी नेता सिब्बल ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का विरोध करने वाले सभी राजनीतिक दलों से पहले एक साझा मंच तलाशने का आह्वान किया।

## 'सरल भाषा में लोगों को न्याय दिलाना हमारा प्रमुख उद्देश्य'



**टीम एक्शन इंडिया/जबलपुर**
**मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कई पुराने कानून जिनकी कोई जरूरत भी नहीं थी, उन्हें खत्म किया। इसी तरह प्रदेश में भी वर्ष 1800 के बने बेकार कानूनों जिनकी जरूरत भी नहीं थी, उन्हें खत्म करने का हमने काम किया है। इसके साथ आगे आम आदमी को समझ में आने वाली सरल भाषा में न्याय लोगों को दिलाना हमारा प्रमुख उद्देश्य है। मुख्यमंत्री चौहान रविवार को जबलपुर में महाधिवक्ता कार्यालय के नए भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी का अपना महत्व है। लेकिन हम जिस प्रदेश में रहते हैं, वहां की भाषा का उपयोग किया जाए। हिंदी को बढ़ाने के लिए हमने प्रदेश में मेडिकल की पढ़ाई और परीक्षा भी हिंदी में देंगे।

# अबकी बार.... 3,000 पार

### अलग अंदाज में दिखे पीएम मोदी, जंगल सफारी के लिए मजे, 1973 में शुरू हुआ था टाइगर प्रोजेक्ट, भारत को मिली बड़ी सफलता; बाघों की संख्या पहुंची 3000

**प्रयास रंग लाई**

= इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस इस दिशा में बड़ी बिल्लियों के संरक्षण एवं रक्षण का एक प्रयास है

**टीम एक्शन इंडिया/मैसूर**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि वन्य जीवन का संरक्षण एक यूनिवर्सल मुद्दा है। इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस इस दिशा में बड़ी बिल्लियों के संरक्षण एवं रक्षण का एक प्रयास है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस (आईबीसीए) का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने बाघों की स्टेटस रिपोर्ट जारी की और घोषणा की कि देश में 3167 बाघ हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2019 में उन्होंने ग्लोबल टाइगर डे पर एशिया में अवैध वन्य जीव व्यापार और शिकार के खिलाफ एक गठबंधन का आह्वान किया था। अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलाइंस इसी भावना का विस्तार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रोजेक्ट टाइगर की सफलता न केवल भारत के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए गर्व का विषय है। हम लोगों के लिए और यह और भी सुखद है कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर दुनिया के करीब-करीब 75 प्रतिशत बाघ जनसंख्या भारत में ही हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने प्रोजेक्ट टाइगर के 50 वर्ष पूरे होने के स्मरणोत्सव' कार्यक्रम का भी उद्घाटन किया।



## आदिवासी समाज के जीवन से कुछ ना कुछ सीखना चाहिए : मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को ऑस्कर विजेता डॉक्यूमेंट्री "द एलीफेंट व्हिस्पर्स" के प्रमुख किरदार बोमन और बेली जोड़े से मिले। बाद में एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें आदिवासी समाज के जीवन और परंपरा से कुछ ना कुछ जरूर सीखना चाहिए। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से इस मुलाकात की तस्वीरें साझा की गई हैं। प्रधानमंत्री ने रविवार को अवैध शिकार और वन्य जीव व्यापार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कर्नाटक में "इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस" की शुरूआत की। प्रधानमंत्री ने मुदुमलाई टाइगर रिजर्व में थेप्पाकडू हाथी शिविर का दौरा किया। यहां उन्होंने महावतों के साथ बातचीत की।

## टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की संख्या बढ़ी

**प्रधानमंत्री** ने इस दौरान कहा कि हम पर्यावरण और अर्थव्यवस्था के बीच संघर्ष में विश्वास नहीं रखते बल्कि इनके सह अस्तित्व को महत्व देते हैं। साथ ही भारत एक ऐसा देश है जहां पर प्रकृति का संरक्षण संस्कृति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि बड़ी बिल्लियों की मौजूदगी से हर जगह स्थानीय लोगों के जीवन और वहां की इकोलॉजी पर सकारात्मक असर पड़ा है। इनकी वजह से टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।

प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि हम पर्यावरण और अर्थव्यवस्था के बीच संघर्ष में विश्वास नहीं रखते बल्कि इनके सह अस्तित्व को महत्व देते हैं। साथ ही भारत एक ऐसा देश है जहां पर प्रकृति का संरक्षण संस्कृति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि बड़ी बिल्लियों की मौजूदगी से हर जगह स्थानीय लोगों के जीवन और वहां की इकोलॉजी पर सकारात्मक असर पड़ा है। इनकी वजह से टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।




शिरोमणि अकाली दल के नेता और पूर्व विधायक इंदर इकबाल सिंह अटवाल ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## सीआरपीएफ भर्ती परीक्षा में तमिल व अन्य भाषाएं भी हों शामिलः स्टालिन


**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सीआरपीएफ में भर्ती के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा में तमिल भाषा को शामिल नहीं किए जाने का विरोध किया है। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिख कर इसे भेदभाव की संज्ञा दी है। स्टालिन ने कहा कि केवल अंग्रेजी और हिंदी को अनिवार्य करना एकतरफा है। फैसले से तमिलनाडु के उम्मीदवारों के संवैधानिक अधिकारों का हनन होता है। उन्होंने कहा कि वह अमित शाह से अनुरोध करते हैं कि नोटिफिकेशन पर तुरंत पुनर्विचार करते हुए तमिल और अन्य राज्यों की भाषाएं शामिल कराई जाएं।

## गहलोत सरकार के खिलाफ धरना देंगे पायलट



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**सचिन** पायलट ने एक बार फिर प्रदेश के सीएम अशोक गहलोत और पूर्व सीएम वसुंधरा राजे को खुलकर टारगेट किया। पायलट ने गहलोत-वसुंधरा में गठजोड़ और मिलीभगत के सवाल खड़े करते हुए दोनों को जमकर आड़े हाथ लिया। पायलट ने कहा कि पिछली बीजेपी सरकार पर भ्रष्टाचार और घोटालों के आरोप लगाकर कांग्रेस सत्ता में आई है। पायलट बोले- गहलोत के साथ मैंने और सभी कांग्रेस नेताओं ने पिछली बीजेपी सरकार पर भ्रष्टाचार और घोटाले के आरोप लगाते हुए जनता से वादा किया था कि हमारी कांग्रेस सरकार आएगी, तो पूरी जांच करवाई जाएगी और आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा। लेकिन आज दुख की बात है कि करीब साढ़े 4 साल का समय कांग्रेस को सत्ता में रहते हो गया, अब तक कोई जांच नहीं करवाई गई। पिछली वसुंधरा सरकार के घोटालों और भ्रष्टाचार की जांच के लिए ज्योतिबा फुले जयंती के उपलक्ष्य में मैं 11 अप्रैल को अपनी ही सरकार के खिलाफ जयपुर के शहीद स्मारक पर एक दिन का धरना और अनशन दूंगा।

## भारत में कोविड की नई लहर का खतरा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश में एक** बार फिर कोविड का प्रकोप बढ़ने लगा है। इसको लेकर सभी राज्यों की सरकार अलर्ट हो गई है। साथ ही, लगातार केन्द्र सरकार भी स्थिति पर नियंत्रण बनाए हुए है। इस पर विश्व स्वास्थ्य संगठन की दक्षिण-पूर्व एशिया की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. पूनम खेत्रपाल सिंह ने जोर देकर कहा है कि हमारी देश की आबादी में प्रतिरोधक क्षमता के घटते स्तर से नई कोविड लहरें पैदा हो सकती हैं। साथ ही, उन्होंने कहा कि इससे निपटने के लिए भारत को उच्च टीका कवरेज के साथ-साथ एक मजबूत निगरानी की आवश्यकता है। फिलहाल, देश में कोविड मामलों में वृद्धि सी तरह नजर आ रही है जैसे 2022 की शुरूआत में ओमिक्रॉन लहर के दौरान आखिरी बार देखा गया था।

## सुखोई-30 का बेड़ा अपग्रेड करने में रूस-यूक्रेन युद्ध का दिखा असर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**हिंदुस्तान** एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने 07 अप्रैल को मरम्मत और ओवरहालिंग करने के बाद 100वां सुखोई–30 एमकेआई लड़ाकू विमान भले ही वायु सेना को सौंप दिया है, लेकिन इस बेड़े को अपग्रेड करने में रूस–यूक्रेन युद्ध का असर साफ दिख रहा है। सुखोई के अपग्रेडेशन प्रोग्राम के तहत रूस से कलपुर्जों और प्रणालियों की आपूर्ति युद्ध की वजह से समय पर नहीं हो पा रही है। अब इसके बाद वायु सेना के ऑपरेशनल 260 विमानों में से 150 को पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट के अनुकूल 'सुपर सुखोई' के रूप में भी अपग्रेड किया जाना है। एचएएल ने 07 अप्रैल को 100वें सुखोई विमान का सिग्नल आउट सर्टिफिकेट (एसओसी) वायु सेना के असिस्टेंट चीफ ऑफ एयर स्टाफ (इंजी ए) एयर वाइस मार्शल सरीन को सौंपा। सुखोई को अपग्रेड करने का कार्य वायु सेना ने खुद अपने महाराष्ट्र के नासिक जिले के ओझर में स्थित 11 बेस रिपेयर डिपो (बीआरडी) में शुरू किया था। बीआरडी ने पहला सुखोई फाइटर जेट मरम्मत और ओवरहालिंग करके अक्टूबर, 2018 में वायु सेना की ऑपरेशनल स्क्वाड्रन को सौंपा था।

## 'संस्कृति व राष्ट्रीयता से परिपूर्ण शिक्षा ही सार्थक'

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**
**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि गुणवत्तापूर्ण, संस्कृति, संस्कार, परंपरा और राष्ट्रीयता से परिपूर्ण शिक्षा ही सार्थक होती है। समग्र व्यक्तित्व विकास के साथ विद्यार्थियों को शासन की योजनाओं की जानकारी देना भी शिक्षण संस्थाओं की जिम्मेदारी है। उनके सहयोग से युवा छात्र अपने भावी जीवन लक्ष्यों को हासिल कर सकता है। मुख्यमंत्री योगी रविवार को मानीराम स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) गोरखपुर के




स्थापना समारोह "अभ्युदय" को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना से जब पूरी दुनिया पस्त थी तब भारत नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लेकर आया। यह नीति शिक्षा संस्थाओं के लिए अनेक संभावनाओं के द्वार खोलती है। भारतीय मनीषा ने सदैव इस बात पर जोर दिया है कि ज्ञान को कहीं से भी अंगीकार किया जा सकता है। 20 युवाओं के समूह से अपनी मुलाकात का एक संस्मरण सुनाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षण के दौरान ही विद्यार्थियों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी जानी चाहिए।

**अभ्युदय**

= समग्र व्यक्तित्व विकास के साथ विद्यार्थियों को शासन की योजनाओं की जानकारी देना भी शिक्षण संस्थाओं की जिम्मेदारी है

**दो चरणों में चुनाव**


### चुनाव के दौरान 4.27 करोड़ वोटर प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे

## यूपीः निकाय चुनावों का ऐलान, 4 और 11 मई को वोटिंग

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में निकाय चुनाव का ऐलान कर दिया है। 4 मई को निकाय चुनाव की शुरूआत हो जाएगी, जो सिर्फ दो चरणों में होगी। पहले चरण में 4 मई को वोटिंग होगी जबकि 11 मई को दूसरे चरण का मतदान होगा। हर फेज में 9 मंडलों में चुनाव होगा। वहीं वोटों की गिनती 13 मई को होगी। चुनाव के दौरान 4.27 करोड़ वोटर प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश में चुनाव आचार संहिता भी लागू कर दी गई है। रविवार को राज्य




निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में निकाय चुनावों का ऐलान किया है। इसके तहत निर्वाचन अधिकारी पहले चरण की अधिसूचना 11 अप्रैल को और दूसरे चरण की अधिसूचना 17 अप्रैल को जारी करेंगे। नामांकन पत्रों का क्रय और जमा करने की तारीख पहले चरण के लिए 11 अप्रैल से 17 अप्रैल होगी। वहीं दूसरे चरण के लिए 17 अप्रैल से 24 अप्रैल तक होगी। निर्देश पत्रों की संवीक्षा पहले चरण के लिए 18 अप्रैल और दूसरे चरण के लिए 25 अप्रैल को होगी। नामंकन वापसी पहले चरण में 20 अप्रैल को और दूसरे चरण के लिए 27 अप्रैल को होगी। पहले चरण के लिए प्रतीकों का आवंटन 21 अप्रैल को किया जाएगा। दूसरे चरण के लिए प्रतीकों का आवंटन 28 अप्रैल को किया जाएगा। 14684 पदों पर निर्वाचन कराया जाएगा। 17 नगर निगम में जो चुनाव कराया जाएगा, वहां ईवीएम से कराया जाएगा। नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्ष और सदस्यों का चुनाव मतपेटिका से जरिए किया जाएगा। साल 2017 के मुकाबले इस चुनाव में मतदाताओं की संख्या बढ़ी है।



# हरियाणा में जीरो ड्रॉप आउट नीति पर किया जा रहा काम : कंवरपाल

## अगले वर्ष तक नहीं रहेगा एक भी बच्चा स्कूल से बाहर, हरियाणा में अगले वर्ष तक खुलेंगे 270 नए पीएम-श्री स्कूल



8 6 से 18 वर्ष आयु के करीब 48 लाख बच्चों के शिक्षा के स्टेटस को जानने के लिए ट्रैक किया जा रहा है

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
हरियाणा के स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने कहा कि प्रदेश में हर बच्चे को शिक्षा के माध्यम से देश की मुख्यधारा में लाने के लिए जीरो ड्रॉप आउट की नीति पर काम किया जा रहा है ताकि अगले वर्ष तक प्रदेश में कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर ना रहे। इसके लिए 6 से 18 वर्ष आयु के करीब 48 लाख बच्चों के शिक्षा के स्टेटस को जानने के लिए ट्रैक किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि हरियाणा में 2025 तक नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम-श्री) योजना के बारे में बताया कि इस योजना से अगले वर्ष तक प्रदेश के 135 खण्डों में दो-दो अर्थात कुल 270 पीएम-स्कूल खोले जाएंगे। हर खण्ड में यह मॉडल स्कूल होंगे और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार इन स्कूलों में बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बच्चों को संस्कार के साथ शिक्षा देने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति तैयार की गई है। जिसे देश भर में 2030 तक लागू करने का लक्ष्य रखा गया लेकिन हरियाणा में इसे 2025 तक पूरी तरह लागू कर दिया जाएगा।

**सरकारी स्कूलों में पढने वाले बच्चों को दिए साढ़े पांच लाख टेबलेटः** उन्होंने 21वीं सदी की शिक्षा प्रणाली का जिक्र करते हुए बताया कि समय के साथ चीजें बदलती हैं । हरियाणा में फाइव एस यानी शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वावलंबन व स्वाभिमान के साथ-साथ सुशासन को भी जोड़ा गया। जिसके बीते आठ वर्ष से अधिक समय में सकारात्मक परिणाम निकले।

देश में पहली बार सरकारी स्कूलों के बच्चों को टैक्नोलॉजी से जोडने के लिए दसवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों को साढ़े पांच लाख टेबलेट वितरित किए गए।

**क्लस्टर योजना में पढ़ाई के साथ स्किल डेवलपमेंट पर भी दिया जाएगा ध्यानः** उन्होंने हरियाणा में शिक्षा के तंत्र को विकसित बनाने के लिए एक अन्य महत्वपूर्ण कलस्टर योजना का जिक्र करते हुए बताया कि प्रदेश के हर चार-पांच गांवों का एक क्लस्टर बनाया गया है। जिसमें एक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ऐसा होगा जहां तीनों संकाय-कला, विज्ञान व वाणिज्य की पढ़ाई के साथ स्वरोजगार के लिए बच्चों के कौशल को भी विकसित किया जाएगा।

इसी तरह छात्राओं के शिक्षण संस्थानों तक आवागमन को सुरक्षित बनाने के लिए छापसु (छात्रा परिवहन सुरक्षा) योजना के तहत 150 नई बसें भी खरीदी गई है और हर संस्थान में छात्राओं के परिवहन के लिए एक-एक नोडल अधिकारी भी लगाया गया।

# एक किसान से एक दिन में अधिकतम 25 क्विंटल ही सरसों खरीदी जाएगी

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**प्रदेश** सरकार द्वारा यह नियम तय किया गया है कि एक दिन में एक किसान से 25 क्विंटल सरसों ही खरीदी जाएगी। वह भी उन्हीं किसानों की सरसों खरीदी जाएगी, जिन्होंने पोर्टल पर अपने आपको रजिस्टर्ड करवाया है। जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने सरकारी नियमों का हवाला देते हुए किसानों से कहा है कि मंडी में सरसों की फसल लेकर आ रहे किसान असुविधा से बचने के लिए एक दिन में निर्धारित मात्रा में ही फसल को लेकर आएं। उन्होंने यह भी कहा कि गेहूं को लेकर अभी ऐसी कोई अधिकतम सीमा निर्धारित नहीं की गई है। डीसी निशांत कुमार यादव ने जिला के किसानों से आह्वान किया कि अगर वे अपनी फसलों का अच्छा भाव लेना चाहते हैं तो वे फसल को सूखा कर ही मंडी में बेचने के लिए लेकर आएं। उन्होंने कहा कि मौसम खराब होने के चलते गेहूं की कटाई पूरी तरह से नहीं हो पा रही है। किसानों को गेहूं की कटाई में बार बार विघ्न पड़ रहा है। बेमौसमी बरसात के चलते किसानों की सरसों की फसलें भी प्रभावित हुई हैं। ऐसे में मंडी में फसल बेचने आ रहे किसानों की फसल में निर्धारित मात्रा से अधिक नमी पाई जा रही है। किसानों को निर्धारित मानकों के अनुसार सरसों व गेहूं का तय न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाएगा। सरकार द्वारा सरसों के लिए अधिकतम 8 प्रतिशत व गेहूं के लिए अधिकतम 12 प्रतिशत नमी की मात्रा निर्धारित की गई है। ऐसे में मंडी में फसल लेकर आ रहे किसानों को नमी की मात्रा के अनुसार ही संबंधित फसल का तय समर्थन मूल्य दिया जाएगा। इसलिए बेहतर होगा कि जिला के किसान अपनी फसलों को सूखा कर मंडी में लाएं।

# आईपीएल मैचों पर लगवा रहा था सट्टा, रेड कर किया काबू

**टीम एक्शन इंयिा/फतेहाबाद**
**आईपीएल** मैचों पर सट्टा बुकी चलाने के मामले में पुलिस ने शनिवार देर शाम को लाजपत नगर स्थित एक मकान में छापेमारी कर एक युवक को काबू किया है। पुलिस ने मौके से 5 मोबाइल फोन, सैट टॉप बॉक्स, एलईडी और 5 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। पकड़े गए युवक ने अपना नाम सुशील कुमार उर्फ शीलू निवासी लाजपत नगर फतेहाबाद बताया है। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना शहर फतेहाबाद के अंतर्गत आने वाली हुडा पुलिस चौकी की टीम एसआई रामेश्वर दास के नेतृत्व में शहर में गश्त कर रही थी तो उसे सूचना मिली कि लाजपत नगर में एक युवक अपने मकान में क्रिकेट बुकी चलाने का काम करता है और आईपीएल में मुम्बई इंडियन और चेन्नई सुपरकिंग के बीच चल रहे मैच पर सट्टा लगवा रहा है।

# न्योता घालने वालों को दिया जायेगा माकूल जवाब : किरण चौधरी

## पार्टी में गुटबाजी करने वाले भुगतेंगे इसका खामियाजा

**टीम एक्शन इंडिया**/भिवानी
पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस विधायिका किरण चौधरी ने कहा है कि मुझे न्यौता घालने वालों को माकू ल जवाब दिया जायेगा। चाहे वो फिर किसी भी दल का नेता क्यों ना हो। श्रीमती चौधरी अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में गुटबाजी पैदा करने वाले नेताओं को इसका खामियाजा खुद भुगतना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि आज पूरे प्रदेश में कांग्रेस के प्रति लोगों में भारी उत्साह है और ऐसे में सभी नेताओं को साथ लेकर चलना होगा। हाल ही में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा तोशाम हलके के दौरे के दौरान किरण चौधरी पर की गई टिप्पणी पर उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता सर्वोपरी है और जनता ही सबका फैसला करेगी। प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि आज समाज का प्रत्येक वर्ग सरकार से दुखी है। किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी सभी सरकार की नीतियों से तंग आ चुके हैं। किसानों की आय दो गुणा करने के दावे करने वाली प्रदेश सरकार के कार्यकाल में किसान बदहाल हो गया है। विकास पूरी तरह से ठप्प है। सडकों और सीवरेज व्यवस्था बदहाल है। आम उपभोक्ता से नान एनर्जी के नाम पर 2 हजार से भी अधिक प्रतिवर्ष वसूले जा रहे हैं। पीने के पानी व नहरी पानी की भारी किल्लत है। मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान नहरों में पानी छुड़वाया गया और उनके जाते ही पानी भी बंद हो गया है। उन्होंने क्षेत्र में पानी के स्थाई समाधान की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को लेकर बड़े बड़े दावे कर रही थी, लेकिन किसानों को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया गया है। किसानों की फसलें ओलावृष्टि से बर्बाद हो गई हैं और सरकार उन्हें मुआवजा देने की बजाये उन्हें केवल आश्वासन दे रही है। उन्होंने किसानों को 50 हजार रूपए प्रति एकड़ मुआवजा देने की भी मांग रखी। इसके साथ ही उनके छह माह का बिजली का बिल माफ करने के लिए कहा।



# निगम को लगा रहे थे चूना, हटाए अवैध यूनिपोल व विज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**नगर निगम** गुरुग्राम की सीमा में अवैध रूप से लगे हुए यूनिपोल व अन्य विज्ञापनों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत रविवार को भी अवैध विज्ञापन हटाने का अभियान जारी रहा। संयुक्त आयुक्त प्रदीप कुमार व विजय यादव के नेतृत्व में विज्ञापन शाखा की टीम ने गोल्ड सूक, सेक्टर-63, उल्लावास, तुलिप चौक, सेक्टर-109 सहित आसपास के क्षेत्रों में अवैध विज्ञापन हटाए। टीम ने गोल्ड सूक मॉल के ऊपर लगे वॉल रैप को हटाया। इसके साथ ही सेक्टर-63 व उल्लावास क्षेत्र में भी अवैध विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई की। टीम ने तुलिप चौक से 3 यूनिपोल हटाए, जबकि सेक्टर-109 व 110 क्षेत्र से विभिन्न बिल्डरों के 8 यूनिपोल को भी हटाया गया। नगर निगम आयुक्त पीसी मीणा द्वारा निगम क्षेत्र में अवैध विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए संयुक्त आयुक्त प्रदीप कुमार व विजय यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन दोनों अधिकारियों के नेतृत्व में विज्ञापन शाखा की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। अवैध विज्ञापनों के खिलाफ आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। नगर निगम द्वारा विज्ञापन का प्रदर्शन करने वालों को आगाह किया गया है कि वे बिना अनुमति के किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रदर्शित ना करें। विज्ञापन के लिए नियमानुसार अनुमति के लिए आवेदन करें तथा निर्धारित फीस का भुगतान करें।

अवैध विज्ञापनों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा तथा उन्हें हटाने में आने वाला खर्च व फीस की वसूली भी संबंधित से ही की जाएगी।



8 गोल्ड सूक, सेक्टर-63, उल्लावास, तुलिप चौक, सेक्टर-109 सहित आसपास के क्षेत्रों में अवैध विज्ञापन हटाए

# 'करोड़ों रूपए की लागत से शहर रेलवे स्टेशन का सौन्दर्यीकरण किया जाएगा'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला(मनीष कुमार)**
**अम्बाला** शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने अम्बाला शहर रेलवे स्टेशन के सौन्दर्यकरण के लिए रेल संचार एवं इलैक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री भारत सरकार अश्विनी वैष्णव द्वारा स्वीकृति दी जाने के लिए उनका धन्यवाद किया हैं। इस कार्य के तहत अब करोड़ों रूपए की लागत से शहर रेलवे स्टेशन का सौन्दर्यकरण किया जाएगा। विधायक असीम गोयल ने बताया कि 24 नवम्बर 2022 को उन्होनें अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र के तहत अम्बाला शहर रेलवे स्टेशन के सौन्दर्यकरण के लिए रेल मंत्री को पत्र लिखा था। इस पत्र के माध्यम से उन्होंने रेलवे स्टेशन का अपग्रेडेशन के साथ-साथ अपर क्लास प्रतिक्षालय का सौन्दर्यकरण करना, बैठने की उचित व्ययवस्थाएं करवाना, रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म को कोटा लगवाकर पक्का करवाना, रेलवे स्टेशन पर स्टील वाले बैंच लगवाने बारे, बुजुर्गो की सुविधा के लिए प्लेटफार्म बदलने के लिए रेलवे स्टेशन पर एस्केलेटर सीढियां लगवाने बारे, स्टेशन पर स्थित शौचालयों की मुरम्मत के साथ-साथ नया शौचालय बनवाने के साथ-साथ साईनबोर्ड लगवाने बारे, फुट ओवर ब्रिज बनाए जाने बारे, सकुर्लेटिंग व पार्किंग एरिया को मोडिफाईड किया जाना के साथ-साथ अन्य कार्य करवाने बारे आग्रह किया था, विधायक ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव द्वारा शहर रेलवे स्टेशन के सौदर्यकरण के लिए करोड़ो रूपए की राशि स्वीकृत किए जाने के लिए शहरवासियों की और से उनका धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि इन कार्यो के होने के बाद यात्रियों को और बेहतर सुविधा मिलेगी, वही स्टेशन का सौदर्यकरण होने से यहां की सुंदरता और बढ़ेगी। श्री गोयल से जब बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि भाजपा पार्टी का ध्येय है कि सभी जगहों पर समान रूप से विकास की गंगा बहे, आज पूरे हरियाणा में 90 विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्य हो रहे है। कोई भी क्षेत्र विकास कार्यो से अछूता नहीं है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में रेल मंत्री द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 15 स्टेशनों के सौन्दर्यकरण में अम्बाला शहर रेलवे स्टेशन को चुना गया हैं और अब इसके तहत यहां पर स्टेशन का कायाकल्प होगा। डीआरएम मनदीप सिंह भाटिया ने बताया कि उत्तर रेलवे की तरफ से अमृत भारत स्टेशन के तहत 15 स्टेशनों को विशेष रूप से डिवेल्पमेन्ट करने के लिए चिन्हित किया गया हैं। इन सभी स्टेशनों पर 15 से 20 करोड़ रूपए की राशि खर्च करते हुए स्टेशनों का सौन्दर्यकरण किया जाएगा।

8 उत्तर रेलवे की तरफ से अमृत भारत स्टेशन के तहत 15 स्टेशनों को विशेष रूप से डिवेल्पमेन्ट करने के लिए चिन्हित किया गया हैं

# किसान सावधानी से करें कृषि यंत्रों का प्रयोगः उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**उपायुक्त** डॉ. प्रियंका सोनी ने कहा कि खेत और कृषि कार्यों के दौरान दुर्घटना होने पर सरकार द्वारा किसानों और मजदूरों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना लागू की गई है। इसके तहत कृषि कार्यों के दौरान दुर्घटना में किसानों, व्यक्तियों तथा श्रमिकों की मृत्यु होने या शारीरिक अंग कट जाने पर मुआवजा राशि प्रदान की जाती है।

उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ केवल उन लोगों को मिलता है जो कृषि मशीनरी औजार, टूल्स, उपकरण, यंत्र तथा कुआं खोदने, ट्यूबवेल लगाने जैसे काम करते समय, जहरीली गैस, क्रेन, क्रैशर, कोल्हू, चारा काटने की मशीन, थ्रेसर का प्रयोग करते हुए दुर्घटना में मर जाते हैं या अंग भंग हो जाता है।

उपायुक्त डॉ0 प्रियंका सोनी ने बताया कि योजना के तहत कृषि कार्य के दौरान यदि किसी कृषक या मजदूर की मृत्यु हो जाती है तो मार्केट कमेटी पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि देता है। एक अंग कट जाने पर या चार उंगली कट जाने पर एक लाख 25 हजार रुपये, दो अंग भंग होने पर एक लाख 87 हजार पांच सौ रुपये तथा रीढ़ की हड्डी टूटने से व्यक्ति स्थायी तौर पर विकलांग हो जाता है तो उसे ढाई लाख रुपये की आर्थिक सहायता का प्रावधान है।



# आयुष पद्धति चिकित्सा प्रतिपूर्ति नीति मंजूर कराने के लिए डॉक्टरों ने विज का धन्यवाद जताया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा के आयुष मंत्री अनिल विज के प्रयासों से हरियाणा में आयुष चिकित्सा प्रतिपूर्ति नीति को मंजूरी मिली है जिसके तहत राज्य सरकार के कर्मचारियों, पेंशनधारकों और उनके आश्रितों को आयुष चिकित्सा पद्धति से ईलाज और दवाओं की प्रतिपूर्ति संभव हो सकेगी। यह बात रविवार प्रातः प्रदेश के विभिन्न जिलों से अम्बाला छावनी पहुंचे नेशनल इंटीग्रेटिड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) के डॉक्टरों ने आयुष मंत्री अनिल विज के समक्ष कही। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि आयुष मंत्री अनिल विज की दूरगामी सोच के तहत इस नीति से कर्मचारियों को लाभ होगा और इसके साथ ही आयुष पद्धति को भी बढ़ावा मिलेगा। कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को पास कराने के लिए उन्होंने मंत्री अनिल विज का हार्दिक धन्यवाद जताया। उन्होंने कहा कि मंत्री अनिल विज ने अपने कार्यकाल में देश की आयुष चिकित्सा पद्धति को जोरदार तरीके से बढ़ावा दिया है और आज विश्व का पहला आयुष विश्वविद्यालय हरियाणा में स्थापित किया जा रहा है। वहीं, आयुष मंत्री अनिल विज ने कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन विद्या है और इसको बढ़ावा देने के लिए कार्य किए जा रहे हैं ताकि हमें इसका भरपूर लाभ मिल सके। इस अवसर पर नेशनल इंटीग्रेटिड मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. आदित्य गर्ग, डा. केसी शर्मा, डा. गुलशन राय शर्मा, डा. दिनेश अग्रवाल, डा. एन शर्मा, डा. सुधीर गुप्ता, डा. आदर्श अग्रवाल, डा. अनिल लोगिंया, डा. अनिल दुरेजा, डा. वेद प्रकाश, डा. त्रेहन, डा. मनोज शर्मा, डा. प्रमोद मित्तल, डा. सुभाष मित्तल सहित बड़ी संख्या में विभिन्न जिलों से आए डॉक्टर मौजूद रहे।



# कांग्रेस पार्टी मौका देगी तो वे गन्नौर हलके के लोगों की सेवा करेंगेः त्यागी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**कांग्रेस** नेता एवं त्यागी समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश त्यागी ने कहा कि वे इनेलो में दो बार हल्काध्यक्ष रहे। उसके बाद वे भाजपा में शामिल हुए थे। हलके के लोगों का उनसे प्यार है। लोग उनसे काम कहते थे लेकिन काम नही हुए तो उन्होंने कांग्रेस को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा के नेतृत्व में पार्टी में शामिल हो गए है। त्यागी ने कहा कि सरपंच व किसान अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर बैठे है। वे कांग्रेस में हलके के लोगों की पूरी मेहनत से लोगों की सेवा करेंगे। आने वाला समय पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा का है। आज किसान जहां फसल बेचने में परेशान है। वहीं हुड्डा राज में नारा लगा था कि हुड्डा तेरे राज में, जिरी गई जहाज में, हुड्डा राज में किसान ने तरक्की है। मजदूर, व्यापारी वर्ग परेशान है। गन्नौर हलके की जनता ने उनसे कांग्रेस में शामिल होने की अपील की तो वे हलके के लोगों की भावनाओं को देखते हुए कांग्रेस में शामिल हुए है। त्यागी ने कहा कि प्रदेश की जनता ने जजपा को भाजपा के विरोध में उन्हें 10 सीट देने का काम किया था लेकिन वे बनने के बाद भाजपा में चले गए तो लोग खुश नही है। कांग्रेस में शामिल हुए जजपा जिलाध्यक्ष पदम सिंह दहिया भी लोगों की भावनाओं को देखते हुए कांग्रेस में शामिल हुए है।

# खेल नर्सरियों के लिए आवेदन 12 अप्रैल तक

**पानीपत:** जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप सिंह रेढू ने बताया कि खेल विभाग द्वारा खेल नर्सरियां सरकारी तथा निजी शिक्षण संस्थाओं तथा निजी खेल संस्थाओं (निजि खेल अकादमियों, निजि खेल प्रशिक्षण केन्द्र आदि ) को अलॉट की जानी है। इच्छुक सरकारी और प्राइवेट शिक्षण संस्थाएं, निजी खेल संस्थाओं तथा राजीव गांधी खेल परिसरों में खेल नर्सरी चलाने के इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन पत्र 12 अप्रैल तक जिला खेल अधिकारी पानीपत के कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।

# पानीपत के किसान भवन के टिंकू देशवाल कुराड़ बने प्रधान

## -पानीपत जिलाभर के किसानों ने महापंचायत में मौजूदा प्रधान सोनू मालपुरिया को हटाया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत** किसान भवन के प्रधान पद के कायार्काल को लेकर पिछले कई दिनों से चल रहा विवाद रविवार को समाप्त हो गया। प्रधान के कायार्काल को लेकर रविवार को किसान भवन में महापंचायत हुई, जिसमें भारी संख्या में किसानों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता मांगे राम घनघस बांध ने की और मंच संचालन संदीप सिंगरोहा ने किया। पंचायत में सभी किसान नेताओं ने कहा कि किसान भवन के प्रधान का कायार्काल पहले से चल रही परंपरा के अनुसार दो वर्ष का ही रहेगा और किसान भवन के प्रधान का कायार्काल बढ़ाकर किसी को भवन पर कब्जा करने नहीं देंगे। अगली बार बापौली व सनौली ब्लाक से ही प्रधान चुना जाएगा। वहीं महापंचायत में किसान भवन की देखरेख के लिये एक 51 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। वहीं महापंचायत में जिलाभर के किसानों ने सर्वसम्मति से फैसला लेकर मौजूदा जिला प्रधान सोनू मालपुरिया को उसके पद हटा दिया गया। हालांकि सोनू का कायार्काल अभी करीब तीन माह बाकि था। वहीं 51 सदस्यीय कमेटी का गठन करने के उपरांत बापौली व सनौली ब्लाक के किसानों की अलग से बैठक हुई। जिसमें टिंकू देशवाल कुराड़ को भाकियू का जिला प्रधान एवं पानीपत किसान भवन का प्रधान चुन लिया गया। जबकि सुरजभान व नदीम गुर्जर को उप प्रधान चुना गया है। किसान भवन का नवनियुक्त प्रधान टिंकू देशवाल सोमवार को अपना पदभार ग्रहण करेंगे। किसान भवन में आयोजित महापंचायत को जिला परिषद के वाईस चेयरमैन आर्य सुरेश मलिक रिसालु, भाकियू के पूर्व जिला प्रधान जयकरण कादियान, सुरेश दहिया, कुलदीप बलाना, चूहड़ सिंह रावल व सुखबीर आटा, मलिक खाप के प्रधान राजकुमार मलिक, गुर्जर सभा के जिला प्रधान कर्ण सिंह पसीना, कांग्रेस नेता महेंद्र सिंह कादियान, पूर्व सरपंच खुशदील कादियान,जगबीर नेता जी बबैल, पूर्व उपप्रधान बिंटू मलिक उग्राखेड़ी, पानीपत सब्जी मंडी के प्रधान रमेश मलिक, पूर्व ब्लाक प्रधान तेजपाल ऊझा, भट्ठा एसोसिएशन के ब्लाक प्रधान राजेंद्र जागलान इसराना, जिला परिषद प्रतिनिधि जस्सा कादियान, पूर्व महासचिव रिशीपाल नांदल, सतनरायण बांगड़, दयानन्द राठी गांजबड़ व जयपाल कुराना और भाकियू चढ़ूनी के जिला प्रधान सुधीर जाखड़, हरिंद्र राणा आदि ने संबोधित किया। किसान भवन में प्रशासन की तरफ से नायब तहसीलदार बलवान मलिक डयूटी मजिस्ट्रेट के रूप में मौजूद रहे और माडल टाउन थाना प्रभारी महीपाल भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

8 प्रधान के कायार्काल को लेकर रविवार को किसान भवन में महापंचायत हुई, जिसमें भारी संख्या में किसानों ने भाग लिया



# जमानत दिलवाने की एवज में 7,000 रुपये की रिश्वत लेता सब-इंस्पेक्टर रंगे हाथ गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**हरियाण**ा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने सिरसा के कालांवाली थाने में तैनात एक उपनिरीक्षक (एसआई) को 7 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के प्रवक्ता ने आज यहां यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि आरोपी पुलिस अधिकारी की पहचान भाल सिंह के रूप में हुई है। आरोपी पुलिस अधिकारी कालांवाली पुलिस थाने में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में गिरफ्तार किए गए शिकायतकर्ता के दोस्त को जमानत दिलाने के एवज में 15000 रुपये की मांग कर रहा था। कालांवाली के गांव दादू निवासी गुरविन्द्र सिंह की शिकायत पर कालांवाली थाने में तैनात सब-इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया गया। शिकायतकर्ता द्वारा एसीबी में दी शिकायत में आरोप लगाया गया कि कालांवाली थाने में पहले से दर्ज एक मामले में आरोपित पुलिस अधिकारी जमानत दिलवाने के एवज में 15000 रुपये मांग रहा है। आरोपी 8000 रुपये पहले ले चुका था। शिकायत मिलने उपरांत तथ्यों की जांच के बाद एसीबी की एक टीम गठित की गई जिसने जाल बिछाया और आरोपी सब-इंस्पेक्टर को 7000 रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथों पकड़ा।




# 'गरीब व जरूरतमंदों का सरकार पर पहला हक'

**2.30 लाख परिवारों के राशन कार्ड दोबारा बनाये गए, मुख्यमंत्री ने ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऐसे परिवारों के साथ किया सीधा संवाद, लाभार्थियों ने दोबारा राशन कार्ड बनाने पर मुख्यमंत्री का किया धन्यवाद**

**8 अब इस योजना का स्वरूप अन्य सभी विभागों को भेज दिया जाएगा। कलेक्टर रेट के आधार पर यह फीस तय की जाएगी**

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार गरीब व जरूरतमंदों की सरकार है। हम उनके कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इनका सरकार पर पहला हक है और प्रदेश सरकार कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित कर रही है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि परिवार पहचान पत्र में आय से संबंधित त्रुटियों के कारण जिन परिवारों के राशन कार्ड कट गए थे, उनमें से 2.30 लाख परिवारों के राशन कार्ड दोबारा बनाये गए हैं। मुख्यमंत्री आज ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऐसे परिवारों से सीधा संवाद कर रहे थे। संवाद कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि सरकार की पारदर्शी नीति से पात्र नागरिक को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। लाभार्थियों ने कहा कि राशन कार्ड कटने पर शिकायत दर्ज करवाने पर जिस प्रकार त्वरित कार्रवाई कर उनके राशन कार्ड दोबारा बनाये गए, उससे सरकार की नागरिकों के प्रति जवाबदेही और संवेदनशीलता को दर्शाता है। अब हमें लगता है कि हमारी चिंता करने वाली भी हमारी ही सरकार है।



## साढ़े 12 लाख नए राशन कार्ड बनाये: सीएम मनोहर

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि हमारे पास शिकायतें आती थी कि पात्र लोगों के राशन कार्ड नहीं बने हैं और अपात्र लोग कई प्रकार के लाभ लेते हैं। इसके लिए वर्तमान राज्य सरकार ने एक नया प्रयोग शुरू किया और प्रदेश के लगभग 72 लाख परिवारों का परिवार पहचान पत्र बनाया। कई टीमें लगाकर परिवारों का सर्वे कराया। इतना ही नहीं, पहले बीपीएल की आय पात्रता सीमा 1 लाख 20 हजार रुपये वार्षिक होती थी, जिसे हमने बढ़ाकर 1 लाख 80 हजार रुपये किया। इन सब प्रक्रियाओं के बाद परिवार पहचान पत्र के माध्यम से ऑटोमेटिक राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू की और जनवरी माह में लगभग साढ़े 12 लाख नए राशन कार्ड बने हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने खाकी राशन कार्ड यानी ओपीएच श्रेणी को समाप्त कर इसे भी बीपीएल कार्ड की श्रेणी में जोड़ लिया। अब केवल पात्र लोगों को ही सरकारी सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

**हमारी नीति और नीयत साफ है: सीएम**

मनोहर लाल ने कहा कि धीरे-धीरे यह भी ध्यान में आया कि कुछ परिवार जो पहले बीपीएल श्रेणी में थे, वे परिवार संपन्न हो गए। कुछ परिवार ऐसे मिले, जिनके परिवार में किसी न किसी सदस्य को नौकरी मिल गई और कुछ परिवारों ने पिछले 3 साल में इनकम टैक्स रिटर्न भरी है और इनकम टैक्स का भुगतान किया है। इस प्रक्रिया के बाद सरकार को शिकायतें प्राप्त हुई कि उनका राशन कार्ड गलत कट गया है। इस समस्या के समाधान के लिए जनवरी, 2023 में ही नागरिकों से पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवाने का अनुरोध किया गया। शिकायतें प्राप्त होने के बाद सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण करके लगभग 2.30 लाख परिवारों के राशन कार्ड दोबारा बनाये गए और उन्हें जनवरी माह का राशन भी प्रदान किया गया।

**जिस दिन आय 1 लाख 80 हजार रुपये से अधिक हो जाएगी, उसी दिन स्वयं सरकार से मिलने वाले सारे लाभ छोड़ दूंगा- लाभार्थी:** मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि जिन परिवारों की आर्थिक रूप से संपन्न हो जाए, ऐसे परिवार स्वेच्छा से सरकारी लाभ को छोड़ दें, ताकि जरूरतमंद परिवार को इसका लाभ मिल सके। इस आह्वान का असर उस समय देखने को मिला जब अंबाला निवासी अजय कुमार, जो पेशे से मैकेनिक हैं, ने कहा कि जिस दिन उसकी आय 1 लाख 80 हजार रुपये से अधिक हो जाएगी, उसी दिन वह स्वयं ही सरकार से मिलने वाले सारे लाभ छोड़ देगा। एक अन्य लाभार्थी गांव पिचोपा खुर्द, जिला चरखी दादरी निवासी दलीप सिंह ने बताया कि उनका बीपीएल कार्ड तो बन गया, लेकिन आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत चरखी दादरी के उपायुक्त को संबंधित का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, प्रेम नगर, हिसार निवासी भीम सिंह ने भी अपने बीपीएल कार्ड दोबारा बनने पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया और कहा कि अब गरीबों की अच्छी सुनवाई होने लगी है।

## अति गरीब परिवारों के कल्याण के लिए चलाई जा रही कई योजनाएं



**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अति गरीब परिवारों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रदेश के अति गरीब परिवारों, जिनकी आय 1 लाख रुपये सालाना से कम है, उनके आर्थिक उत्थान के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना चलाई है। इसके तहत ऐसे परिवारों के सदस्यों को स्वरोजगार के लिए ऋण मुहैया करवाये जा रहे हैं। इसके अलावा, आयुष्मान भारत योजना के तहत केंद्र सरकार के मानदंडों के अनुसार प्रदेश के साढ़े 15 लाख परिवारों को 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया गया। इस योजना का दायरा बढ़ाते हुए हरियाणा सरकार ने चिरायु हरियाणा योजना शुरू की और आज लगभग 32 लाख परिवारों को आयुष्मान योजना का लाभ मिल रहा है।

**निजी अस्पतालों में भी नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण की योजना:** मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने नागरिकों के स्वास्थ्य देखभाल को सुनिश्चित करने के लिए निरोगी हरियाणा योजना बनाई है। इस योजना के तहत लगभग 1 करोड़ से अधिक नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। अभी तक साढ़े 4 लाख लोगों का टेस्ट किया जा चुका है। सभी अस्पतालों, सीएचसी और पीएचसी पर स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। आने वाले समय में निजी अस्पतालों, लेबोरेटरी के साथ समझौता किया जाएगा, ताकि नागरिकों के टेस्ट जल्द किए जा सकें।

इससे किसी भी बीमारी का पता पहले ही लग जाएगा और उसका इलाज समय पर किया जा सकेगा।

इस अवसर पर हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विकास गुप्ता, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निदेशक मुकुल कुमार, मंडल आयुक्त आरसी बिढान, पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन, उपायुक्त निशांत यादव, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अमित आर्य और सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त निदेशक (प्रशासन) गौरव गुप्ता उपस्थित थे।

# खेल व खिलाड़ियों को खत्म करने की साजिश : कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार प्रदेश से खेल व खिलाड़ियों को जड़ से खत्म करने की साजिश रच रही है। सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों को मिलने वाले कोटे को खत्म करने का षड्यंत्र रचने वाले अब हिसार के साई सेंटर व भिवानी के बॉक्सिंग सेंटर के बंद होने का चुपचाप तमाशा देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेलों व खिलाड़ियों की बदौलत हरियाणा के नाम का डंका देश-विदेश में बज रहा है, लेकिन यह गठबंधन सरकार को हजम नहीं हो रहा है। सेंटर बंद होने को लेकर कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को पत्र भी लिखा है। रविवार को जारी बयान में कुमारी



सैलजा ने कहा कि हिसार स्थित एचएयू में चल रहा साई का हॉकी सेंटर व भिवानी में चल रहा बॉक्सिंग सेंटर बंद करने का फरमान जारी हो चुका है। ये सेंटर देश की नेशनल टीमों के लिए अभी तक 100 से अधिक खिलाड़ी तैयार कर दे चुके हैं। देश की हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया हिसार की ही निवासी हैं। इसके बावजूद यहां का सेंटर बंद करने का फैसला हैरान करने वाला है। पूर्व मंत्री ने कहा कि बॉक्सिंग में भिवानी से तैयार होने वाले खिलाड़ियों के कारण ही इस शहर को मिनी क्यूबा की संज्ञा दी जाती है।

प्रतियोगिता नहीं होती, जब भिवानी के बॉक्सर मेडल जीतकर देश का नाम पूरी दुनिया में रोशन न करते हों। फिर भी हिसार व भिवानी के सेंटर बंद करने के निर्णय पर गठबंधन सरकार की चुप्पी खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों का मनोबल तोड़ने वाली है।

# डेरा मुखी की मुंहबोली बेटी से मांगी 50 लाख की फिरौती

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम की मुंहबोली बेटी हनीप्रीत से वॉट्सऐप के जरिए 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई है। खुद को लारेंस बिश्नोई का गुर्गा बताने वाले आरोपित प्रदीप को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार करके दो दिन की रिमांड पर लिया है। एएसपी दीप्ति गर्ग ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम की मुंहबोली बेटी हनीप्रीत से पांच अप्रैल को व्हाट्सएप के माध्यम से 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई थी। एएसपी ने बताया कि हनीप्रीत ने थाने में आकर शिकायत दी थी। हनीप्रीत ने बताया कि 5 अप्रैल को व्हाट्सएप के माध्यम से मेरे मोबाइल नंबर पर मैसेज आया कि वह लॉरेंस बिशनोई ग्रुप

**8 मुंहबोली बेटी हनीप्रीत से पांच अप्रैल को व्हाट्सएप के माध्यम से 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई थी**

ने चार लोगों को टारगेट किया है, जिसमें आपका भी नाम है। आप मुझे 50 लाख रुपये दे दो, न देने की सूरत में जान से मारने की धमकी दी गई थी। उन्होंने बताया कि जब यह मामला एसपी उदय सिंह मीणा के संज्ञान में आया, तो उन्होंने थाना सदर सिरसा में केस दर्ज कर सीआईए सिरसा व सदर सिरसा की पुलिस टीमों का गठन करके जांच के आदेश दिए। संयुक्त पुलिस टीमों ने फिरौती मांगने वाले प्रदीप को मंडी डबवाली से गिरफ्तार कर लिया है।

# सरकार किसानों के साथ, हर सम्भव मदद दी जाएगी: जेपी दलाल

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

**हरियाणा** के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि प्रदेश के किसानों पर जो प्रकृति की मार पड़ी है। उससे किसान संकट में है। सकंट की इस घड़ी में सरकार किसानों के साथ खड़ी है। किसानों के नुकसान की भरपाई के लिए हर संभव मदद दी जाएगी। कृषि मंत्री पटौदी स्थित आश्रम हरि मंदिर संस्कृत महाविद्यालय के तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फसलों के नुकसान के आंकलन के लिए व्यापक स्तर पर गिरदावरी का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित वे स्वयं भी



विभिन्न जिलों में जाकर नुकसान का जायजा ले रहे हैं। जेपी दलाल ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में निरन्तर जनसेवा के कार्य किए जा रहे हैं। अंत्योदय के भाव के साथ बनाई जा रही सरकारी नीतियों में पूरी पारदर्शिता के साथ समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। कृषि मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा एक हरियाणवी एक की भावना के साथ प्रदेश के सभी जिलों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारी निःस्वार्थ सेवा का ही परिणाम है कि प्रदेश की जनता ने वर्ष 2019 में हमें फिर से जनसेवा का आशीर्वाद दिया है।

# पूर्व सीएम हुड्डा की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बचे



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

**जिले के म**तलोढ़ा गांव के पास पूर्व मुख्यमंत्री एवं विपक्ष के नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। काफिले के आगे अचानक नीलगाय आने से यह हादसा हुआ। हादसे में उनकी गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और वे बाल-बाल बच गए। बाद में उन्हें दूसरी गाड़ी से भेजा गया। विपक्ष के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के रविवार को हिसार जिले में कई कार्यक्रम हैं। वे जिले के गांव घिराय में वर्ल्ड महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप की विजेता स्वीटी बूरा के स्वागत समारोह में जा रहे थे कि यह हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि उनका काफिला गंतव्य को जा रहा था कि अचानक नीलगाय आ गई। नीलगाय सामने आते ही गाड़ी चालक ने अचानक ब्रेक लगाए लेकिन इस दौरान नीलगाय उनकी गाड़ी से टकरा गई। गाड़ी के एयरबैग खुल गए, जिस कारण वे बाल-बाल बच गए लेकिन गाड़ी का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बाद में वे दूसरी गाड़ी से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे,और कार्यक्रम में हिस्सा लिया। स्वीटी ने हाल ही में दिल्ली में आयोजित बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 81 किलोभार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता था। स्वीटी मैडल जीतने के बाद पहली बार हिसार आ रही है जिनका उसके पैतृक गांव घिराय में ग्रामीण स्वागत करेंगे। इसके अलावा कई हरियाणवी सिंगर भी इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। स्वीटी को हांसी फोरलेन से लेकर गांव घिराय तक स्वागत करते हुए लेकर आया जाएगा। स्वागत कार्यक्रम में बूरा खाप व आसपास की पंचायत के साथ सरपंच व अन्य लोग पहुंचेंगे।

# मैट्रीमोनियल साइट पर फ्रॉड करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

**मैट्रीमोनियल** साइट पर झूठे प्रोफाइल बनाकर लोगों को शादी का झूठा झांसा देकर फ्रॉड करने वाले एक गिरोह का साइबर थाना सेंट्रल पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए दो नाइजीरियन सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ ने रविवार को प्रेस वार्ता के दौरान इस बारे जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी में एंथोनी ओबियोरा, ओबिन्ना यूजीन ओरलुमा व एक भारतीय आरोपी राहुल नारंग शामिल है। आरोपी एंथोनी ओबियोरा व ओबिन्ना यूजीन ओरलुमा नाइजीरियन है। सभी आरोपी फिलहाल दिल्ली में रह रहे थे। इसी तरह आरोपियो ने



मैट्रीमोनियल साईट पर शादी का झांसा देकर फरीदाबाद की निवासी एक महिला से 10 लाख 52 हजार रुपये धोखाधडी से हडप लिये। पीड़ित महिला की मुलाकात आरोपी आभट वर्मा से भारत मेट्रोमोनियल साइट पर हुई थी। जहां पर आरोपी ने अपने आपको लंदन का रहने वाला बताया। उसे दोस्ती कर ली तथा उसे अपने प्यार के जाल में फंसा लिया। इसके पश्चात आरोपी ने मिलने के लिए मुंबई भारत आने के बात कही। कुछ समय पश्चात आरोपी लडके ने पीड़िता महिला को फोन करके बताया कि 10 जनवरी 2023 को मुम्बई इंडिया आपसे मिलने आ रहा हूँ। उसके बाद अगले दिन पिडिता महिला के पास कई अलग-अलग नम्बरों से कस्टम, इन्कमटैक्स, मनी लोन्डरिंग और मनी ट्रान्सफर अधिकारी बनकर फोन आने लगे और फ्रॉडकर्ता ने कहा कि मुझे कस्टम अधिकारियों ने मुम्बई एयरपोर्ट पर पकड़ लिया है क्योंकि मेरे पास कुछ ज्वेलरी व लंदन करंसी है , आप जब तक मुझे 05 लाख रूपए नही भेजोगी तब तक मुझे कस्टम , इन्कमटैक्स , मनी लोन्डरिंग और मनी ट्रान्सफर अधिकारियों द्वारा क्लीयरेंस नही मिलेगा,जो इस से पिडिता से टुकड़ों में 10,52000/- रूपए साइबर ठगों द्वारा ठग लिए।

# प्रदेश में 15 तक खुश्क रहेगा मौसम, बढ़ेगी गर्मी

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

बेमौसमी बरसात, ओलावृष्टि व अंधड़ के बाद गर्मी ने दस्तक दे दी है। प्रदेश का मौसम अब करवट लेने वाला है और आगामी दिनों में दिन का तापमान बढ़ेगा जिससे गर्मी बढ़ने का अंदेशा है। हिसार स्थित हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डा. एमएल खिचड़ ने रविवार को बताया कि अब प्रदेश में गर्मी दस्तक देने वाली है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 15 अप्रैल तक मौसम आमतौर पर खुश्क रहने की संभावना है। इससे पहले 11 से 13 अप्रैल के दौरान बीच-बीच में हल्के बादल तथा सतही हवाएं चलने की संभावना है लेकिन इस दौरान विशेषकर दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल के बाद पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से राज्य के ज्यादातर क्षेत्रों में मौसम में बदलाव आना संभावित है। पिछले दिनों प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में बेमौसमी बरसात व ओलावृष्टि हुई थी।

# किसान एवं कमेरे वर्ग के मसीहा थे चौधरी छोटूराम: कमलेश ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

**हरियाणा** की महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि रहबरे आजम चौधरी छोटूराम महान मानव थे और वे वास्तव में किसान एवं कमेरे वर्ग के मसीहा थे। हमेशा दिशाहीन एवं कमजोर व्यक्ति के हित की लड़ाई लड़ी तथा जनसाधारण में अपने अधिकारों के प्रति चेतना पैदा की। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री रविवार को जाट धर्मशाला जींद में आयोजित चौधरी छोटूराम जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रही थी। कमलेश ढांडा ने

**8 हमेशा दिशाहीन एवं कमजोर व्यक्ति के हित की लड़ाई लड़ी तथा जनसाधारण में अपने अधिकारों के प्रति चेतना पैदा की**

कहा कि किसानों के मसीहा छोटूराम सच्चे अर्थों में दीनबंधु थे और जन चेतना एवं अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान आजादी के माहौल में हर राजनेता किसान हित की बात करता है, जबकि दीनबन्धु छोटूराम ने विपरीत राजनीतिक हालात एवं ब्रिटिश हुकूमत के साथ किसान एवं आमजन की भलाई के लिए लंबा संघर्ष किया। राज्य मंत्री ने दीनबंधु छोटू राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पुष्प अर्पित किए और जाट धर्मार्थ ट्रस्ट को स्वैच्छिक कोष से 11 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में उनके द्वारा किए गए कार्यो से भी प्रेरणा लेनी चाहिए। जन सेवा और किसान कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले सर छोटू राम ने केवल देश के अन्नदाताओं के अधिकारों के लिए संघर्ष नहीं किया बल्कि मजदूरों और शोषित की भी आवाज बने समाज के उत्थान में उनका योगदान सदैव याद रहेगा। अंग्रेजों के शासनकाल में उन्होंने किसानों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी और इसी वजह से किसान उन्हें अपना मसीहा मानते थे। आज किसानों को उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढने की जरूरत है। महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल निरंतर किसान, कमेरे, मजदूर तबके को आर्थिक तौर पर मजबूत बनाने में लगे हुए हैं। किसान को आर्थिक तौर पर मजबूत बनाने के लिए अच्छी क्वालिटी का बीज, फसल के उचित दाम, प्राकृतिक आपदा के समय में होने वाले नुकसान की भरपाई करने की व्यवस्था पिछले 9 साल से की जा रही है। दीनबंधु छोटूराम जी ने समाज में बदलाव के लिए आवाज उठाई थी। आज हमारी सरकार उनके दिखाए रास्ते पर निरंतर कदम आगे बढा रही है। इस अवसर पर विधायक डॉ कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि दीनबंधु सर छोटूराम ने जो सपना जनसेवा का देखा था उसे केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से पूरा किया जा रहा है।



# स्कूल में की गई नए ऑडिशन की शुरूआत

## श्री सुखमनी साहिब जी का पाठ और कीर्तन समारोह का हुआ आयोजन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। रेलवे रोड पर** स्थित सिख पंथ की विरासत गुरु नानक खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शेखुपुरा में एजुकेशन सोसायटी, स्कूल प्रबंधन समिति और स्कूल स्टाफ द्वारा इस साल के नए एडिशन की शुरूआत के लिए श्री गुरुग्रंथ साहिब जी की हजूरी में श्री सुखमणि साहिब जी के पाठ किए गए और श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के समक्ष अरदास प्रार्थना कर बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की गई। इस समागम में कीर्तन, कथा, गुरमत विचार व गुरबानी सिमरन कर नए सेमेस्टर की शुरूआत की गई। श्री गुरुग्रंथ साहिब जी की उपस्थिति में 2022 व 23 के ऑडिशन में प्रथम आने वाले बच्चों को प्रबंध समिति के अध्यक्ष बलविंदर सिंह संधू, उपाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह व बाबा सुखा सिंह की ओर से शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बाबा सुखा सिंह कार सेवा को सिरोपा व साल भेंटकर सम्मानित किया।

इस कीर्तन समारोह में भाई तजिंदर सिंह खालसा ने रसभिन्ना कीर्तन किया, भाई सूबा सिंह ने गुरबाणी विचार किए और भाई मेजर सिंह ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की उपस्थिति में अरदास कर के नए सेमेस्टर की शुरूआत के लिए श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी से आज्ञा ली। समारोह में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बाठला बतौर गणमान्य व्यक्ति पहुंचे, जिन्हें प्रबंधन समिति ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब की उपस्थिति में सिरोपा व शाल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में तरलोचन सिंह, अमरीक सिंह डाबरी, हरजीत सिंह लाडी, गुरनाम सिंह रामगढिया, महेंद्र सिंह सिघारी, जत्थेदार दविंदर सिंह काला, सुखबीर सिंह सरा, ज्ञान सिंह चावला, जसवीर सिंह गुलाटी, दर्शन सिंह सहगल, जसपाल सिंह जबल, गुरनाम सिंह खालसा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिनको स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा सिरोपा देकर सम्मानित किया गया।

स्कूल की प्रिंसिपल हरमीत कौर ने बताया कि आज से स्कूल में नया एडिशन शुरू किया गया है, जिसको लेकर वह बच्चों के उज्जवल भविष्य को लेकर बाबा सुखा सिंह कार सेवा वाले की देखरेख में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की रहनुमाई में सुखमनी साहिब जी का पाठ किया। उन्होंने कहा कि जब से इस स्कूल की नई प्रबंधन समिति बनी है, तब से स्कूल नई ऊंचाइयों पर पहुंचने लगा है और स्कूल में बच्चों की संख्या में इजाफा हुआ है।

इंद्रपाल सिंह ने कहा कि हम सभी सिख संगठनों से अनुरोध करते हैं यह स्कूल सिखों की सिखों की एक विरासत है। अपनी विरासत को बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। बाबा सुखा सिंह कार सेवा वालो की देखरेख में स्कूल का पूरा प्रबंधन चल रहा है और जल्द ही बाबा सुखा सिंह कार सेवा वालो की देखरेख में स्कूल में नए भवन का निर्माण किया जाएगा, जिसके प्रयास किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर गुरु के अटूट लंगर बरताए गए। बच्चों में संतों ने मिलकर बड़ी श्रद्धा से गुरु के लंगर को ग्रहण किया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने की आत्महत्या

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** गांव बाल रागड़ान के युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मुनक थाना प्रभारी मुकेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा जाएगा। फिलहाल युवक के सुसाइड करने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। मृतक की पहचान सुनील कुमार के रूप में हुई है। प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि सुनील कई दिनों से मानसिक रूप से परेशान था। इसी वजह से उसने यह कदम उठाया है।

युवक द्वारा आत्महत्या करने की घटना से आसपास के एरिया में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते घर के बाहर ग्रामीण पहुंचना शुरू हो गए। आत्महत्या की सूचना पुलिस को भी दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और आकर शव को अपने कब्जे में ले लिया था।

## पौष्टिक आहार के लिए मोटा अनाज का सेवन जरूरी: अनीश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया उपायुक्त** अनीश यादव ने आमजन से आह्वान किया है कि वे मोटे अनाज यानि श्री अन्न को अपनी डेली डाइट में शामिल करें। मिलेट्स यानी मोटा अनाज सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। मिलेट्स, गेहूं और मक्का की तुलना में, पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, और ग्लूटेन फ्री भी होते हैं, इनका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, इनमें उच्च मात्रा में डाइटरी फाइबर, सभी आवश्यक अमीनो एसिड, विटामिन और मिनरल्स के साथ प्रोटीन भी होता है और इसके कारण ये ब्लड ग्लूकोज लेवल को मेंटेन करते हैं। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि केंद्र सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई घोषणा के अनुसार वर्ष 2023 अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। केंद्र सरकार का उद्देश्य लोगों को मिलेट्स के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूक करना है ताकि हर देश, इलाके के लोग इसे अपनी डाइट में शामिल करें और मिलेट्स के लिए किसानों को अच्छा बाजार और अच्छे दाम मिल सकें। उपायुक्त ने बताया कि मिलेट्स खाने से वजन कम करने में मदद मिलती है। मिलेट्स, एंटीऑक्सीडेंट्स का अच्छा स्त्रोत हैं जिसमें बीटा-ग्लूकेन्स, फ्लेवोनोइड्स, एंथोसायनिडिन, टैनिन, लिग्नन्स और पोलिकोसैनोल शामिल हैं। ये एंटीऑक्सिडेंट एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और आर्टरीज को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करते हैं मिलेट्स में अच्छी मात्रा में डाइटरी फाइबर होने से डाइजेस्टिव सिस्टम अच्छा होता है. इससे कब्ज, पेट फूलना, सूजन, ऐंठन जैसी परेशानियां कम से कम होती हैं।

## न्यूज फ्लैश

### कोविड-19 के संदर्भ में नई गाईडलाईन जारी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए कोविड-19 के संदर्भ में नई गाईडलाईन जारी की है। इन आदेशों में सभी सरकारी कार्यालयों, मॉल तथा सार्वजनिक स्थलों पर मास्क लगाना अनिवार्य किया गया है। किसी भी प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन] जिसमें 100 से अधिक लोगों की सहभागिता हो वहां भी मास्क पहनना जरूरी रहेगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मास्क पहनने के साथ-साथ कोविड-19 से बचाव के लिए सामाजिक दूरी बनाए रखने तथा बार-बार हाथ धोने की भी हिदायत दी गई है, ताकि कोरोना के संक्रमण को फैलने से रोका जा सकें।

### रविवार को करनाल में मिले 13 नये कोरोना पॉजिटिव केस: डॉ. योगेश कुमार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सिविल सर्जन डॉ. योगेश कुमार ने बताया कि रविवार को जिला में कोरोना के 13 नये पॉजिटिव केस मिले हैं जबकि 11 व्यक्ति ठीक हुए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 1080776 व्यक्तियों के सैंपल लिए गए हैं तथा पिछले 24 घंटे में 121 सैंपल लिए गए। लिए गए कुल सैंपलों में से अब तक 50014 पॉजिटिव केस सामने आए थे, जिनमें से 49350 मरीज ठीक हो गए हैं। जिला में अब कोरोना वायरस के 63 एक्टिव पॉजिटिव केस हैं।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

## वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना की पात्रता में आमदनी की सीमा हुई तीन लाख: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि हरियाणा सरकार ने वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना की पात्रता में आय सीमा को दो लाख रुपए से बढ़ाकर तीन लाख रुपए वा?षक कर दिया। जिसके चलते अब परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में तीन लाख रुपए वार्षिक आय वाले परिवारों में बुजुर्गों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ मिल सकेगा। उपायुक्त ललित सिवाच ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार ने बड़ी संख्या में जरूरतमंद परिवारों को इस निर्णय से राहत पहुंचाई है। इस आशय के संदर्भ में सामाजिक न्याय, अधिकारिता,

**पीपीपी के माध्यम से वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना की पात्रता पूरी करने वाले बुजुर्गों की घर बैठे पेंशन बन सकेगी**

अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग के प्रधान सचिव की ओर से सभी अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिसके चलते अब पीपीपी में तीन लाख रुपए आय वाले परिवारों के बुजुर्ग इस योजना के दायरे में शामिल हो गए है। पीपीपी के माध्यम से वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना की पात्रता पूरी करने वाले बुजुर्गों की घर बैठे पेंशन बन सकेगी।

## गलत लाइन में वाहन चलाने वालों का कटा चालान



करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जिला पुलिस की यातायात व हाईवे थाना की टीम द्वारा हाईवे पर गलत लाइन में चलने वाले वाहनों व गलत दिशा में ड्राइविंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। ऐसे वाहन चालकों को इस प्रकार के यातायात नियमों संबंधी जानकारी दी गई और साथ में ऐसे वाहनों के चालान भी किए गए। जिला पुलिस अधिक से अधिक लोगों को यातायात व सडक सुरक्षा संबंधित नियमों के बारे में जानकारी देकर सडकों पर होने वाली दुर्घटनाओं को शून्य करने के लिए प्रयासरत है। जिला पुलिस द्वारा समय-समय पर यातायात नियमों के संबंध में आमजन को जागरूक करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

इस दौरान यातायात व हाईवे थाना प्रबंधक निरीक्षक जितेंद्र सिंह व उनकी टीम ने हाईवे पर चलने वाले भारी वाहन चालकों को जागरूक किया कि हमेशा अपने भारी व कमर्शियल वाहन को हाईवे पर बाईं तरफ चलाना चाहिए। कभी भी अपने वाहन को गलत दिशा में नहीं चलाना चाहिए, ताकि छोटे चार पहिया व दोपहिया वाहन आसानी से हाईवे पर यात्रा कर सके और होने वाली संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इसके अलावा टीम द्वारा अन्य वाहन चालकों को हैलमेट न पहनने, सीट बेल्ट न लगाने, लाल बत्ती पार करने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग, ओवरस्पीड में गाडी चलाने से लेकर और भी अन्य यातायात नियम, जिनकी लोग जानबूझकर अवहेलना करते हैं, से होने वाली शारीरिक व आर्थिक हानियों के बारे में भी जागरूक किया गया। टीम ने बताया कि वाहन चालक को हमेशा यातायात नियमों का पालन करना चाहिएए वाहन के कागजात हमेशा अप टू डेट रखने चाहिएं। वाहन की फिटनेस का हमेशा ध्यान रखना चाहिए। इसके अलावा टीम ने बताया कि आपात स्थिति में पुलिस के डायल 112 नम्बर पर सम्पर्क करके पुलिस मदद ली जा सकती है।

## सूर्य नमस्कार हमारे सर्वांगीण विकास के लिए सर्वोत्तम : दिनेश गुलाटी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के तत्वाधान में संस्थापक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में सवा लाख सूर्यनमस्कार अभियान का आगाज रविवार 9 अप्रैल से फव्वारा पार्क योग कक्षा में किया गया। आयुष विभाग करनाल के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के उपलक्ष्य में इस अभियान की शुरूआत मुख्य प्रतिनिधि संजय बठला द्वारा की गई। आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ तथा हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी डॉ. अमित पुंज विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में केहर सिंह चोपड़ा और सुशीला गोयल मौजूद रहे।

दिनेश गुलाटी ने अभियान को आरंभ करते हुए मौजूद साथियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाते हुए कहा बताया कि सूर्य नमस्कार हमारे सर्वांगीण विकास के लिए सर्वोत्तम है। यह स्वयं में एक संपूर्ण व्यायाम है।

## सरढ़ाणा गांव चोर किसान के खेत से हैरो कृषि उपकरण चोरी कर फरार

**गन्नौर: सरढ़ाणा** गांव के एक किसान के खेत से चोर ट्रेक्टर की हैरो चोरी करके ले गए। किसान की शिकायत पर खूबडू झाल पुलिस में अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सरढाना निवासी किसान सुनहरा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गन्नौर-शाहपुर रोड के पास उसकी 4 एकड़ जमीन में वह खेतीबाडी का काम करता है। खेत मे एक ट्युबवैल का कोठा भी बना रखा है। जिसके पीछे मैने अपनी 14 तवे वाली हैरो खड़ी कर रखी थी।

## सोने व चांदी के जेवरात चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जिला पुलिस** के थाना रामनगर की टीम ने 5 अप्रैल को दिन के समय रामनगर के एक मकान में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चुराए गए सभी सोने व चांदी के जेवरात बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस टीम ने गत दिवस दो आरोपियों विकास उर्फ काकू पुत्र रमेश कुमार व पुपिंदर उर्फ जॉनी पुत्र प्रताप सिंह वासियान रामनगर जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर रामनगर से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ व अन्य अविश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी उस मकान में नीचे रहते हैं और शिकायतकर्ता उसी मकान में ऊपर रहता है। आरोपी व शिकायतकर्ता आपस में चचेरे भाई हैं।

शिकायतकर्ता वारदात वाले दिन जब घर से बाहर गया था तो आरोपियों ने मौका पाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी शराब का नशा करने और जुआ खेलने के आदी हैं। आरोपियों ने अपने इन्हीं शौक व लत को पूरा करने के लिए 5 अप्रैल को दिन के समय शिकायतकर्ता गौरव वासी रामनगर के मकान में घुसकर काफी मात्रा में सोने व चांदी के जेवरात चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों ने चोरीशुदा जेवरात को

**आरोपियों से पूछताछ व अन्य अविश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी उस मकान में नीचे रहते हैं**

आपस में बांट लिया था। जिसके बाद आरोपी पुपिंदर ने चोरीशुदा जेवरात को मुथूट फाइनेंस में गिरवी रख दिया था और उस पर करीब 68 हजार रुपए का लोन ले लिया था। आरोपी विकास ने अपने हिस्से के जेवरात अपने घर में छुपा दिए थे। इसके बाद पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से दो सोने की अंगूठी, दो जोड़ी सोने की बाली, एक सोने का कोका, एक सोने का गले का हार, एक घड़ी व करीब 323 ग्राम चांदी के जेवरात बरामद किए गए। इस वारदात के संबंध में 6 अप्रैल को शिकायतकर्ता गौरव पुत्र जोगिंदर वासी रामनगर ने थाना रामनगर में एक शिकायत देते हुए बताया कि 5 अप्रैल को दिन के समय वह किसी काम से घर से बाहर गया हुआ था।

## नशे के विरुद्ध हुआ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया हरियाणा रा**ज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो द्वारा डॉ. गणेश दास डीएवी महिला शिक्षण महाविद्यालय में एक दिवसीय 113वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राकेश संधू की अध्यक्षता में डॉ. सरोज सोबती, डॉ. राजेंद्र कौर आदि की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा कार्यक्रम में मुख्य वक्ता थे। प्राचार्या डॉ. राकेश संधू ने डॉ. अशोक कुमार वर्मा का स्वागत करते हुए कहा कि यह एक बहुत ही ज्वलंत विषय है।

डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार में किसी व्यक्ति द्वारा नशा करने पर सबसे अधिक नारी शक्ति, बच्चे और वृद्ध माता पिता पीड़ित होते हैं। उन्होंने अनेक उदाहरणों और प्रसंगों के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों से परिचित कराते हुए एक कविता के माध्यम से कहा कि नशा कोई करने से बुरा है नशे का व्यापार करना। ऐसे पाप की कमाई से तो अच्छा है मेहनत करके पेट भरना। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अनेक नशों को प्रतिबंधित किया है, जिनमें चरस अफीम चिट्टा भांग सुल्फा ब्राउन शुगर नशे की गोलियां आदि हैं जिन्हें कोई व्यक्ति अपने पास नहीं रख सकता है और न ही खेती कर सकता है। नशे का कारोबार करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर दंड के प्रावधान हैं। उन्होंने बताया कि ब्यूरो द्वारा 9050891508 एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है, जिस पर कोई भी व्यक्ति गुप्त सूचनाएं दे सकता है और नशा छोडने वाले भी इस पर संपर्क कर लाभ उठा सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित जन द्वारा नशे के विरुद्ध शपथ ग्रहण की गई।

## किराए के मकान से आभूषण-कैश और सामान चोरी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** स्थानीय मंगल कॉलोनी में किराए के मकान से सोने चांदी के आभूषण, कैश व अन्य सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। वहीं महिला ने अपने मकान मालिक पर चोरी के आरोप लगाए हैं। महिला की शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

चांद सराय निवासी पूजा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 6 अप्रैल को हो उसने मंगल कॉलोनी की गली नंबर-4 में मकान किराए पर लिया था और वहां पर अपना सारा सामान रख दिया था। लेकिन कमरे में लाइट की व्यवस्था नहीं थी तो वह मकान में सामान रखकर चली गई। पीड़ित महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार शाम को मकान मालिक का उसके पास फोन आया कि उसने आपके मकान में खिडकी से अंदर घुसकर लाइट ठीक करवा दी है और अब तुम यहां आ जाओ। देर शाम को जब वह पहुंची तो उसने देखा कि उसके कमरे में रखा सारा सामन बिखरा पड़ा था।

शिकायतकर्ता के अनुसार उसने अपना सामान चेक किया तो वहां से 6 ग्राम का सोने का पेंडल, 300 ग्राम की पाजेब, 2 चांदी के सैट, 1 जोड़ी सोने के टॉप्स, 2 चांदी के सिक्के, उसकी शादी की मूवी की पेन ड्राइव जिस पर उसने 16 हजार रुपए खर्च किये थे, 10 हजार रुपए नकद और एक वूफर 6 हजार रुपए की कीमत का चोरी हो चुका था। शिकायत में महिला ने आरोप लगाया कि यह सारा सामान मकान मालिक ने ही चोरी किया है।

## पशु मेले में पत्रकारों पर लाठी-डंडों से हुआ हमला



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। स्थानीय** एनडीआरआई में खबर कवर करने के लिए गए तीन पत्रकारों पर लाठी डंडों से हमला कर दिया गया। मारपीट होता देख पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को अलग किया। बाद में दोनों पक्षों को समझाकर शांत किया गया। वहीं पत्रकारों ने हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि रविवार को करनाल स्थित एनडीआरआई में तीन दिवसीय पशु राष्ट्रीय मेले का दूसरा दिन था। यहां किसानों को तकनीकी जानकारी दी जा रही थी। जैसे ही एक पत्रकार का कैमरा किसान द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी के पास पहुंचा तो पशुपालकों ने उसे कवर करने से मना कर दिया। विरोध करने पर मामला हाथापाई तक जा पहुंचा। बाद में उन्होंने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना की सूचना डायल 112 को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां कुछ लोगों ने पुलिस के सामने ही पत्रकारों पर हमला कर दिया। पत्रकार कमल मिड्ढा ने बताया कि पत्रकारों के साथ मारपीट हो रही थी और वे लोगों को समझा रहे थे कि मारपीट न करें, लेकिन करीब 15 से 20 युवकों ने लाठी डंडों से हमला किया। पूरे घटनाक्रम की वीडियो बनी हुई है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। हमलावरों में शामिल लोगों ने खुद को किसान बताया और किसान एकता जिंदाबाद के नारे भी लगाए। वहीं डायल 112 के इंचार्ज परमिंद्र सिंह ने बताया कि पूरे मामले की जानकारी की एसएचओ को बताई जा चुकी है। जिन पत्रकारों के

**बाद में दोनों पक्षों को समझाकर शांत किया गया। वहीं पत्रकारों ने हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है**

साथ मारपीट हुई है, वे मेडिकल करवा सकते हैं और शिकायत दे सकते हैं। पुलिस लड़ाई झगड़े को रोकने के लिए मौके पर पहुंच गई थी। इस हमले में पत्रकार कमल मिड्ढा, हिमांशु नारंग व मुकुल को काफी चोटें आई है। तीनों ने अस्पताल में मेडिकल करवाकर शिकायत सिविल लाइन थाना में दे दी है। एसएचओ ललित कुमार ने बताया कि मामले की गहनता से जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## संपादकीय

# अमेरिका, रूस और चीन के आपसी टकराव


**अमेरिका** ने चीन और ताइवान के संबंधों को लेकर ताइवान का खुलकर साथ देने की बात कही जिससे चीन ने आक्रामक होकर इसे अपने अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप कहां है और कहा है कि यदि हमारे अंदरूनी मामले में कोई हस्तक्षेप करेगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दूसरी तरफ यूक्रेन को लेकर रूस अब बहुत संवेदनशील और आक्रामक हो गया है' यूक्रेन से रूस ने अब निर्णायक पारी खेलने का मन बना लिया है' इस तरह अमेरिका यूक्रेन तथा ताइवान को साथ देने के चक्कर में रूस और चीन से सीधा-सीधा टकराने के मूड में आ गया है। यह अलग मुद्दा है की सांडो की लड़ाई में खेतों की मेढ़ बरबाद जरूर होती हैं। इन तीनों महा बलियों की लड़ाई में अन्य पड़ोसी देशों की शांती भंग हो सकती है। दूसरी तरफ अमेरिकी प्रशासन पूरी तरह से यूक्रेन का साथ देने की कटिबद्ध है, एवं पूर्वी यूरोप में अमेरिकी राष्ट्रपति एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रुस पर दबाव डालने के लिए सैन्य बल भेजने की बात कही है' अमेरिकी राष्ट्रपति की प्रेस वार्ता के हवाले अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि रूस ने सीमा के आसपास बड़ी संख्या में सैन्य जमवाड़ा कर चुका है, एवं रूसी बलों को तैनात किया है' जबकि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पास अन्य सैन्य बल तथा बातचीत के जरिए का विकल्प भी मौजूद है' वर्तमान की परिस्थितियों में यूक्रेन की सीमा पर लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूक्रेन के राष्ट्रपति से कहा कि रूस फरवरी या मार्च के प्रथम सप्ताह तक बड़ा हमला कर सकता है' व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता एमिली होर्न ने बताया की अमेरिकी राष्ट्रपति ने आशंका जताई है कि रूस फरवरी में यूक्रेन पर सैन्य आक्रमण कर सकता है। अमेरिकी रक्षा मंत्री लाएड ऑस्टिन ने कहा कि हमारा मानना है कि यूक्रेन पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का यह अंतिम फैसला नहीं है, जबकि उनके पास कई विकल्प खुले हुए हैं। यूक्रेन पर हमला करने की निसंदेह रूस के पास संपूर्ण क्षमताएं हैं। अमरीकी प्रशासन राष्ट्रपति रक्षा मंत्री ने पुतिन से यूक्रेन पर तनाव कम करने की अपील भी की है। रूस ने कहा है कि वार्ता के द्वारा भी खुले हुए यदि यूक्रेन अपनी हठधर्मिता से पीछे हटता है तो रूस वार्ता के माध्यम से एक मध्य मार्ग के बारे में विचार कर सकता है। पर यूक्रेन अपनी तीनों शर्तों पर अड़ा हुआ वह क्रीमिया महाद्वीप को वापस लेना चाहता है और नाटो की सदस्यता भी चाहता है, रूस द्वारा पाइप लाइन बिछाकर उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर करना चाहता हैं जिसे वह कभी बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं रहेगा। स्पष्ट है कि इस मामले में अमेरिका,ब्रिटेन और अन्य यूरोपीय देश यूक्रेन के साथ साथ कंधे से कंधा मिलाकर सैन्य बल की मदद करने को तैयार है। रूस के पास अब सैन्य बलों द्वारा यूक्रेन पर चढ़ाई करने के अलावा कोई मार्ग शेष नहीं रह जाता है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति की यह आशंका कि रूस यूक्रेन पर फरवरी एवं मार्च के प्रथम सप्ताह में बड़ा हमला कर सकता है निर्मूल नहीं है। अमेरिका ने निर्णय लिया है कि वह पूर्वी यूरोप के सीमा पर एक बड़ा सैन्य बल रूस को टक्कर देने के लिए भेजेगा ।संभवत यह रूस पर दबाव डालने के लिए एक कूटनीतिक घोषणा एवं चाल हो सकती है। कुल मिलाकर यूक्रेन की सीमा पर जिस तरह से सैनिकों का जमवाड़ा इकट्ठा हो गया है, उससे जंग की आशंकाएं बढ़ गई हैं।

# पाठयक्रम में संशोधन को लेकर राजनीति

प्रेम शर्मा

> इन बदलावों को देश के संविधान में निहित सेकुलर, लोकतांत्रिक, समाजवादी और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जुड़े मूल्यों और आदर्शों की कसौटी पर सख्ती से कसे जाने के बाद ही लागू किया जाना चाहिए। अब जान ले कि भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय से संबद्ध एक स्वायत्त संस्था है ।राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद। इसको एनसीईआरटी के नाम से भी जाना जाता है ।1961 में इसकी स्थापना केंद्र और राज्य सरकारों को स्कूली शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए नीति और कार्यक्रम बनाने पर सुझाव देने के लिए की गई थी। इस संस्था का एक महत्वपूर्ण काम स्तरीय पुस्तकों के प्रकाशन का भी है

**भारत** में राजनीति बहुत ही खतरनाक मोड़ की ओर अग्रसर है। मौके बे मौके राजनीति का अवसर खोजने वालो की भारत में कमी नही है। अब सरकार के उस प्रयास पर जो कि वर्षो पहले हो जाना चाहिए उस पर भी राजनीति शुरू हो गई है। वैसे भी देखा जाए तो पाठयक्रमों में मुगलकाल के दौरान के बारे में इतना महिमामण्डन वाला इतिहास पढ़ाया जा रहा है जो वाकई सच नही था। क्योकि उस वक्त मुगलो की सरकार थी उनके सरपरस्त थे इसलिए उन्हे खुश करने के लिए इतिहासकारों ने जो कुछ लिखा उसे ही पाठ्यक्रम का हिस्सा बना दिया गया। अब समय बदला और यह आभास किया गया कि इसमें काफी कुछ गलत है उसे सुधारा जा रहा है तो इस पर भी राजनीतिक रोटियॉं सेंकी जा रही है। खैर देर आए दुरूस्त आए कि तर्ज में आखिर एनसीआरटी की ओर से छठी से लेकर 12वीं क्लास तक के कोर्स में किए गए बदलाव नए शैक्षणिक सत्र से लागू हो गए। इन बदलावों का फैसला पिछले साल ही हो गया था। लेकिन समय की कमी के कारण पिछले सत्र के दौरान ये लागू नहीं किए जा सके थे। एनडीए की सरकार आने के बाद से भी यह तीसरी बार पाठयक्रम में बदलाव किया गया। समय के साथ कोर्स में बदलाव जरूरी भी होता है। एनसीआरटी ने तथ्यों के साथ किए गए बदलाव को गलत नहीं कहा जा सकता कि स्टूडेंट्स पर बोझ कुछ ज्यादा था, जिसे कम करने की जरूरत थी। खासकर, कोरोना महामारी और लॉकडाउन से उपजी स्थितियों के बाद यह जरूरत ज्यादा तीव्रता से महसूस की जा रही थी। इसी मकसद से पिछले साल हर विषय के लिए एक्सपर्ट कमिटी बनाई गई थी और उनकी सिफारिशों के मुताबिक इतिहास, गणित, विज्ञान, भूगोल समेत तमाम विषयों में कंटेंट को कम किया गया। इस आधिकारिक स्पष्टीकरण के बावजूद अगर इन बदलावों को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं तो उसके पीछे कुछ ठोस वजहें हैं। लेकिन जिस तरह से इसका विपक्ष विरोध कर रहा है वह कोरी राजनीति के अलावा कुछ नही, अगर सरकार मनमानी करके बदलाव रख रही है तो विपक्ष तथ्य रखकर इसका विरोध क्यो नही करता, केवल बयान देकर राजनीति करने में क्या होगा। ज्ञात हो कि पिछले साल एक्सपर्ट कमिटी की सिफारिशों के बाद किए गए बदलावों की एनसीआरटी ने सार्वजनिक तौर पर जानकारी दी थी। बहस उन बदलावों को लेकर भी हुई थी। लेकिन जब इस साल के लिए पुस्तकें छप कर आईं तो उनमें कुछ ऐसे



बदलाव भी दिखे जो पिछले साल एनसीआरटी की ओर से दी गई जानकारी में शामिल नहीं थे और ये कोई मामूली बदलाव नहीं हैं। इनमें महात्मा गांधी की हत्या और गुजरात में 2002 दंगों के बाद बने हालात से जुड़े महत्वपूर्ण बदलाव हैं। सवाल है कि ये बदलाव कब, कैसे और किनके कहने पर किए गए और इन्हें छुपाया क्यों गया ? दूसरी बात यह कि समकालीन, मध्यकालीन और प्राचीन इतिहास से जुड़े जो अंश हटाए गए हैं, वे उस विमर्श से पूरी तरह मेल खाते दिख रहे हैं जो बीजेपी और आरएसएस की ओर से प्रचारित किया जाता रहा है। इसमें दो राय नहीं कि बीजेपी और आरएसएस ही नहीं, ऐसे तमाम संगठनों को अपनी राय रखने और उसे प्रचारित करने का पूरा हक है, लेकिन जहां तक पाठ्य पुस्तकों में बदलावों का सवाल है तो वे सत्ता में आने वाले दल की मर्जी से संचालित होते नहीं दिखने चाहिए क्योंकि सत्ता में अलग-अलग विचारों वाले दल आते-जाते रहते हैं। इन बदलावों को देश के संविधान में निहित सेकुलर, लोकतांत्रिक, समाजवादी और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जुड़े मूल्यों और आदर्शों की कसौटी पर सख्ती से कसे जाने के बाद ही लागू किया जाना चाहिए। अब जान ले कि भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय से संबद्ध एक स्वायत्त संस्था है ।राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद। इसको एनसीईआरटी के नाम से भी जाना जाता है ।1961 में इसकी स्थापना केंद्र और राज्य सरकारों को स्कूली शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए नीति और कार्यक्रम बनाने पर सुझाव देने के लिए की गई थी। इस संस्था का एक महत्वपूर्ण काम स्तरीय पुस्तकों के प्रकाशन का भी है ।पुस्तकों के प्रकाशन में इस संस्था ने वामपंथी लेखकों के प्रभाव में जिस तरह की भाषा और जिस तरह की व्याख्या स्कूली छात्रों को अबतक पढ़ाई है वो एक अलग शोध की मांग करता है। नामवर सिंह से लेकर रोमिला थापर तक एनसीईआरटी की पुस्तकों के लिए नीति निर्धारण करते रहे हैं। परिणाम सबके सामने हैं कि छात्रों को क्या पढाया जा रहा है। ज्ञात हो कक्षा 7 की एनसीईआरटी की इतिहास की पुस्तक में प्रथम अध्याय में ही हिन्दुस्तान शब्द को लेकर व्याख्याएं भ्रमित करने वाली हैं। इसमें कहा गया है कि समय के साथ शब्दों के अर्थ बदल जाते हैं और जो आज हैं वह आने वाले कल में नहीं रहते। यह बात कुछ सीमा तक ठीक भी है। परन्तु जो उन्होंने उदाहरण लिया है, वह थोड़ा सा भ्रामक है। उन्होंने हिन्दुस्तान शब्द का उदाहरण दिया है। इसमें लिखा गया है कि आज हम हिन्दुस्तान शब्द को सम्पूर्ण भारत के सन्दर्भ में लेते हैं, पर तेरहवीं शताब्दी में जब फारसी के इतिहासकार मिन्हाज-ए-सिराज ने हिन्दुस्तान शब्द का प्रयोग किया था तो उसका आशय, पंजाब, हरियाणा और गंगा जमुना के बीच स्थित इलाकों से था। उसने इस शब्द के राजनीतिक अर्थ में उन इलाकों के लिए इस्तेमाल किया, जो दिल्ली के सुलतान के अधिकार क्षेत्र में आते थे। सल्तनत के प्रसार के साथ साथ इस शब्द के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र भी बढ़ते गए, पर दक्षिण भारत को हिंदुस्तान शब्द में नहीं सम्मिलित किया गया था ।यह अत्यंत भ्रामक वक्तव्य है। दक्षिण भारत तो सदा से ही भारत का अभिन्न अंग था। दक्षिण भारत कैसे भारत का अंग नहीं था उस समय, यह नहीं बता पाते हैं। सबसे पहले तो हिन्दुस्तान शब्द की उत्पत्ति को ही लेकर इनकी अवधारणा की प्रमाणिकता संदेह के घेरे में है। इसका अर्थ यह आता है कि आज जो भारत का राजनीतिक आकार है, वह आकर दिल्ली सल्तनत ने प्रदान किया, जो सरासर झूठ है। क्योंकि भारत की स्पष्ट परिकल्पना इस श्लोक में प्राप्त होती है। हिमालयं समारभ्य यावत् इंदु सरोवरम्। तं देवनिर्मितं देशं हिंदुस्थानं प्रचक्षते।।यह श्लोक बृहस्पति आगम का बताया जाता है। अर्थात हिमालय से लेकर हिन्द महासागर तक हिन्दुस्थान है। रामायण काल में दक्षिण भारत का उल्लेख है, महाभारत कालीन मानचित्र में पूरा भारत है, फिर हिन्दुस्तान शब्द कैसे मात्र भारत के उत्तरी हिस्से तक सीमित है ।वही मुहम्मद काल जिसे एनसीईआरटी की पुस्तकों में इस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है जैसे इसी काल ने भारत को आकार दिया। वही मुहम्मद काल जिसके आतताइयों को एनसीईआरटी की पुस्तकों में वास्तु एवं शिल्प का सिरमौर बताया जाता है और साथ ही वही क्रूर मुगल जिन्हें एनसीईआरटी की पुस्तकों में दो महान वंशों के वंशज बताया जाता है। यही नही अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ कई बार कह चुका है कि वर्तमान में बच्चों को विकृत इतिहास पढ़ाया जा रहा है। महासंघ के अभी तक पुस्तकों में वामपंथी व कांग्रेसी लेखकों द्वारा तथ्यों का विरूपण किया गया एवं भारतीय नायकों पर कटाक्ष किए गए हैं। उनके योगदान को सीमित एवं चयनित रूप से दशार्या गया है। अब समय आ गया है कि इसमें बदलाव हो। अब अगर सरकार ने यह प्रयास शुरू कर ही दिया है तो इसका चाहुओर स्वागत होना चाहिए। वैसे भी यह तो पूर्णतः सत्य है कि सैकड़ों साल तक मुगलों का शासन होने के कारण भारतीय शिक्षा में मुगलों का गुणगान भरा पड़ा हैं। जबकि इतिहासकारों के अनुसार पौराणिक मान्यताओं के अनुसार हिन्दू धर्म 90 हजार वर्ष पुराना बताया जाता है । हिन्दू धर्म में सबसे पहले 9057 ईसा पूर्व, स्वायंभुव मनु हुए, 6673 ईसा पूर्व में वैवस्वत मनु हुए, भगवान श्रीराम का जन्म 5114 ईसा पूर्व और श्रीकृष्ण का जन्म 3112 ईसा पूर्व बताया जाता हैं । वर्तमान शोध के अनुसार 12 से 15 हजार वर्ष प्राचीन और ज्ञात रूप से लगभग 24 हजार वर्ष पुराना धर्म हिन्दू धर्म को माना जाता है। हजरत मुहम्मद अलै. का जन्म सन्- 571 ईस्वी. में मक्का में पीर के दिन हुआ था। इन्होंने ही इस्लाघ्म धर्म की स्थापना की थी।

## कविता

### हमेशा जहर दिया दीवाने को

कैसे जख्म दिखाएँ जमाने को,  
हमेशा जहर दिया दीवाने को।।

नादाँ न समझ पाया जमाने को,  
हमेशा हमदर्द समझा जमाने को।

फरेब नहीं किया कभी किसी से,  
मासूम,बूझ न पाया जमाने को।

बन्दीश थी प्यार पर दीवाने की,  
इश्क में प्यारा पैगाम दिया जमाने को।

गजल,आशिकी, दिवानगी बेमानी है  
आशिक है क्या समझेगा जमाने को।

आवारा मसीहा था दीवाना,मस्ताना,  
आशिक की फिक्र ही कहाँ ,जमाने को।

इश्क नेमत है, बताओ जरा जमाने को,  
मोहब्बत पाकीजा है समझा जरा जमाने को,

छोड आशिकी मनाले जमाने को,  
बन जा बाहुबली,चला जमाने को।।

संजीव ठाकुर

# हाथियों व बाघों का संरक्षण बहुत जरूरी!

**सुनील कुमार महला**

**भारत** का राष्ट्रीय पशु(जानवर) बाघ है। समय के साथ मानवीय हस्तक्षेप के कारण बाघों पर भी खतरा मंडराया और यह बात हमें आंकड़ों से पता चलती है।

एक समय था जब बाघों की तेजी से कम होती संख्या को लेकर चिंता जताई जाने लगी थी, लेकिन अब धीरे-धीरे इसमें प्रोजेक्ट टाइगर व अन्य बाघ संरक्षण कार्यक्रमों से इसमें कुछ सुधार आ रहा है। समय के साथ ही वन्य जीवों के शिकार के संबंध में कानून को भी सख्त बनाया गया है। बहरहाल, एक अनुमान के अनुसार, विश्व भर के बाघों ने अपने प्राकृतिक निवास स्थान का तकरीबन 93 प्रतिशत हिस्सा खो दिया है। यह बहुत ही गंभीर व संवेदनशील है कि इन निवास स्थानों( अधिवासों) को अधिकांशतः मानव गतिविधियों द्वारा नष्ट किया गया है। वनों और घास के मैदानों को कृषि जरूरतों के लिये परिवर्तित किया जा रहा है। बाघों से मानव को कथित खतरे को देखते हुए और मौद्रिक लाभ कमाने के उद्देश्य से बाघों का शिकार मानव द्वारा(पशु तस्करों, जानवर/गिरोह/ माफिया) किया जाता है ।वर्ष 2012 से वर्ष 2019 की अवधि के मध्य आँकड़ों पर गौर किया जाए तो पता चलता है कि देश में प्रतिवर्ष बाघों की औसतन मृत्यु दर लगभग 94 रही है। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019 में देश भर में बाघों की मृत्यु के 85 प्रत्यक्ष मामले सामने आए और 11 मामलों में मरने की पुष्टि उनके अंगों के मिलने के आधार पर की गई, जबकि इससे पहले वर्ष 2018 के दौरान बाघों की मृत्यु के 100 मामले, वर्ष 2017 में 115 मामले और वर्ष 2016 में बाघों की मृत्यु के 122 मामले सामने आए थे। इसलिए खाद्य श्रंखला, धरती के इको सिस्टम (पारिस्थितिकीय तंत्र),पर्यावरण को बनाए रखने(पर्यावरण संरक्षण), जैव-विविधता(बॉयो-डायवर्सिटी) के क्रम में बाघों के संरक्षण की आवश्यकता अति अहम् और महत्वपूर्ण है। बाघ वास्तव में, ताकत, फुर्तीलेपन और अपार शक्ति का प्रतीक है और शायद यही कारण भी है कि बाघ को भारत के राष?ट्रीय जानवर का दर्जा दिया गया है। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 1969 में वन्यजीव बोर्ड ने शेर को राष्ट्रीय पशु घोषित किया था, लेकिन वर्ष 1973 में राष्ट्रीय पशु का दर्जा शेर को हटाकर बाघ को (राष्ट्रीय पशु बाघ) को बना दिया गया था।अप्रैल 1973 में बाघ को भारत का राष्ट्रीय पशु घोषित किया गया था और बाघों के संरक्षण के लिए वर्ष 1973 में ही 'बाघ परियोजना' को प्रारम्भ किया गया था। जानकारी देना चाहूंगा कि 1970 के दशक में भारत में 2,000 से भी कम बाघ शेष बचे थे। वर्ष 1973 में भारत सरकार ने बाघ को भारत का राष्ट्रीय पशु घोषित किया और प्रोजेक्ट टाइगर नाम से एक संरक्षण योजना शुरू की जिसके तहत बाघों के शिकार पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

## विचार

# भारत और भूटान: सदियों पुराने मित्र

**प्रियंका सौरभ**

**भारत** और भूटान के बीच संबंध विश्वास, सद्भावना और आपसी समझ के स्तंभों पर आधारित हैं। दोनों पड़ोसियों के बीच घनिष्ठ सभ्यतागत, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध हैं जो सदियों पुराने हैं। भारत-भूटान संबंधों का मूल ढांचा दोनों देशों के बीच 1949 में हस्ताक्षरित मित्रता और सहयोग की संधि है, जिसे 2007 में नवीनीकृत किया गया था। भारत और भूटान के बीच बहु-क्षेत्रीय सहयोग है,व्यापार और आर्थिक संबंध में भारत भूटान का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और भूटान में निवेश का प्रमुख स्रोत बना हुआ है। 2021 में, भारत ने भारत के साथ भूटान के द्विपक्षीय और पारगमन व्यापार के लिए सात नए व्यापार मार्गों को खोलने की औपचारिकता को औपचारिक रूप दिया। भूटान से भारत में 12 कृषि-उत्पादों के औपचारिक निर्यात की अनुमति देने के लिए नई बाजार पहुंच भी प्रदान की गई। डिजिटल सहयोग के लिए हाल के दिनों में, सहयोग के पारंपरिक दायरे से परे नए क्षेत्रों में सहयोग हुआ है। उदाहरण के लिए: तीसरे अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट गेटवे जैसे डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थापना। इसके अलावा, भारत के राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क के साथ भूटान के ड्रुकरेन का एकीकरण ई-लर्निंग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सहयोग है। भारत न केवल भूटान का सबसे बड़ा विकास भागीदार है बल्कि माल और सेवाओं में इसके व्यापार के स्रोत और बाजार दोनों के रूप में सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार भी है। भारत भू-आबद्ध भूटान को न केवल पारगमन मार्ग प्रदान करता है, बल्कि जलविद्युत, अर्ध-तैयार उत्पाद, फेरोसिलिकॉन और डोलोमाइट सहित भूटान के कई नियातों के लिए सबसे बड़ा बाजार भी है। वित्तीय सहयोग/एकीकरण के तहत रुपे परियोजना का पहला चरण भूटान में शुरू किया गया। 2021 में भारत का भारत इंटरफेस फॉर मनी भी लॉन्च किया गया। अंतरिक्ष सहयोग द्विपक्षीय सहयोग का एक नया और संभावना-युक्त क्षेत्र है। भारत और नेपाल के दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त रूप से 2019 में थिम्फू में दक्षिण एशिया उपग्रह के ग्राउंड अर्थ स्टेशन का उद्घाटन किया, जो इसरो के सहयोग से बनाया गया था। इसके अलावा, भारत-भूटान सैट को 2022 में इसरो के पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल द्वारा अंतरिक्ष में लॉन्च किया गया था। भूटान के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी पनबिजली सहयोग द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग का मूल है। मांगदेछु सहित 4 पनबिजली परियोजनाएं पहले से ही भूटान में चालू हैं और भारत को बिजली की आपूर्ति कर रही हैं। शैक्षिक, सांस्कृतिक सहयोग और लोगों के बीच आदान-प्रदान हेतु भारत और भूटान के बीच शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में घनिष्ठ द्विपक्षीय सहयोग है। चिकित्सा, इंजीनियरिंग आदि सहित विभिन्न विषयों में भारत में अध्ययन करने के लिए भूटानी छात्रों के लिए भारत सरकार द्वारा सालाना 950 से अधिक छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। कई भूटानी तीर्थयात्री बोधगया, राजगीर, नालंदा, सिक्किम, उदयगिरि और अन्य बौद्ध स्थलों की भारत में यात्रा करते हैं। रणनीतिक संबंधों को मजबूत करते हुए, भारत ने 1961 में भूटानी सुरक्षा बलों को प्रशिक्षित करने के लिए भूटान में अपनी सैन्य प्रशिक्षण टीम तैनात की और तब से भूटानी सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है। सुरक्षा और सीमा प्रबंधन के मुद्दों, खतरे की धारणा, भारत-भूटान सीमा प्रवेश निकास बिंदुओं के समन्वय, और अन्य पहलुओं के बीच वास्तविक समय की जानकारी साझा करने से संबंधित कई कार्य नियमित रूप से दोनों देशों द्वारा किए जा रहे हैं। समय के साथ भारत और भूटान के बीच संबंध ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और व्यापार, सुरक्षा और खुफिया जानकारी साझा करने, डिजिटलीकरण, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और संरक्षण जीव विज्ञान क्षेत्रों सहित व्यापक मुद्दों पर व्यापक साझेदारी और सहयोग में परिपक्व हो गए हैं।

अतीत में विपरीत परिस्थितियों और चुनौतीपूर्ण समय में भारत हमेशा भूटान के साथ खड़ा रहा और भूटान ने इसे स्वीकार किया।

एक मित्रवत और सहायक पड़ोसी के रूप में, भारत भूटान की जरूरतों के प्रति उत्तरदायी रहा है, जो समय-समय पर आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं और जो भी आवश्यक हो, की आपूर्ति करने वाले भूटान को दिए गए समर्थन से उदाहरण बन गया है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों के लिए एक उमंग

डॉ सत्यवान सौरभ

**सन** 1958 में, गांव अटावला, जिला पानीपत, हरियाणा में जन्मे डॉ. रणजीत सिंह फुलिया एक शिक्षाविद, लेखक और समाज सेवक हैं। आपने मुख्यतः सरकारी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण की। आपके पिताजी का नाम श्री संत राम और माताजी का नाम श्रीमती भारती देवी था। दोनों ही भारतीय संस्कृति के उदात्त स्वरूप तथा मानवीय मूल्यों में गहरी आस्था रखते थे तथा उन्होंने बच्चों को भी ऐसे ही श्रेष्ठ संस्कार दिए। आपका परिवार आर्य समाज की विचारधारा से प्रभावित था और संत-शिरोमणि सतगुरु रविदास, सद्गुरु कबीर आदि महापुरुषों की शिक्षाओं पर चलकर, अंधविश्वास तथा पाखंड से दूर था। बालक रणजीत बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि थे और पढ़ाई में बहुत रुचि रखते थे। आपने गांव के सरकारी स्कूल से मिडिल परीक्षा पास की और पड़ोसी गांव अदियाना के उच्च विद्यालय से मैट्रिकुलेशन परीक्षा प्रथम श्रेणी में और प्रथम रहकर पास की। आर्य कॉलेज, पानीपत से स्नातक की पढ़ाई करते हुए भी आप पूरे करनाल जिले में प्रथम या द्वितीय स्थान पर रहते थे तथा अनेक बार सम्मानित भी हुए। आगे एमए की पढ़ाई के लिए बड़े भाई डॉक्टर राज रूप फुलिया के पास नई दिल्ली चले गए। दिल्ली विश्वविद्यालय से एम. ए. की पढ़ाई करते हुए ही आपने प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर सन 1980 में इन्डियन एयरलाइन्स में ट्रैफिक असिस्टेंट की नौकरी कर ली, जहां स्व. राजीव गांधी जी (तत्कालीन पायलट, बाद में भारत के प्रधान मंत्री बने) के सहकर्मी रहे। आपके सबसे बड़े भाई अनूप सिंह भारतीय वायु सेना में कार्यरत थे। बड़े भाई डॉक्टर राज रूप फुलिया सन 1980 में यूपीएससी द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा पास कर इंडियन इकोनॉमिक सर्विस, सन 1981 में आईआरपीएस और फिर सन 1983 में आईएएस अधिकारी बन गए और अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा के पद से सेवानिवृत्त हुए। रणजीत जी सन 1982 में प्रतियोगी परीक्षा पास कर, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी में प्रथम श्रेणी अधिकारी नियुक्त हुए और वरिष्ठ शाखा प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल प्रबंधक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। बाईस वर्ष सेवा करने के बाद, सन 2004 में नौकरी से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर आप ग्रामीण क्षेत्रों के, विशेषकर हरियाणा और आस -पास के छह राज्यों -- राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश के 700 से अधिक सरकारी और निजी विद्यालयों के छात्रों को पढ़ाने और मार्गदर्शन देने का काम कर चुके हैं। डॉ. रणजीत विद्यार्थियों को अंग्रेजी व्याकरण, अंग्रेजी बोलचाल, संप्रेषण कला के विभिन्न पहलू, सामान्य ज्ञान, इतिहास,भूगोल और भारत की राजनीतिक प्रणाली पर मार्गदर्शन भी देते हैं, ताकि छात्रों को आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी तैयार किया जा सके।

# और या औरत

**डॉ. सुरेश कुमार**

**उसकी** शादी नहीं समझौता हुआ था। शादी दो दिलों के मिलने का नाम तो समझौता एक-दूसरे का एक ही कमरे में रहकर अलग-अलग जिंदगी गुजर बसर करने का नाम है। वह सिंदूर भरने वालों हाथों में कठपुतली बनकर रह गई। सिंदूरी हाथ जैसा नाच नचाता था, वह वैसा नाचती जाती थी। कभी हवा में उड़ने वाली पतंग की तरह लगती थी तो कभी कटी पतंग की तरह। उसकी पलकों से दुखों का सागर बहने के लिए उमड़ता रहता था। कभी दाँतों से होंठों को दबाए अपने ही ज्वार-भाटा में पीसती जाती थी। दिल में दुखों की अनंत गहराई जिसमें उतरने का साहस तो दूर जानने की जुर्रत नहीं करने वाला जमाना, किताबों में प्रशांत महासागर की गहराई पढ़कर स्वयं को ज्ञानी समझने लगता था। कितना अच्छा होता शब्दकोश से औरत के लिए स्त्री, महिला आदि शब्द हटाकर पराई जिंदगी जीने वाली मशीन कर दिया जाता। कम से कम इसे ही सच्चाई मानकर वह झूठमूठ के नारी पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता जैसे ढोंगी कथनों से खुद को दूर रखती। दो घरों के बीच शादी नाम की प्रथा के चलते किसी वस्तु की तरह विनिमय कर देने वाली जिंदगी कई अंतर्पीड़ाओं की अथक गूंज होती है। दान देने वाले और दान लेने वालों के बीच अग्नि को साक्षी मानकर सात कदम नापने वाली औरत किसी के लिए और तो किसी की औरत बन जाती है। और से औरत बनने की यात्रा में कइयों की जिंदगियाँ टूटकर चकनाचूर हो जाती हैं। कुछ के लिए सिर पर धरा बोझ तो कुछ के लिए सीने पर रखा पत्थर होती हैं औरत! अपने तन से किसी और मन के लिए जीना, अपने से पहले दूसरे के लिए सोचना, अपनी आँखों को किसी और के लिए बिछा कर रखना, अपने अस्तित्व को किसी और के लिए न्यौछावर कर देना, अपनी पीड़ाओं को किसी और के दुखों के लिए भुला देना, अपनी अधूरी जिंदगी को किसी की पूरी जिंदगी बनाने के लिए खुद को मिटा देना दुनिया में एक अकेली औरत ही कर सकती है। शायद इसीलिए धरती औरत है जो सब कुछ सहते हुए टस से मस नहीं होती, जबकि पुरुष आकाश की तरह स्वतंत्र होता है।

# भागवत कथा स्वयं ही भगवान स्वरूप है: कविता जैन





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**भागवत क**था स्वयं ही भगवान स्वरूप है, सभी समस्याओं का समाधान करती है, जीवन का कल्याण व उत्थान करती है, आवश्यकता केवल भागवत कथा को श्रवण कर, चिंतन मनन करके आत्मसात करने, भागवत से मिले संदेशों को जीवन में उतारने की कोशिश करें!
उक्त विचार पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष कविता जैन ने उत्तराखंड भ्रातृमंडल द्वारा पटेल नगर, श्रीजी सेवा समिति द्वारा फ्रेंड्स पार्क तथा सांसद रमेश कौशिक परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा के शुभारंभ पर निकाली गई कलश यात्राओं में भाग लेने के बाद व्यक्त किए! कलश यात्रा में महिलाओं ने नाचते गाते भागवत भगवान का पूजन किया!
कविता जैन ने कहा कि भागवत कथा में सभी ग्रंथों का सार है, इसलिए इसे सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ माना जाता है! इसका पाठ करने से पुण्य मिलता है और पापों का नाश होता है! उन्होंने कहा कि पिछले 3 माह में 50 से ज्यादा भागवत कथाओं का आयोजन शहर में हो चुका है इसलिए इसे भागवत नगरी कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी! कार्यक्रम में कीर्ति बल्लव, विष्णु दत्त, सुनील बडोला, मोहन सिंह अधिकारी, रामलाल नोटियाल, रमेश बिष्ट, गब्बर सिंह, अमित मुंडेपी, यशपाल अरोड़ा, नवीन तनेजा, विनोद मुंजाल, चंदा भैया, रोहित बजाज, आशीष ठक्कर, सुरेंद्र मुटरेजा, अश्वनी शर्मा, पप्पी नागपाल एवं अन्य मौजूद रहे।

# अहमदपुर गांव वासियों ने देवेंद्र गौतम के नेतृत्व में किया रोष प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**नगर** निगम वार्ड नंबर 7 के अंतर्गत आने वाले गांव अहमदपुर के ग्राम वासियों ने आम आदमी पार्टी सोनीपत के निवर्तमान जिलाध्यक्ष देवेंद्र गौतम के नेतृत्व में रोष प्रदर्शन किया। देवेंद्र गौतम ने बताया कि आज अहमदपुर गांव वासियों के बुलावे पर वह यहां पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि बीजेपी प्रतिनिधियों के द्वारा "एक हांडी में दो पेट" की कहावत को सही साबित किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बीजेपी कार्यकताओं के घरों के सामने गली का निर्माण करवा दिया गया है और हमारी गलियों का निर्माण नहीं करवाया जा रहा है जिससे ऐसा लगता है कि हमने किसी को वोट नहीं दी है। गंदगी में रहने को मजबूर है नालियों के अंदर बदबू की वजय से बीमारियां फैल रही है जिससे बच्चे, महिला, पुरुष, बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा हैं ओर आए दिन बीमार रहते है। ग्रामवासी लगातार मेयर, बीजेपी के वरिष्ठ नेता ललित बत्रा, नगर निगम वार्ड 7 के पार्षद के सामने गली बनवाने को लेकर गुहार लगा चुके हैं। बार-बार लोगों को आश्वासन दिया जाता है कि बहुत जल्द गली का निर्माण शुरू हो जाएगा लेकिन आज तक वह घड़ी नहीं आई। सोनीपत नगर निगम में मेयर कांग्रेस और वार्ड 7 में पार्षद व सत्ता में बीजेपी सरकार होने की सजा ग्रामवासियों को भुगतनी पड़ रही है। देवेंद्र गौतम नगर निगम कमिश्नर से निवेदन करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों की इस लड़ाई को अनदेखा करते हुए अहमदपुर ग्रामवासियों की इस गली का निर्माण करवाते हुवे तुरंत प्रभाव से इस गंदगी भरी जिंदगी से निजात दिलवाई जाए ताकि एक गरीब परिवार भी अपना जीवन बसर अच्छे से कर सके। देवेंद्र गौतम ने बताया कि ग्राम वासियों की मानें तो 8-10 महीने के पहले गांव के अंदर आंगनवाड़ी केंद्र के स्थान पर चौपाल का निर्माण करवाया गया है जिसमे पुरानी ईंटें व पुराना सरिया और निम्न स्तर की सामग्री इस्तेमाल करते हुए निगम प्रशासन व सरकार को 10 लाख रुपए का चुना लगाया है। देवेन्द्र गौतम ने कहा की चौपाल की दीवारें अभी से जर्जर हो चुकी है, शौचालय के गेट टूटे पड़े हैं, खिड़कियां टूटी पड़ी है, ऊपर कमरों की मुंडेर में दरारे आ चुकी है, फर्श का काम अधूरा पड़ा है जिससे प्रतीत होता है कि ग्रामीणों ने जो भ्रष्टाचार के आरोप वो सही है। देवेंद्र गौतम ने नगर निगम मेयर, आयुक्त से मांग की कि चौपाल में हुए भ्रष्टाचार के आरोप की निष्पक्ष जांच करवाई जाए वह दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधियों के ऊपर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। देवेंद्र गौतम ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर समय रहते इस गली का निर्माण नहीं करवाया गया, चौपाल में हुए भ्रष्टाचार का की जांच नहीं करवाई गई तो आने वाले समय में जनप्रतिनिधियों के घरों व नगर निगम कमिश्नर कार्यालय का घेराव ग्रामीणों के साथ मिलकर किया जाएगा।

**8 चौपाल में हुए भ्रष्टाचार की जांच नहीं करवाई गई तो आने वाले समय में जनप्रतिनिधियों के घरों व नगर निगम कमिश्नर कार्यालय का घेराव करेंगे**

## न्यूज फ्लैश

### जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** थाना सैक्टर-9 अम्बाला शहर में दर्ज मारपीट के मामले में 07 अप्रैल 2023 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी राहुल निवासी अशोक नगर अम्बाला शहर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता विपिन निवासी सैक्टर-8 हाऊसिंग बोर्ड कालोनी अम्बाला शहर ने 01 अप्रैल 2023 को थाना सैक्टर-9 अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 31 मार्च 2023 को आरोपी राहुल व हन्नी निवासी सैक्टर-8 हाऊसिंग बोर्ड कालोनी अम्बाला शहर ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

### सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में जांच हुई तेज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** थाना बराड़ा में दर्ज सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में 07 अप्रैल 2023 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी हुक्म सिहँ निवासी नजदीक पटवारखाना गाँव बराड़ा जिला अम्बाला को शामिल जाँच कर न्यायिक प्रक्रियानुसार कार्यवाही की। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता पीड़ित महिला ने 29 मार्च 2023 को थाना बराड़ा में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 मार्च 2023 को मिनी बैंक बराड़ा के पास आरोपी हुक्म सिहँ ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही व तेज गति से ट्रैक्टर चलाते हुए उसकी 02 वर्षीय पुत्री को टक्कर मारी जिससे उसकी मौत हो गई। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

### अवैध शराब की तस्करी के 2 मामलों में 22 बोतल अवैध शराब सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अवैध शराब की तस्करी करने वालों के विरुद्ध अम्बाला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 07 अप्रैल 2023 को थाना पंजोखरा क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी मुखिया राम निवासी गाँव जनेतपुर थाना पंजोखरा जिला अम्बाला को (12 बोतल) अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर थाना पंजोखरा में मामला दर्ज कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार जमानत पर रिहा किया। एक अन्य मामले में 07 अप्रैल 2023 को थाना पड़ाव क्षेत्र स्वर्ण जयन्ती पार्क लाल कुर्ती बाजार अम्बाला छावनी से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी मोनू निवासी बी0सी0 बाजार अम्बाला छावनी को 43 पव्वे (10 बोतल व 03 पव्वे) अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर थाना पड़ाव में मामला दर्ज कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार जमानत पर रिहा किया।

**पुलिस अधीक्षक, अम्बाला के निदेर्शानुसार जुआ/सट्टा खेलने वालों के खिलाफ विशेष अभियान के दौरान तीन मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार 6055/- रुपए बरामद:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार जुआरियों/सट्टा खेलने वालों के खिलाफ जुआ अधिनियम 1967 के अर्न्तगत चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना अम्बाला शहर क्षेत्र पीली कोठी वाली गली अम्बाला शहर से सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खेलने के मामले में 07 अप्रैल 2023 को सी0आई0ए0-1 अम्बाला के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी साहिल निवासी कलाल माजरी अम्बाला शहर को सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खेलते हुए गिरफ्तार कर 4295/-रुपए बरामद कर थाना अम्बाला शहर में मामला दर्ज किया। एक अन्य मामले में थाना अम्बाला छावनी क्षेत्र अम्बेडकर पार्क अम्बाला छावनी के पास से सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खेलने के मामले में 07 अप्रैल 2023 को पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी अंकित निवासी कुम्हार मण्डी 12 क्रास रोड अम्बाला छावनी को सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खेलते हुए गिरफ्तार कर 1050/-रुपए बरामद कर थाना अम्बाला छावनी में मामला दर्ज किया।
एक अन्य मामले में थाना अम्बाला छावनी क्षेत्र बिहारी लाल बिल्डिंग 12 क्रास रोड अम्बाला छावनी के पास से सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खेलने के मामले में 07 अप्रैल 2023 को पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी प्रदीप निवासी बिहारी लाल बिल्डिंग अम्बाला छावनी को सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खेलते हुए गिरफ्तार कर 710/-रुपए बरामद कर थाना अम्बाला छावनी में मामला दर्ज किया।

# मानव अधिकारों के हनन के मामलों में नि:शुल्क कानूनी सहायता देगा संघ



टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत
मानव अधिकार सरंक्षण संघ राष्ट्रीय कार्यालय में एक महत्वपूर्ण सभा का आयोजन किया गया । सभा की सभा में समाज से जुड़े कई महत्वपूर्ण समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया । अध्यक्षता डॉ. पूर्णमल गौड़ के द्वारा की गई । सभा में सोनीपत में संघ की टीम को विस्तार करने पर चर्चा कि गई । संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयवीर गहलावत ने कहा मानवाधिकार के अंतर्गत नागरिक और राजनीतिक अधिकार सम्मिलित हैं। इसमें आजादी के अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, कानून के समक्ष समानता का अधिकार, सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने का अधिकार, भोजन का अधिकार व शिक्षा का अधिकार का उल्लंघन नही किया जाना चाहिए । संघ की तरह से मानव अधिकारों के हनन के मामलों पीड़ित पक्ष के लिए निःशुल्क कानूनी सहयोग उपलब्ध करवाने का कार्य करेगा । संघ के चैयरमेन संजय सिंगला ने कहा कि जिला सचिवालय एवं जिला न्यायालय में पार्किंग करने की व्यवस्था को आसान बनाने के लिए कार्य करना चाहिए । कई बार पार्किंग कर्मचारियों एवं आमजनों के बीच कहासुनी होती रहती हैं । संघ का जिला प्रशासन से अनुरोध है कि इस बारें में कदम उठाना चाहिए ।क्योंकि जिला प्रशासन के पास आमजन नअपनी समस्या को लेकर आते हैं । सभी से समान व्यवहार उचित नही हैं।

# अम्बाला पुलिस ने 4 नाबालिग बच्चों को उनके परिजनों को सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
महानिदेशक, हरियाणा प्रशान्त कुमार अग्रवाल के निदेर्शानुसार माननीय अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हरियाणा राज्य अपराध शाखा ओ.पी. सिहँ के निर्देशन में हरियाणा पुलिस ने गुमशुदा/बन्धक/शोषित व्यक्तियों/महिलाओं/बच्चों को ढूँढकर परिजनों तक पहुँचाकर उनकी मुस्कान लौटाने के लिए 1 अप्रैल 2023 से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला अम्बाला में पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप रंधावा के कुशल मार्गदर्शन में अम्बाला पुलिस द्वारा भी गुमशुदा/बन्धक/शोषित व्यक्तियों/महिलाओं/बच्चों को ढूँढकर उनके परिजनों तक पहुँचाने और उनकी मुस्कान लौटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के दौरान अम्बाला पुलिस ने 01 अप्रैल 2023 से 07 अप्रैल 2023 के दौरान 04 नाबालिग बच्चों व 02 (दो महिलाओं) को ढूँढकर उनके परिजनों के सुपुर्द कर उनकी मुस्कान लौटाने का सराहनीय कार्य किया है। इस अभियान के दौरान थाना शहजादपुर में दर्ज 01 मामला, सदर अम्बाला में 01, पंजोखरा में 01, नारायणगढ़ में दर्ज 03 मामलों में कुल 06 गुमशुदा को ढूँढकर उनके परिजनों को सौंपा गया है।

# हैल्थ क्लब की तरफ से विद्यार्थियों का हैल्थ चैकअप किया गया



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
आर्य गर्ल्ज कॉलेज, अम्बाला छावनी के प्रांगण में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में हैल्थ क्लब की तरफ से विद्यार्थियों का हैल्थ चैकअप डॉ. संतोष धमीजा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. धमीजा ने बच्चों को स्वस्थ रहने के टिप्स देते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए संतुलित आहार लेना बहुत आवश्यक है। उन्होंने खून की कमी के कारण, लक्षण व उनके उपाय के विषय में चर्चा की। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ छात्राओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी हमारी जिम्मेदारी है। प्राचार्या महोदया के प्रयासों से महाविद्यालय में प्रत्येक बुधवार डॉ. परिणीती, होम्यापेथिक तथा प्रत्येक शुक्रवार डॉ. संतोष धमीजा छात्राओं की निःशुल्क शारीरिक जांच करती हैं। इसके साथ-साथ छात्राओं को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाती हैं। हैल्थ सेंटर कनवीनर डॉ. सरिता ने इस अवसर पर कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है।

## दहेज उत्पीड़न के दो मामले दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला छावनी थाना में शिकायतकर्ता पीड़ित महिला ने 07 अप्रैल 2023 को शिकायत दर्ज करवाई है कि 09 दिसम्बर 2022 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ित करते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है। एक अन्य मामले में थाना अम्बाला शहर में शिकायतकर्ता पीड़ित महिला ने 07 अप्रैल 2023 को शिकायत दर्ज करवाई है कि 29 नवम्बर 2021 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ित करते आ रहे हैं।

# 'भाजपा सरकार सेवा, सुशासन और गरीबों के लिए काम कर रही'



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
कुरूक्षेत्र से सांसद एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा द्वारा शुरू किये गये गांव-गांव चलो, घर-घर चलो अभियान के अन्तर्गत लोगों को केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नायब सिंह सैनी अम्बाला में ओबीसी मोर्चा की जिला कार्यकारणी की बैठक में जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल एवं सशक्त नेतृत्व में भाजपा सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए काम कर रही है। सरकार का लक्ष्य पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उसका उत्थान करने की है। इसके लिए कार्यकर्ता एवं सभी पदाधिकारी पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए सहयोग करें।
उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास व सबका प्रयास की नीति पर चलते हुए समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवाएं पहुंचाने का सत्त प्रयास किया गया है। कोरोना जैसी महामारी काल में प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक वैक्सीन और राशन की निःशुल्क व्यवस्था करना, हर घर नल से जल की मुहिम, महिलाओं को गैस कनैक्शन, हर घर तक बिजली कनैक्शन, महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए शौचालय जैसे अनेकों सेवा व सुरक्षा के सर्वोत्तम कार्य किये गये है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सफल कूटनीति की बदौलत भारत आज दुनिया की अग्रणी देशों की पंक्ति में खड़ा है।
हरियाणा भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में विकास के पथ पर अग्रसर है। हरियाणा एक-हरियाणवी एक की भावाना के साथ प्रदेश में एक समान विकास के कार्य करवाये गये है।

# अवैध इटली मेड पिस्टल सहित आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा अवैध हथियार/कारतूस रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 07 अप्रैल 2023 को सीआईए-शहजादपुर अम्बाला के पुलिस दल ने उप-निरीक्षक बलकार सिहँ के नेतृत्व में सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना शहजादपुर क्षेत्र टी-प्यांट शहजादपुर के पास आरोपी शुभम सिहँ निवासी गाँव बीबीपुर थाना शहजादपुर जिला अम्बाला को अवैध इटली मेड पिस्टल सहित गिरफ्तार कर थाना शहजादपुर में मामला दर्ज कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 01 दिन का रिमाण्ड प्राप्त किया।
07 अप्रैल 2022 को सीआईए-शहजादपुर अम्बाला के पुलिस दल द्वारा अपराधों की रोकथाम व अपराधियों को पकड़ने के लिए गश्त की जा रही थी। गश्त के दौरान पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध हथियार लेकर घूम रहा है जो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना शहजादपुर क्षेत्र टी-प्यांट शहजादपुर के पास नाकाबन्दी की। नाकाबन्दी के दौरान आरोपी पुलिस दल को देखकर भागने की कोशिश करने लगा तो पुलिस ने शक के आधार पर पकड़ कर उसकी तलाशी ली तो उससे अवैध इटली मेड पिस्टल बरामद हुई।
आरोपी की पहचान शुभम सिहँ निवासी गाँव बीबीपुर थाना शहजादपुर जिला अम्बाला के रूप में हुई जिसे अवैध हथियार सहित गिरफ्तार कर थाना शहजादपुर में मामला दर्ज किया।

# यातायात पुलिस अम्बाला ने किए 53 भारी वाहनों के चालान



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा द्वारा 25 अप्रैल 2022 को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविंग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर आज 08 अप्रैल 2023 को 53 भारी वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 338 दिनों में 15645 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके हैं। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और सड़क हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाए। पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निदेर्शों की पालना एवम सड़क सुरक्षा सुनिर्श्चित करने के लिए आज दिनांक 08 अप्रैल 2023 को यातायात पुलिस अम्बाला ने मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 53 भारी वाहनों के चालान किए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।
पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू यह अनिवार्य है कि हम मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में चले जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

## स्नैचिंग के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशन**दीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अकुंश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 07 अप्रैल 2023 को थाना अम्बाला छावनी में दर्ज स्नैचिंग के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी परमजीत सिहँ निवासी किराएदार सुखराम कालोनी थाना दाना मण्डी पटियाला पंजाब को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 01 दिन का रिमाण्ड प्राप्त किया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता पीड़ित महिला ने 05 अप्रैल 2023 को थाना अम्बाला छावनी में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 05 अप्रैल 2023 को आहूजा क्लिनिक कस्तूरबा सुभाष पार्क अम्बाला छावनी के पास से किसी अज्ञात ने उसका पर्स छीन लिया।

# 'कुछ लोग आईआईटी में पढ़कर भी अनपढ़ रहते हैं...'

## कभी भी किसी को अपनी डिग्री पर गुमान नहीं होना चाहिए, क्योंकि डिग्रियां तो पढ़ाई के खर्च की रसीदें होती हैं: एलजी





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली के** उपराज्यपाल वीके सक्सेना रविवार को वजीराबाद में नजफगढ़ ड्रेन की साफ-सफाई के काम का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान प्रधानमंत्री अनपढ़ नहीं, पढ़ा लिखा होना चाहिए को लेकर सवाल पूछा गया। इस पर उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री केजरीवाल का नाम न लेते हुए कहा कि कभी भी किसी को अपनी डिग्री पर गुमान नहीं होना चाहिए, क्योंकि डिग्रियां तो पढ़ाई के खर्च की रसीदें होती हैं। शिक्षा वही है, जो आपका ज्ञान और आपका व्यवहार दर्शाता है। इन कुछ दिनों में मैंने देखा है किस तरीके का व्यवहार किया जा रहा है और मैं ये कह सकता हूं कि ये बात प्रूव हो गई कि कुछ लोग आइआइटी से डिग्री लेने के बाद भी अशिक्षित रह जाते हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली के लोग यमुना को एक अलग रूप में देखेंगे। यमुना की सफाई का काम मिशन मोड में चल रहा है। 22 किलोमीटर के हिस्से की सफाई की जा रही है और इसे 30 जून तक साफ कर दिया जाएगा। हम क्रेडिट के लिए नहीं बल्कि दिल्ली के लोगों को स्वच्छ यमुना देने के लिए काम कर रहे हैं।

### तंज कसा

= शिक्षा वही है, जो आपका ज्ञान और आपका व्यवहार दर्शाता है। इन कुछ दिनों में मैंने देखा है किस तरीके का व्यवहार किया जा रहा

**दिल्ली सरकार के कामकाज में व्यवधान डाल रहे उपराज्यपाल:** आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि उपराज्यपाल दिल्ली सरकार के कामकाज में व्यवधान डाल रहे हैं, मगर जो जिम्मेदारी उनके पास है उस पर काम नहीं कर रहे हैं, और न पुलिस और न ही डीडीए पर ध्यान दे रहे हैं। नाले देखने और उन पर काम करने का काम दिल्ली सरकार है मगर एलजी नालों पर घूम रहे है और क्रेडिट ले रहे हैं। वह उन अधिकारियों पर कार्रवाई कर रहे हैं, जो सरकार में अच्छा काम कर रहे हैं, मगर उन अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं करते, जो सरकार के काम रोकते हैं, पेमेंट रोकते हैं।

## बिजली सब्सिडी के लिए 84 फीसदी उपभोक्ताओं ने किया आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पिछले** साल दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एलान करते हुए कहा था कि बिजली सब्सिडी के लिए आवेदन करने वाले ही उपभोक्ताओं को बिजली में मिलने वाली सब्सिडी का लाभ मिलेगा। वहीं, दिल्ली की नई ऊर्जा मंत्री आतिशी ने हाल ही में घोषणा की कि अक्टूबर से योजना के तहत सब्सिडी के लिए आवेदन करने वाले सभी उपभोक्ताओं को 31 मार्च, 2024 तक मुफ्त बिजली मिलेगी।

**84 फीसीद उपभोक्ताओं ने किया सब्सिडी के लिए आवेदन:** विभाग अधिकारियों ने कहा कि 58.71 लाख घरेलू उपभोक्ताओं में से 84 प्रतिशत से अधिक ने अप्रैल के पहले सप्ताह तक दिल्ली सरकार की बिजली सब्सिडी योजना का विकल्प चुना है। दस्तावेज के अनुसार, 58.71 लाख घरेलू उपभोक्ताओं में से 49.39 लाख ने 6 अप्रैल तक बिजली सब्सिडी के लिए आवेदन कर चुके हैं।

**सबसे ज्यादा आवेदन करने वाले बीएसईएस के उपभोक्ता:** दस्तावेज की मानें तो योजना के तहत सब्सिडी के लिए आवेदन करने वाले सबसे ज्यादा 75 प्रतिशत संख्या बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड के उपभोक्ताओं की है, जबकि नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपभोक्ताओं ने सबसे कम प्रतिशत में सब्सिडी के लिए आवेदन किया है। आंकड़ों के अनुसार, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के 48,000 उपभोक्ताओं में से-लुटियंस दिल्ली के निवासी- 34 प्रतिशत सिर्फ 16,000 उपभोक्ताओं ने सब्सिडी के लिए आवेदन किया है। दिल्ली सरकार प्रतिमाह 200 यूनिट बिजली की खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं से कोई शुल्क नहीं लेती है।

## बैंकट हॉल के अंदर युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बाहरी उत्तरी जिले के अलीपुर थाना इलाके के राजवाड़ा बैंकट हॉल में बीती रात 19 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक बैंकट हॉल में ही काम करता था। बैंकट हॉल के अन्य कर्मचारी द्वारा घटना की जानकारी दी गई। वहीं, सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और हत्या और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। पुलिस को बीती देर रात पीसीआर को कॉल मिली सूर्यदेव राजवाड़ा फार्म में सोए हुए बंटी नाम के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। स्थानीय पुलिस जीटी कर्नाल रोड पर सूर्यदेव राजवाड़ा बैंकेट हॉल पहुंची। तभी फार्म हाउस के अंदर ही एक सोफे पर मृतक बंटी का शव मिला। अलीपुर थाना पुलिस द्वारा क्राइम पीएम को भी मौके पर बुलाया गया, जहां जांच के दौरान क्राइम टीम ने घटनास्थल की जांच की। मृतक के शरीर पर कोई ताजा चोट नहीं देखी गई है, जांच में सामने आया कि मृतक राजवाड़ा फॉर्म में पिछले कुछ सालों से काम कर रहा है और वह रात में यहीं सोता था। शनिवार को भी बंटी इसी फार्म हाउस में सोया हुआ था। पुलिस ने परिजनों को इस संबंध में पूरी जानकारी दे दी है।

## अतीक अहमद के बेटे की दिल्ली में मदद करने वाले 3 गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गुजरात** के साबरमती जेल में बंद माफिया डॉन अतीक अहमद के बेटे असद की दिल्ली में मदद करने वाले तीन लोगों गिरफ्तार किया है। गैंगस्टर अतीक अहमद का बेटा असद उमेश पाल की हत्या के बाद दिल्ली आया था। बता दें कि उमेश पाल 2005 के बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड का मुख्य गवाह था, जिसकी हाल ही हत्या कर दी गई थी।

**तीन को पुलिस ने किया गिरफ्तार:** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि अतीक का बेटा असद दिल्ली के संगम विहार में आया, जहां वह अपने सहयोगी के घर पर लगभग 15 दिन रहा। पुलिस ने घर के मालिक की पहचान जावेद के रूप में की। पुलिस ने उसके तीन सहयोगियों की पहचान की, जो दिल्ली में उसे छिपाने में मदद कर रहे थे।

### कई राज खुलेंगे

= अतीक का बेटा असद दिल्ली के संगम विहार में आया, जहां वह अपने सहयोगी के घर पर लगभग 15 दिन रहा

**असद ने एक सहयोगी के भेजा था मेरठ:** दिल्ली में रहने के दौरान असद ने अपने एक सहयोगी को मेरठ भेजा। उसके सहयोगी ने मेरठ में पैसा इकट्ठा किया और उसे सारी नकदी सौंपने के लिए दिल्ली लौट आया। सूत्र ने कहा कि अतीक अहमद का एक पुराना ड्राइवर दिल्ली में रहता है और उसने ही असद को मेरठ से पैसा लाने में मदद की थी।

यूपी एसटीएफ स्पेशल सेल के संपर्क में है। स्पेशल सेल के साथ वे यह पता लगाने के लिए एनसीआर में छापेमारी कर रहे हैं कि असद की मदद कौन कर रहा था। स्पेशल सेल द्वारा दिल्ली में हिरासत में लिए गए तीन लोगों से फिलहाल पूछताछ की जा रही है।

## युवक ने प्रेमिका की मां को मारी गोली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मध्य** जिले के देशबंधु गुप्ता रोड पर एक युवक ने अपनी प्रेमिका की मां को बीती देररात गोली मार दी। इस वारदात में गंभीर रूप से घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया । पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपित अपनी प्रेमिका के साथ लिव इन में रहता था। अब तक की पूछताछ में पता चला है कि शनिवार की देररात उसका प्रेमिका की मां के साथ उनके कुत्ते को लेकर कुछ विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों में हाथापाई होने लगी। इस दौरान गुस्से में आकर आरोपित ने तमंचा निकालकर महिला को गोली मार दी और मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से आरोपित की गर्ल फ्रेंड ने अपनी मां को अस्पताल पहुंचाया। महिला को फिलहाल आईसीयू में रखा गया है। अस्पताल से सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने महिला का बयान दर्ज करने के बाद आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



एलजी वजीराबाद में नजफगढ़ ड्रेन की साफ-सफाई के काम का निरीक्षण करने पहुंचे।

## 5 लोगों ने घर के बाहर बरसाईं ताबड़तोड़ गोलियां, गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में वेलकम पुलिस स्टेशन के कबीर नगर क्षेत्र में फायरिंग की घटना सामने आई है। फायरिंग की यह घटना शनिवार को तड़के करीब 1 बजकर 10 मिनट पर हुई। दिल्ली पुलिस ने रविवार को जानकारी दी कि कबीर नगर में एक घर के बाहर 5 लोगों ने कई राउंड फायरिंग की है।

**फायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ:** गनीमत की बात रही कि फायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस ने आगे बताया कि फायरिंग की घटना में शामिल सभी 5 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वेलकम पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 336 और 34 और आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान अब्दुल्ला, यासीन, जुबैर, जोएब और इस्तकार के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक जमानत पर छूटा यासीन इरफान छेनू गिरोह के दोनों सदस्यों अरबाज और आकिब के साथ दिल्ली की मंडोली जेल के सेल नंबर 11 में बंद था।

### कोई हताहत नहीं

= फायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस ने आगे बताया कि फायरिंग की घटना में शामिल सभी 5 लोगों को गिरफ्तार कर लिया




मंडोली जेल के हेड वार्डन स्वराज सिंह ने अरबाज और आकिब को उनके सेल में पीटा था।

**हेड वार्डन पर हमले की रची साजिश:** पुलिस ने कहा कि अरबाज ने बाद में कबीर नगर में हेड वार्डन के आवास पर हमले की साजिश रची, पुलिस ने कहा कि यासीन (22) 7 अप्रैल को जेल से बाहर आया था। अरबाज ने अब्दुल्ला (22), जोएब (19), इस्तकार (22), मिस्बाह, जुबैर (21) और फरदीन से मुलाकात की, जिनमें से आखिरी ने एक पिस्तौल, 6 राउंड गोला बारूद, एक 'कट्टा' (देशी) मुहैया कराया। मिस्बाह और जोएब के पास अपने-अपने हथियार थे। पुलिस ने कहा कि यासीन, अब्दुल्ला और मिस्बाह एक मोटरसाइकिल पर यात्रा कर रहे थे, जबकि जोएब और इस्तकार दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार थे, उन्होंने कहा कि वे 1 बजे कबीर नगर पहुंचे।

उन्होंने हेड वार्डन के आवास की पहचान करने के लिए जुबैर को कबीर नगर कॉलोनी के अंदर भेजा। पुलिस ने बताया कि जुबैर घर का मुआयना करने के तुरंत बाद लौटे और हमलावरों को लेआउट के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि उन्होंने बताया कि घर के बाहर दो आवारा कुत्ते थे। यासीन, अब्दुल्ला, मिस्बाह, जोएब और इस्तकार फिर निवास के लिए रवाना हुए, लेकिन दो कुत्तों को देखने के बाद बाहर ही रुक गए। पुलिस ने कहा कि मौके से भागने से पहले उन्होंने हवा में और घर के लोहे के गेट पर करीब 10 राउंड फायरिंग की। अनजाने में सी-4/14 में हेड वार्डन के घर पर गोली चलाने के बजाय, उन्होंने दूसरे घर के बाहर फायरिंग शुरू कर दी, पुलिस ने कहा, उन्होंने कहा कि उन्होंने गलती से उस घर को हेड वार्डन का घर समझ लिया।

## अफ्रीकी नागरिक से ढाई करोड़ की हेरोइन बरामद



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी** जिला की नारकोटिक्स सेल ने हेरोइन सप्लाई करने वाले एक अफ्रीकी नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 1.01 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है जिसकी कीमत करीब ढ़ाई करोड़ रुपये आंकी गई है। आरोपी तीन माह के लिए मेडिकल वीजा पर भारत आया था और शिव विहार में अवैध रूप से रहकर अफ्रीकी रसोई में काम करता था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर छानबीन में जुटी है। उसकी पहचान नाइजीरिया निवासी संडे ओकेके उगवोके के रूप में हुई है। बाहरी जिले के नारकोटिक्स सेल को जानकारी मिली कि संडे नाम का एक व्यक्ति शिव विहार में अफ्रीकन रसोई चला रहा है। वह रसोई की आड़ में दिल्ली और एनसीआर में हेरोइन की सप्लाई करता है। इस सूचना पर पुलिस ने उस पर निगरानी बढ़ाई। सात अप्रैल को पुलिस को आरोपी के हेरोइन सप्लाई के लिए तिलक नगर आने की जानकारी मिली। पुलिस की टीम ने तुरंत उसके घर के पास घेराबंदी कर दी। कुछ देर बाद पुलिस ने एक अफ्रीकी मूल के व्यक्ति को चार मंजिला मकान से पेपर बैग लिए निकलते देखा। जैसे ही पुलिस उसकी ओर बढ़ी, आरोपी तेजी से घर में घुसने की कोशिश करने लगा। इसी दौरान पुलिस ने उसे दबोच लिया।

### शिंकजा

= आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 1.01 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है जिसकी कीमत करीब ढ़ाई करोड़ रुपये आंकी गई है

## शरजील की जमानत याचिका पर आज सुनवाई करेगा हाईकोर्ट




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जामिया** हिंसा मामले में आरोपित शरजील इमाम की जमानत याचिका दिल्ली हाई कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। राजद्रोह के इसी मामले में ट्रायल कोर्ट ने इससे पहले शरजील की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। ट्रायल कोर्ट के इस आदेश को उन्होंने हाई कोर्ट में चुनौती दी है। शरजील इमाम की जमानत याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल और तलबंत सिंह की पीठ सुनवाई करेगी। अदालत ने 30 जनवरी को पुलिस का रुख पूछा था। क्या इमाम की जमानत याचिका को फैसले के लिए निचली अदालत में वापस भेजा जा सकता है, क्योंकि निचली अदालत के आदेश में जमानत खारिज करने का कोई आधार नहीं दिया गया था। पीठ ने कहा था कि आईपीसी की धारा 124 ए (देशद्रोह) को उच्चतम न्यायालय के निदेशों के बाद निलंबित रखा गया है, इसलिए उसे इमाम के खिलाफ अन्य धाराओं को ध्यान में रखते हुए निचली अदालत के जमानत खारिज करने के आदेश की जांच करनी होगी। पिछले साल निचली अदालत ने इमाम के खिलाफ आईपीसी की धारा 124 ए (देशद्रोह), 153 ए (दुश्मनी को बढ़ावा देना), 153 बी (राष्ट्रीय एकता पर प्रतिकूल आरोप), 505 (सार्वजनिक शरारत करने वाले बयान) और धारा 13 (दंड) के तहत आरोप तय किए थे। अभियोजन पक्ष के अनुसार, शरजील इमाम ने कथित तौर पर 13 दिसंबर, 2019 को जामिया मिलिया इस्लामिया में और 16 दिसंबर, 2019 को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में भाषण दिया था।

### सुनवाई

= राजद्रोह के इसी मामले में ट्रायल कोर्ट ने इससे पहले शरजील की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था

## 'लव यू माय बेबी...', महाठग ने जैकलीन के लिए लिखा नया लव लेटर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की मंडोली जेल में बंद महाठग सुकेश चंद्रशेखर बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस से रिलेशनशिप के चर्चे अक्सर सुर्खियों में छाए रहते हैं। ताजा मामले में सुकेश ने जैकलीन को एक और पत्र लिखा है। इस पत्र के जरिए सुकेश ने जैकलीन को ईस्टर की शुभकामनाएं देते हुए बताया है वह अभिनेत्री को काफी मिस कर रहा है। महाठग ने अपने पत्र में लिखा, "मेरी बेबी, मेरी बोम्मा, जैकलीन



बेबी ईस्टर की ढेर सारी शुभकामनाएं। यह तुम्हारे लिए साल के पसंदीदा त्योहारों में से एक है और तुम्हें ईस्टर एग्स बहुत पसंद है।" उसने आगे लिखा, "मेरी बेबी, क्या तुम्हें पता है कि तुम कितनी सुंदर हों। इस ग्रह पर तुम्हारे जैसा सुंदर कोई नहीं है। मैं तुमसे प्यार करता हूं।"

**तुम मेरी दिल की धड़कन हो:** "मैं और तुम हमेशा एक साथ आने के लिए बने हैं। ये वक्त जल्द ही बीत जाएगा। साथ ही सुकेश ने लेटर में बताया कि उसने "तुम मिले, दिल खिले और जीने को क्या चाहिए" गाने का नया सुना तो मुझे तुम्हारी (जैकलीन) याद आ रही थी। तुम मेरी दिल की धड़कन हो। साथ ही सुकेश ने लेटर में आगे लिखा कि "अगला ईस्टर" जैकलीन का सबसे अच्छा ईस्टर होगा।" वहीं, पत्र के अंत में उसने लिखा कि पागल मुझे प्यार करने के लिए धन्यवाद और उसने अभिनेत्री के माता-पिता को भी ईस्टर की शुभकामनाएं दी हैं।

## एमबीए के छात्र ने कमरे में फांसी लगाकर दी जान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राजधानी दिल्ली में एक एमबीए के छात्र द्वारा आत्महत्या का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से कोई भी सुसलाइड नोट नहीं मिला है। हालांकि हर एंगल से जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि दक्षिण पूर्वी दिल्ली के जामिया नगर इलाके में शनिवार और रविवार की रात यह घटना हुई है। सुसाइड नोट न मिलने की वजह से अभी पता नहीं चल पाया है कि छात्र ने आत्महत्या का कदम क्यों उठाया। पुलिस के अनुसार, शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात पुलिस को आत्महत्या की जानकारी मिली।

## एनएच-24 पर व्यक्ति को लूटने के आरोप में 2 गिरफ्तार

### लूट की घटना में शामिल 2 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, साथ ही पुलिस ने एक किशोर को भी घटना में शामिल होने के आरोप में हिरासत में लिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लूट की** घटना में शामिल 2 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने एक किशोर को भी घटना में शामिल होने के आरोप में हिरासत में लिया। पुलिस ने कहा कि आरोपियों की पहचान गाजियाबाद के खोरा कॉलोनी निवासी तिलक (19) और ई-रिक्शा चालक विकास दुबे (19) के रूप में हुई है, दोनों नशे के आदी हैं।

**पुलिस ने अज्ञात लोगों ने किया था हमला:** गिरफ्तारी के बारे में जानकारी देते हुए एक पुलिस अधिकारी ने कहा, "पूर्वी विनोद नगर निवासी अमित कुमार द्वारा अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज



कराई गई थी। बताया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 24 पर खिचड़ीपुर में एक पुल पर अज्ञात लोगों ने उस पर हमला कर दिया था। हमला उस दौरान हुआ जब वह अपने घर जा रहा था।

**हमला करके किया बेहोश:** आरोपित ने उसे पीछे से दबाया और फुट ओवरब्रिज के पास एक सीमेंट के खंभे पर उसका सिर पटक दिया। वह बेहोश हो गया, जिसके बाद आरोपी ने उसके दोनों मोबाइल हैंडसेट ले लिए।" कल्याणपुरी थाने में अज्ञात लुटेरों के खिलाफ आईपीसी की धारा 394 व 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। घटना की जांच के लिए क्राइम ब्रांच की टीम को लगाया गया है।

**2 आरोपित गिरफ्तार:** जांच के दौरान टीम को आरोपितों के बारे में अहम सुराग मिले हैं। इसके अलावा खुफिया जानकारी के आधार पर गाजीपुर और गाजियाबाद के खोरा में छापेमारी की गई। दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है और किशोर को पकड़ लिया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के पास से फोन भी बरामद किए हैं। पूछताछ के दौरान आरोपित तिलक ने बताया कि वह अपने दोस्त विकास के साथ नशा खरीदने के लिए पूर्वी दिल्ली के मंडावली जा रहा था। उन्होंने कहा कि उन्हों उसका पीछे से गला दबाया और कंक्रीट के खंभे से उसका सिर टकराया। पुलिस ने कहा कि जैसे ही वह बेहोश हो गया, वे उसका मोबाइल फोन ले गए और भाग गए।

### विश्वस्तरीय

= "पूर्वी विनोद नगर निवासी अमित कुमार द्वारा अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी"

## न्यूज फ्लैश

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना महेशनगर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में 07 अप्रैल 2023 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी परमजीत सिहँ निवासी सरोजनी नगर कालोनी जिला लखनऊ यूपी वर्तमान पता डड्डू माजरा चण्डीगढ़ को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 02 दिन का रिमाण्ड प्राप्त किया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री साहिल निवासी गोविन्द्र नगर अम्बाला छावनी ने 01 जुलाई 2022 को थाना महेशनगर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी गुरप्रीत सिहँ, विरेन्द्र सिहँ व आरोपी महिला ने 16 फरवरी 2021 से 01 जुलाई 2022 के दौरान विदेश भेजने के नाम पर उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी कर जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

### हैरोइन मामले में दूसरी महिला आरोपी को भी किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना अम्बाला शहर पुलिस ने की कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने हेतू चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 07 अप्रैल 2023 को थाना अम्बाला शहर में दर्ज हैरोइन तस्करी के मामले में पुलिस ने प्रबन्धक थाना अम्बाला शहर निरीक्षक नरेन्द्र सिहँ के नेतृत्व कार्यवाही करते हुए आरोपी महिला निवासी कलाल माजरी अम्बाला शहर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 01 दिन का रिमाण्ड प्राप्त किया। 05 अप्रैल 2023 की रात्रि को थाना अम्बाला शहर पुलिस चैकीं नम्बर-4 के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी महिला मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करती है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना अम्बाला शहर क्षेत्र लैदर फैक्टरी डेहा कालोनी अम्बाला शहर के पास नाकाबन्दी की। नाकाबंदी के दौरान सन्दिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चैकिंग करते समय आरोपी महिला की विधिपूर्वक महिला पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उससे 17 ग्र्राम 40 मिलिग्राम हैरोइन बरामद कर थाना अम्बाला शहर में मामला दर्ज किया था। आरोपी महिला ने पूछताछ के दौरान बतलाया था कि वह यह हैरोइन आरोपी महिला से खरीद कर लाई है।

### महिला को छेड़छाड़ कर जान से मारने की धमकी का आरोप

**गन्नौर:** गन्नौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला के मोबाइल पर अश्लील मैसेज कर कथित तौर से छेड़छाड़ करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में महिला ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि वह घरेलू कामकाज करती है। मेरे गांव का सतीश उर्फ रिंकू कई दिनों से घर के बाहर चक्कर लगाते हुए गलत हरकत व इशारे करता था। शिकायत में आरोप है कि गत 8 अप्रैल को मेरे फोन पर गलत मैसेज किया मैंने उससे पूछा कि नंबर कहां से लिया है तो उसने बताया की फैमिली आईडी से उसने नंबर लिया है और मुझसे जबरदस्ती धमकी दे रहा था कि मुझसे मिलना पड़ेगा। आरोप है कि उससे फोन पर बात की और मुझे व मेरे पति को धमकी दी कि अगर मुझसे नहीं मिली तो तुझे मैं तेरे परिवार को जान से मार दूंगा। मेरे रिश्तेदार पुलिस में है, सरपंच का लड़का हूं मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता। महिला ने व्हाट्सएप पर हुई बातों के स्क्रीनशॉट लेकर गन्नौर थाना पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर सतीश उर्फ रिंकू पर मामला दर्ज कर लिया है।

### जुआ खेलते दो लोगों को रंगे हाथों पकड़ा, 9700 रुपये भी हुए बरामद

**गन्नौर:** गन्नौर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शहर की पुरानी सब्जी मंडी में रेड मारकर ताश के पतो के साथ जुआ खेलते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों के पास से पुलिस ने 9700 रुपये भी बरामद किए है। जांच अधिकारी राजकुमार ने बताया कि गढ़ी केसरी निवासी आरिफ व गन्नौर प्रधानवास निवासी अनिल को पकड़ा है। उन्होंने बताया कि अनिल के पास से 4400 रुपये बरामद हुए है जबकि आरिफ से 5300 रुपयों के साथ 52 ताश पते बरामद हुए है। दोनों के खिलाफ जुआ अधिनियम एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### बिजली के तारों से निकली चिंगारी से 20 एकड से अधिक फसल नष्ट

**मथुरा।** हाईटेंशन विद्युत लाइन के तारों से निकली चिंगारी से बीस एकड़ से अधिक रकवा की गेहूं की फसल नष्ट हो गई। दो दिन में आग लगने की दो घटनाओं से किसान सहम गए हैं। शेरगढ़ रोड स्थित आईओसी पेट्रोल पम्प के सामने 20 एकड़ गेहूं की फसल नष्ट हो गई।

# 'काम में बाधा डालने वालों की कार्यालय में दर्ज कराएं शिकायत'

## २सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय के बाहर लगी रहने वाली भीड़ को लेकर सख्ती

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/ लोकेश चौधरी** सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय के क्षेत्रांतर्गत ड्राइवर ट्रेनिंग संस्थान वृंदावन मथुरा में कार्यरत संभागीय परिवहन निरीक्षक नीतू शर्मा ने लोगों से अपील की है कि वह कार्यालय से संबंधित किसी भी कार्य के लिए सीधे कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी और अधिकारियों से संपर्क करें। कार्यालय से संबंधित किसी बाहरी व्यक्ति से कार्य कराने के एवज में अपनी तरफ से काई संपर्क स्थापित न करें। इससे वह ठगी के शिकार हो सकते हैं।



अगर कार्यालय से बाहर अथवा अन्यत्र कोई व्यक्ति उनके कार्य में व्यवधान पैदा करता है तो इसकी शिकायत पुलिस अथवा कार्यालय में करें। कार्यालय के बाहर अनाधिकृत व्यक्तियों के बैठे होने तथा आवेदकों का कार्य अवरुद्ध किए जाने की लगातार सूचना मिलने के बाद विभाग की ओर से यह अपील आम लोगों से की गई है। इस संबंध में समस्त आवेदकों से कहा गया है कि डी.टी.आई कार्यालय के बाहर उपस्थित व अन्य संबंधित अनधिकृत व्यक्तियों का कार्यालय से कोई संबंध नहीं है। कार्यालय में सभी आवेदकों का कार्य विभाग नियमानुसार व विभाग द्वारा निर्धारित तय शुल्क के अनुसार ही किया जाता है। जिसकी जानकारी आवेदक विभागीय वेबसाइट पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं। यदि किसी बाहरी अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा आवेदक को गुमराह किया जाता है अथवा अवरोध उत्पन्न किया जाता है तो तत्काल उसकी शिकायत पुलिस व एआरटीओ कार्यालय में करें। जिससे समस्त सम्मानित आवेदकों को होने वाली असुविधा से बचा जा सके एवं शासन की मंशा के अनुसार विभागीय नियमानुसार तय शुल्क। मानकों के अनुसार आवेदकों की समस्या का निस्तारण हो सके। विभागीय वेबसाइट पर जाकर समस्त आवेदक समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## सिंधी भाषा दिवस पर नवयुवकों को जोड़ने की पहल



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** सिंधी भाषा दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को गोवर्धन रोड स्थित श्रीजी शिवाशा एस्टेट में लाड़ी लोहाणा सिंधी नवयुवक मंडल द्वारा सिंधी जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। नवयुवक मंडल के अध्यक्ष गिरधारी नाथानी ने बताया कि 10 अप्रैल 1967 को भारतीय संविधान की आठवी अनुसूची में भारत की प्राचीन सिंधी भाषा को शामिल किया गया था तभी से सिंधी भाषा दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सिंधी समुदाय की विरासत बोली और भाषा ही है, जो हमारी पहचान भी है, इसे विलुप्त होने से बचाने के लिए जरूरी है कि हम सिंधी बोली भाषा का प्रयोग करते रहें। इस मौके पर मुख्य अतिथि सिंधी जागरूक मंच के संस्थापक किशोर इसरानी ने नवयुवक मंडल के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी समुदाय की बोली भाषा तभी तक जीवित रह सकती है, जब तक वह नई पीढ़ी के पास भी सुरक्षित है।

## योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, एक्युप्रेशर शिविर में ग्रामीणों को किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर भोगीपूर** गांव के उप स्वास्थय केन्द्र में आयुष विभाग के जिला आयुवैदिक अधिकारी डा. सतपाल के नेतृत्व में संचालित योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा व एक्युप्रेशर कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजलू गढ़ी के आयुष डिस्पैंशरी के एएमओ डा. बलविन्द्र की देखरेख में लगाया गया। जिसमें आयुवैदिक डिस्पैंशर सीमा रानी, एएनम सुदेश, आयुष पार्ट टाईम योग सहायक अनिल, धीरज, मीनाक्षी, सतीश ने ग्रामीणों को योग क्रियाए सिखाने के साथ उनसे होने वाले फायदे के बारे में अवगत करवाया। एएमओ डा. बलविन्द्र ने बताया कि जन-जन तक योग एवं आयुर्वेद पहुंचाने की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए प्राकृतिक चिकित्सा व योग का समायोजन करते हुए बीपी, शुगर, स्कीन रोग, पेट की समस्या, योग से ठीक होने वाली बीमारियों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी।

इस मौके पर सरपंच सावन कुमार के अलावा अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## आठ साल के अरहान का नाले में मिला शव

**मथुरा।** औरंगाबाद के मेवाती मोहल्ले के रहने वाले अफजल खान के आठ वर्षीय बेटे अरहान का शव रविवार को नाले में मिला। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। यह व्यक्ति बालके के पिता के प्रतिष्ठान पर मुनीम गिरी का काम करता है। अरहान शनिवार की शाम को अचानक लापता हो गया था, रविवार की सुबह उसका शव मिलने से हर कोई स्तब्ध था। अरहान का शव घर से 500 मीटर की दूरी पर मिला। शव के ऊपर रजाई डली हुई थी। मासूम लोअर व टी शर्ट पहना हुआ था। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अरहान अपने पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी दो बहने हैं।

## पीएनबी किचेनमेट मैराथन में बेहतर कार्य करने वाले डिस्ट्रीब्यूटर को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/राई।** मुरथल में एक निजी बैंक्विट हॉल में पीएनबी किचेनमेट मैराथन 2023 का आयोजन किया। जिसमें देश के विभिन्न प्रदेशों से डिस्ट्रीब्यूटर और डीलर पहुंचे हैं। कार्यक्रम की शुरूआत पीएनबी किचेनमेट के निदेशक राकेश बजाज, राजेश बजाज, राजीव बजाज, राहुल बजाज आदि ने कंपनी के अधिकारियों के सहयोग से दीप प्रज्वलन करके किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे सोनीपत के उपायुक्त ललित सिवाच ने देश के अलग-अलग प्रदेशों से बेहतरीन कार्य करने वाले व्यापारियों को भी सम्मानित कर शुरूआत की। पीएनबी किचन मेट के डायरेक्टर राजीव बजाज ने कहा पीएनबी



किचेनमेट गांव से लेकर शहर के हर व्यापारी तक पहुंचना चाहता है और इसीलिए प्रत्येक छोटे व्यापारी से बड़े व्यापारी को किचन में से जोड़ने का काम किया जा रहा है और किचन में के बर्तन की क्वालिटी के कारण ही परिवार लगातार आगे बढ़ रहा है वहीं कार्यक्रम में पहुंचने वाले डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर को उनके उज्जवल भविष्य के लिए भी शुभकामनाएं दी है। किचेनमेट के बर्तन हर घर तक अपनी पहुंच बनाए हुए हैं और बेहतरीन क्वालिटी के चलते लगातार डिस्ट्रीब्यूटर और डीलर जुड़ रहे हैं। निदेशक राकेश बजाज ने कहा कि प्रोत्साहन के लिए सभी को बुलाया है ताकि क्षेत्र का नाम रौशन हो।

# परिवर्तन पद यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत करेगी बहादुरगढ़ की जनता

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**

इंडियन नेशनल लोकदल द्वारा शुरू की गई हरियाणा परिवर्तन पद यात्रा का न्यौता देने के लिए इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी लगातार गांवों के जनसंपर्क अभियान में जुटे हैं।

रविवार को इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी ने बामनोली, मुकुंदपुर, खैरपुर, कानोंदा, बराही व सांखोल गांव में पहुंचे और ग्रामीणों को परिवर्तन पद यात्रा में भारी संख्या में शामिल होने का न्यौता दिया। सभी गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों की ओर से इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी का जोरदार स्वागत किया गया।

ग्रामीणों को परिवर्तन पद यात्रा का



न्यौता देते हुए इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी ने कहा कि इनेलो की ओर से शुरू की गई पद यात्रा का मकसद केवल मात्र प्रदेश में सरकार बनाना नहीं है बल्कि उन तमाम नीतियों को साकार रूप प्रदान करना है जो चौ. देवी लाल की चाहत थी। उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश का हर वर्ग भाजपा के कुशासन की मार झेल रहा है। उन्होंने कहा कि इनेलो की सरकार आने पर प्रदेश में विकास नीतियों को लागू करने के साथ-साथ हर वर्ग को उन्नतशील राह भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि इनेलो द्वारा शुरू की गई परिवर्तन पद यात्रा का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं बल्कि इस देश और प्रदेश के कमेरे, किसानों, मजदूरों, गरीबों, कर्मचारियों, महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं के भविष्य को लेकर है।

उन्होंने कहा कि पदयात्रा जिन भी क्षेत्रों में पहुंचती है तो सभी वर्गों के साथ-साथ युवा बड़े जोश और उत्साह के साथ यात्रा में शामिल होता है। उन्होंने कहा कि अब वक्त बदलाव का ही नहीं

बल्कि सोचने और समझने का है। अब लोगों को जागने की जरूरत है और उन्हें यह परखने की जरूरत है कि क्या जुमलों के आधार पर देश और प्रदेश उन्नतशील हो सकता है? क्या इसी झूठ के आसरे युवाओं का भविष्य सुरक्षित रह सकता है? क्या इसी फरेब और जनविरोधी नीतियों के कारण गरीब का भला हो सकता है। अहम बात तो ये है कि इस देश और प्रदेश में आज युवा बढ़ती बेरोजगारी के कारण पथभ्रष्ट हो गया है। उन्होंने कहा कि इनेलो की सरकार आने पर लोगों को अपने हक-अधिकार के लिए दर-दर की ठोकरें नहीं खानी पड़ेगी।

युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। महंगाई पर अंकुश लगाया जाएगा और गृहणी को प्रत्येक माह रसोई बजट के लिए 1100 रुपए देने के साथ-साथ एक गैस सिलैंडर हर महीने मुफ्त दिया जाएगा।

## भूसा बैंकः भूसा दान करने के लिए किसानों को प्रेरित करेंगे अधिकारी


**मथुरा।** अब छुट्टा गोवंश न खेतों में दिखेगा और नहीं सडक पर। सभी ग्राम पंचायतों में गोशालाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इस समय खेतों में गेहूं की कटाई का समय चल रहा है। किसानों को इस बात के लिए प्रेरित किया जा रहा है कि वह गोशालाओं को भूसा दान दें। जनपद में नोडल अधिकारी (निराश्रित गौवंश) निदेशक, समाज कल्याण विभाग पवन कुमार द्वारा गौशाला समिति एवं भूसादान के संबंध में बैठक ली गई। नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में गौशाला निर्माण व अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की गई। नोडल अधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद के अधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों की रिपोर्ट लेते रहें। खंड विकास अधिकारियों से कहा कि जिन गांवों पर शासकीय जमीन है और गत वर्ष जो निजी जमीन पर आधारभूत संरचना की गई थी वहां पर गोवंशो को शिफ्ट कराया जाए। जिन गांव पर शासकीय जमीन उपलब्ध है वहां पर तत्काल उप जिलाधिकारी व्यवस्था कराएं और नए गौशाला बनाए जाए। जिन गांव पर शासकीय जमीन उपलब्ध हो जाए तो वहां पर तत्काल गौशाला का निर्माण करते हुए गौवंश को गौशाला तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत गोवंश गौशाला के अंदर होनी चाहिए। जिलाधिकारी पुलकित खरे ने कहा कि गेहूं की कटाई चल रही है और लोग गेहूं क्रय केंद्र जा रहे है। आप सभी लोग व्यवस्था बनाएं कि क्रय केंद्र से भूसा सीधा गौशालाओं में जाए। आप लोग किसानों को प्रोत्साहित करे की वे भूसा दान दें। जिसे आप सचिव एवं प्रधान के माध्यम से गौशालाओं तक पहुंचाए।

## शामलात जमीन पर अवैध काश्त के मामले में ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस फोर्स के लिए लिखा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर खेड़ी** तगा गांव में कुम्हारों को मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए शामलात जमीन रिजर्व पर नजायज तरीके से गेहूं की फसल काश्त के मामले में एक व्यक्ति ने सीएम विंडो से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित शिकायत दी है। मामला अदालत में भी विचाराधीन है। शिकायतकर्ता की मांग है कि जमीन पर काश्त की फसल को प्रशासन अपने कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। एसईपीओ जयभगवान ने बताया कि शिकायत मिली है। मामले को फसल पकने तक ग्राम सचिव व सरपंच की निगरानी रहेगी। ग्राम सचिव अनुराग ने बताया कि शामलात जमीन पर फसल काश्त करने वाले व्यक्ति को नोटिस जारी करने के साथ ही ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस फोर्स के लिए लिखा गया है। सरपंच को भी निर्देश दिए है कि फसल पर चौकीदार के माध्यम से निगरानी रखे।

# चाईल्ड केयर इंटरनेशनल में लगाया योग शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर गन्नौर-** शाहपुर मार्ग पर शेखपुरा गांव के पास स्थित चाईल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ योग किया। कार्यक्रम का आयोजन बच्चों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बच्चों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। योगशाला संचालक मंजीत पहल ने बताया गया कि योग के माध्यम से शरीर के सामंजस्य को ठीक रखा जा सकता हैं। कार्यक्रम की शुरूआत




ऊं व गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हुई। उसके बाद योग शिक्षिका मंजीत पहल ने बच्चों को विभिन्न आसन व प्राणायामों के बारे में व उनसे होनेवाले लाभ के बारे में बताया। विद्यालय के निदेशक अजय यादव ने भी बच्चों को योग के बारे में विस्तार से बताया तथा योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक फायदों को गिनाते हुए कहा कि निरोग रहने का सबसे सहज माध्यम योग है। स्वस्थ रहने के लिए जीवन में योग करना

> 8 कार्यक्रम का आयोजन बच्चों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया

आवश्यक है, क्योंकि नियमित रूप से योग करने से शारीरिक एवं मानसिक दोनों तरह का विकास होता है। छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षिका कुसुम, राखी, पूनम, सुमित, प्रिया, संगीता, पिंकी, कविता, सुनीति, लवली, ज्योति, सुमन, कोमल, अमित सुरेंद्र, मुकेश, अन्नू यादव ने भी योगाभ्यास किया।

# 'आलोचनाओं पर ध्यान न देकर लक्ष्य पर ध्यान दें'

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

फरह में लुई ब्रेल लिपि के आधारित पर संचालित दृष्टिबाधित स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में पहुचे जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी ने दृष्टिबाधित बच्चों को आशीर्वचन दिया। संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि दृष्टिहीनता अभिशाप नहीं बल्कि परमात्मा का प्रसाद है। अपने विचार, व्यवहार व आचरण से लोगों को प्रभावित करिए। अंधे बच्चों को संबोधित करते हुए अपने जीवन की एक घटना का जिक्र किया और कहा कि मात्र दो माह की उम्र में ही उनकी आंखों की रोशनी चली गयी थी। पिताजी भी मुझे अपने साथ मांगलिक कार्यक्रम में ले जाना अशुभ समझते थे। जो लोग मुझे अशुभ



मानने थे आज वही मेरी पूजा कर-के जलपान करते हैं। इसलिए अपनी योग्यता इतनी बढ़ाओ कि बड़े से बड़े शुभ कार्यक्रम का शुभारंभ भी लोग आप से कराए। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद रामशंकर कठेरिया, स्कूल के संचालक रवि दिनकर, आरफा शबनम, एसकेएम कंपनी के निदेशक ठा कुलदीप सिंह, दीनदयाल धाम के निदेशक सोनपाल सिंह, आगरा के व्यवसायी

> 8 ष्टिहीनता अभिशाप नहीं बल्कि परमात्मा का प्रसाद है। अपने विचार, व्यवहार व आचरण से लोगों को प्रभावित करिए

बीडी अग्रवाल ओमप्रकाश शर्मा. विमल ठाकुर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कुमार एवं पप्पू चैधरी ने किया। इस मौके पर रामभद्राचार्य जी द्वारा शैलेन्द्र सोनकर उपायुक्त राज्य दिव्यांगजन, उत्तर प्रदेश और दखोला, फरह निवासी शहीद फौजी सतेंद्र सिंह यादव की धर्मपत्नी सुमन देवी का सम्मान किया गया। इस मौके पर दृष्टिहीन बच्चों ने विभिन्न प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया।

## निकाली गई अन्न जागरण अभियान रैली

**मथुरा।** गोवर्धन क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के तत्वाधान में प्राकृतिक खेती एवं श्री अन्न जागरण अभियान को लेकर रैली निकाली गई रैली की शुरूआत बस स्टैंड से लेकर सैनी मोहल्ला होते हुए पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर रैली का समापन किया।वही उसके बाद पार्टी के क्षेत्रीय विधायक के साथ पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर पहुँचकर फोटो सेशन कराया। वही रैली को लेकर जानकारी देते हुए क्षेत्रीय विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह ने बताया कि यह रैली भारतीय किसान मोर्चा के तत्वाधान में निकाली गई है इस रैली का मुख्य कारण खेत में प्राकृतिक तरीके से फसल उगाना है जो लोग जैविक खेती करके अधिक फसल का उत्पादन करते हैं।

# रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी नहीं होती बल्कि स्वस्थ रहताः रणबीर

> 8 दूसरों की अनमोल जिंदगी बचाने को लेकर जिसमें युवाओं ने उत्साहित होकर आगे आकर अपना रक्तदान किया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर स्वैच्छिक** रक्तदान शिविर चिरस्मी गांव में रविवार को जनहित अभियान फाउंडेशन की ओर से लगाया गया। दूसरों की अनमोल जिंदगी बचाने को लेकर जिसमें युवाओं ने उत्साहित होकर आगे आकर अपना रक्तदान किया। शिविर में सेहत कर्मियों की टीम ने करीब 49 यूनिट ब्लड एकत्र किया। शिविर फाउंडेशन के अध्यक्ष



नरेंद्र हुड्डा की अध्यक्षता में लगाया गया। शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि समाजसेवी रणबीर छिक्कारा ने रिबन काटकर किया और कहा कि साल में 4 बार एक स्वस्थ व्यक्ति खून दान कर सकता है। रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी नहीं होती बल्कि स्वस्थ रहता है। सरपंच जसबीर, राजपाल छिक्कारा, नीरू छिक्कारा, अयज छौक्कर, मोहित राठी, विजय खोखर, सागर रापरिया, विकास मलिक, इशिका शर्मा आदि मौजूद रहे।

# केवल पार्क: कथा में मुख्य प्रसंग रहा सुदामा चरित्र









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के केवल पार्क स्थित रामलीला मैदान में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा का आयोजन प्रभुकृपा कथा समिति के द्वारा किया जा रहा है।

इसमें मुख्य यजमान श्रीमती विमला देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय शमशेर सिंह गोयल, श्रीमती मिनाश्री गोयल एवं अजय गोयल, मंयक गोयल, जतिन गोयल एवं गोयल परिवार रहे।

इस अवसर पर कथा ब्यास हिमेश शास्त्री जी महाराज मुथरा वाले ने उपस्थित भक्तों को सुदामा चरित्र व शुक्रदेव विदाई की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि मित्रता में हमेशा ही सत्यता होनी चाहिए। जो व्यक्ति जरूरतमंद लोगों की मदद करता है वह हमेशा ही सुखी रहता है।

इस मौके पर आदर्श नगर वार्ड की पूर्व निगम पार्षद नीलम बुद्धिराजा ने कहा कि बड़े ही भव्य रूप में प्रभुकृपा कथा समिति के द्वारा कथा का आयोजन किया जा रहा है, मैं इसके लिए समिति की पूरी टीम का धन्यवाद करती हूं। सभी को इस प्रकार के धर्मिक कार्यक्रम अधिक से अधिक आयोजित करने चाहिए। इस अवसर चेयरमैन सीताराम शीशे वाले ने कहा कि कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतारे और हमेशा ही सत्य का साथ दे और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें।

इस मौके पर चेयरमैन सीताराम शीशे वाले, वरिष्ठ चेयरमैन रामकरण कंसल, संयोजक प्रकाश चंद अग्रवाल, मुख्य संरक्षक अनिल अग्रवाल, सहसंयोजक पवन मित्तल, सहसंयोजक जगदीश छाबड़ा, चौधरी सतपाल सहसंयोजक, विनोद जिन्दल सहसंयोजक, हरीकिशन गुप्ता सहसंयोजक, प्रधान अजय गोयल, महासचिव गोपाल खनेजा, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल के अलावा मुख्य संरक्षक नारायण अग्रवाल, कैलाश चंद खंडेलवाल, अंशुमन वर्मा, राजीव नागपाल, संरक्षकों में सुभाष दीक्षित, मास्टर जयकिशन, अरविन्द मूलचंद, डॉ प्रदीप अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, अनुराग गर्ग, सुरेश गुप्ता, भूपेन्द्र जैन, राधेश्याम गुप्ता, रवि भारद्वाज, राधे मोहन गुप्ता, अनिल गुप्ता, देवेन्द्र खंडेलवाल, नरेश चंद खंडेलवाल, डॉ दिव्य कुमार, खुशीराम अग्रवाल, सुरेन्द्र बुद्धिराजा, राम कुमार बराड़, नरेश टंडन, सुनील खन्ना, अशोक कुमार शर्मा, कृष्ण कुमार सैनी, रामलाल उनियाल, महेश गुप्ता, रवि वधवा, मंगत राय बिंदल, अनुभव धीर, खुशीराम अग्रवाल, मनोहर लाल किनरा, सुभाष आहूजा, जितेन्द्र आहूजा, नरेश खंडेलवाल, विजेन्द्र शर्मा, आत्म प्रकाश प्रदीप कुमार, वाईस चेयरमैन में विकास गुप्ता, सुरेश बंसल, सिकंदर मखीजा, राजेन्द्र मित्तल, राधेश्याम गुप्ता, विकास चौधरी, राजीव सिंघल, उपप्रधान में चन्द्रशेखर गुप्ता, विजय जिन्दल, राम अवतार गुप्ता, सुरेन्द्र जिन्दल, राम अवतार अग्रवाल, संजय संग सचिव में अशीष गोयल, अजय गुप्ता, अनिल गुप्ता, नरेन्द्र शर्मा, अशोक बंसल, मुख्य सलाहकार सतीश अग्रवाल, जतिन गोयल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।





## प्रसिद्ध समाजसेवी दयानंद वत्स ने स्वर्गीय राजेन्द्र माथुर को अर्पित किये श्रद्धा सुमन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ एवं राजधानी स्वतंत्र पत्र लेखक मंच दिल्ली के राष्ट्रीय महामंत्री दयानंद वत्स ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में में हिंदी पत्रकारिता के सशक्त हस्ताक्षर, दूरदर्शी संपादक स्वर्गीय राजेंद्र माथुर की 32वीं पुण्यतिथि पर राजेंद्र माथुर को उनके चाहने वालों की और से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में वत्स ने कहा कि राजेंद्र माथुर हिंदी पत्रकारिता जगत के दैदिप्यमान नक्षत्र थे। एक दूरदर्शी ईमानदार संपादक के रुप में



उनकी छवि हिंदी पत्रकारिता जगत में सदैव अमर रहेगी। नई दुनिया और नवभारत टाइम्स के संपादक रहते हिंदी पत्रकारिता को जिन बुलंदियों पर राजेंद्र माथुर ने पहुंचाया वह अनुकरणीय है। एक व्यस्त संपादक होने के बावजूद वह संपादक के नाम आए पाठकों के पत्र स्वयं पढते थे। और उन्हें संपादित करते थे तथा उन पत्र लेखकों को उनके नामों से जानते भी थे। संपादक के नाम पत्र लिखने वाले पत्र लेखकों का राजेंद्र माथुर बहुत सम्मान करते थे। उन दिनों एक पत्र लेखक के रुप में ही मेरा परिचय राजेंद्र माथुर साहब से हुआ था जो आजीवन रहा। कोई भी पाठक उनसे सीधे मिल लेता था। उनका मृदु और सौम्य स्वभाव, मिलनसारिता सबका मन मोह लेते थे।

## सरकार महंगाई कम करने की ओर दें विशेष ध्यान: बद्रूदीन खान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता बद्रूदीन खान ने कहा कि आज महंगाई अपने चरम पर पहुंच चुकी है, रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे है, लेकिन सरकार महंगाई कम करने की ओर तनिक भी ध्यान नहीं दे रही है, जिस कारण है कि गरीब व्यक्ति परेशान हो रहा है और गरीब की रसोई का बजट बिगड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हम जहां पर भी जाकर लोगों से मिल रहे है, जनता आम आदमी पार्टी व भाजपा के कार्यों से खुश नहीं है। क्योंकि आम आदमी पार्टी व भाजपा दोनों ही पार्टियों ने दिल्ली की जनता को



धोखा देने का कार्य किया है। आज देश में हालात यह है कि देश की जनता विकास को तरस रही है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार महंगाई कम करने पर विशेष ध्यान दे, जिससे की जनता को महंगाई से राहत मिल सके।



भलस्वा झील पर नौकयान प्रतियोगिता के दौरान बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव व आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा का स्वागत करते हुए गणमान्य लोग।

## करावल नगर में तीसरी हिन्दू राष्ट्र पंचायत का विशाल आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**यूनाईटेड** हिन्दू फ्रंट द्वारा जिला उत्तरी-पूर्वी के बी.आर. वाटिका, मेन करावल नगर रोड़, खजूरी खास, दिल्ली पर जहां दंगों के दौरान आई. बी. इंस्पेक्टर अंकित शर्मा को जिहादियों व दंगाईयों ने इसलिए मारकर, काटकर नाले में डाल दिया था कि वह एक हिन्दू है, उस स्थान पर तीसरी हिन्दू राष्ट्र पंचायत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सत्यनारायण जटिया (वरिष्ठ सदस्य, संसदीय बोर्ड व केन्द्रीय चुनाव समिति, भारतीय जनता पार्टी एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री) ने उपस्थित हिन्दुओं को अपना संबोधन व आशीर्वाद देने पहुंचे श्री



जटिया उपस्थित लोगों ने अपने संबोधन में यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट द्वारा धारण करवाए जा रहे शिवास्त्र के बारे में लोगों को बताया कि यह भोले बाबा का प्रिय शस्त्र है जो भोले बाबा हर समय अपने साथ रखते थे, इसी शिवास्त्र से भोले बाबा ने कई राक्षसों व असुरों व सनातन विरोधियों का अंत किया था। आज के परिपेक्ष्य में भी जो जिहादी आतंकी शक्तियां विदेशी फंडिंग की शह पर भारत को गजवा ए हिन्द, एक ओर मुस्लिम राष्ट्र बनाने का पीएफआई के माध्यम से षड़यंत्र रच रहे हैं उनको उखाड़ फेंकने के लिए भोले बाबा का आशीर्वाद स्वरूप शिवास्त्र समय आने पर भोले बाबा का यह मंत्र 'शिव शक्ति का जाप करेंगे, अपनी रक्षा आप करेंगे। इस अवसर पर भीम आर्मी की राष्ट्रीय प्रवक्ता माही जाटव ने श्री जटिया जी आशीर्वाद लेकर भीम आर्मी छोड़कर यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के लिए काम करने का प्रण लिया, ए.के. सिंह, स्वामी सूर्य चेतन महाराज मौजूद रहे।

## एससीआरसी के अध्यक्ष आरएन खोसला को सत्यपाल शर्मा ने दी बधाई

### शालीमार बाग: एससीआरसी के चुनाव हुए सम्पन्न

### शर्मा ने दी बधाई...

= मुझे पूर्ण रूप से विश्वास है कि वरिष्ठ नागरिको की जो भी समस्याएं है उनका समाधान नई टीम करवायेगी।



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के शालीमार बाग के एई ब्लॉक की वरिष्ठ नागरिकों की संस्था एससीआरसी के चुनाव सम्पन्न हुए। उक्त जानकारी जागरूकता उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने दी। उन्होंने आगे बताया कि मैं आरएन खोसला को अध्यक्ष बनने पर बधाई देता हूं। उन्होंने बताया कि मुझे आशा ही नहीं पूर्ण रूप से विश्वास है कि ऐई ब्लॉक के वरिष्ठ नागरिको की जो भी समस्याएं है उनकी समस्या का समाधान नई टीम करवायेगी। उन्होंने श्री खोसला को अध्यक्ष बनने बधाई व शुभकामनाएं दी।

## वजीरपुर जेजे कॉलोनी: हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई विशाल शोभा यात्रा







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के वजीरपुर जेजे कॉलोनी में बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद् के द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर आचार्य महेन्द्र चतुर्वेदी जी महाराज, भाजपा दिल्ली प्रदेश के प्रवक्ता सतीश गर्ग, पूर्व निगम पार्षद देवराज कोली, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा लाखन सिंह कुशवाहा, जिला कार्यालय मंत्री महेन्द्र तोमर, भाजपा नेता उमाकांत शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर भाजपा दिल्ली प्रदेश प्रवक्ता सतीश गर्ग ने बताया कि भगवान बजरंग बली सभी की सुनते है, बस सच्चे मन से प्रभु की आराधना करने की अवश्यकता है। तो वहीं पूर्व पार्षद देवराज कोली ने बताया कि हनुमान जी का जीवन बल, बुद्धि और विद्या के समन्वय का अनुपम उदाहरण है। उनका चरित्र एक जीवन दर्शन है, रामदूत हनुमान जी को शिव का ग्यारहवां रुद्रावतार माना गया है और उनकी उपासना जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कुंजी है।

# राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से बौखला गई भाजपा सरकारः दिव्यांशु

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त करने के मामले में युवा कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी में अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के निदेर्शानुसार फरीदाबाद युवा कांग्रेस द्वारा सोमवार को ओल्ड फरीदाबाद में 'लोकतंत्र बचाओइ मशाल जुलूस निकाला जाएगा। यह जानकारी हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा ने ओल्ड फरीदाबाद स्थित युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नितिन सिंगला के कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता मे दी। इस मौके पर मुख्य रूप से फरीदाबाद ग्रामीण अध्यक्ष



अभिलाष नागर, युवा कांग्रेस ग्रामीण के जिला उपाध्यक्ष चुन्नू राजपूत, बल्लभगढ़ विस अध्यक्ष आकाश शर्मा, बडखल अध्यक्ष सागर कौशिक, फरीदाबाद अध्यक्ष प्रणव शर्मा, एनआईटी अध्यक्ष मुश्ताक खान, पृथला अध्यक्ष सतीश बुर्जा, तिगांव अध्यक्ष सुनील चेची, जिला उपाध्यक्ष शहरी ललित शर्मा, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक विनय भाटी, प्रदेश सचिव अंशु शर्मा सहित अनेकों युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार तानाशाह है, इस सरकार में बैठे मंत्री, मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री का सोचने का स्तर अलग है, यह लोग जमीन से चार फुट ऊपर सोच रहे है। अडाणी मामले में आज तक किसी भी मंत्री ने स्पष्टीकरण नहीं दिया। सरकार अगर धक्काशाही करेगी तो विपक्ष होने के कारण हम लोगों की आवाज बनकर धरने प्रदर्शन के माध्यम से सरकार की पोल खोलेंगे। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा हरियाणा में सफल रही, इस यात्रा की सफलता के बाद राहुल गांधी की लोकप्रियता से भाजपा सरकार घबरा गई इसलिए उन्होंने उनकी सदस्यता रद्द की और उन पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया, लेकिन राहुल गांधी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस लीगली हायर कोर्ट में जाएगी। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा व प्रदेशाध्यक्ष उदयभान के नेतृत्व में कांग्रेस मजबूत हो रही है और आने वाले समय में हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनेगी। श्री बुद्धिराजा ने कहा कि 2024 की बात करें तो हरियाणा में भाजपा दो डिजिट में भी नहीं आएगी, उनके मंत्री, संतरी यहां तक की मुख्यमंत्री का भी सफाया होगा, करनाल जिले की बात करें तो आज जनता में मनोहर लाल के प्रति भारी रोष है तभी तो उनकी फरीदाबाद तो कभी पंचकूला तो कभी गुडगांव से चुनाव लडने.की चर्चाएं चलती है।

# डॉ. अंबेडकर के पद चिन्हों पर चलकर बच्चे और युवा शिक्षा से भविष्य सँवारेः मूलचंद

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज रविवार को स्थानीय सेक्टर- 3 अंबेडकर भवन में मनाई गई भारत रत्न बाबासाहेब आंबेडकर की 132 वीं जयंती महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर वहां उपस्थित सभी लोगों को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की 132 वीं जयंती पर बधाई और शुभकामनाएं दी। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा भारत रत्न संविधान निमार्ता बाबा साहब अंबेडकर के पद चिन्हों पर चलकर बच्चे और युवा शिक्षा को भविष्य संवारने में आगे बढ? के लिए अपना मजबूत हथियार बनाएं। शिक्षा के बल पर



ही समाज का सवार्गीण उत्थान होता है। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत करने के लिए ठीस कदम उठाए हैं। वहीं देश व प्रदेश में अब योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा आत्मनिर्भर बनने के लिए बच्चों को रोजगार परक शिक्षा दिलाएं , रोजगार परक शिक्षा के बल पर युवा आत्मनिर्भर बनेंगे और खुद के रोजगार के साथ-साथ दूसरे लोगों को भी रोजगार देंगे। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर हरियाणा के वरिष्ठ आईएएस डॉ डी सुरेश सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### गीतांजली व प्राचार्या डा० नीलम सांगवान उड़ीसा के अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में हुई सम्मानित

**सोनीपतः अंतर्राष्ट्रीय** मूनलाइट यूथ एडवेंचर्स कैंप के समापन समारोह का आयोजन कोणार्क उडीसा में किया गयोइस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में तुषार क्रांति वोहरा मंत्री युवा, खेत मंत्रालय उडीसा सरकार ने जिला सर्वश्रेष्ठ युवा अवार्डी गीतांजली व डा० नीलम सांगवान हरियाणा वैदिक स्कूल की प्राचार्या को प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। एडवेंचर्स कैंप में देश के बिहार, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल, पांडुचेरी, हरियाणा, उडीसा, त्रिपुरा, तेलंगाना, आदि विभिन्न 16 राज्यों के सैकड़ों स्वयं सेवकों ने 5 दिवसीय कैंप में भाग लियो पुरी से ट्रेकिंग करते हुए समुद्र के किनारे-2 कोणार्क पहुंचे पैतालीस किलोमीटर की यात्रा के दौरान पर्यावरण संरक्षण व जल संरक्षण की लोगों से अपील की। कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रत्येक राज्य के स्वयं सेवकों ने अपनी 2 संस्कृति का परिचय अपने प्रदेश के परिधानों व नृत्यों के द्वारा दिया गया। गीतांजली, नेहा, विनय, रेहान सिंह, नैतिक ने कैंप की गतिविधियों पैरासेलिंग व ट्रेकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रोजेक्ट प्वाइंट के संग्राम केसरी ने सभी आगंतुक अतिथियों को अंगवस्त्र व ट्राफी देकर सम्मानित किया।

### गाँव कंवाली का राहुल मर्डर की घटना में आरोपी बागपत उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार

**खरखौदा/सोमपाल सैनी**
सोनीपत जिले के थाना खरखौदा व क्राइम यूनिट -1 सोनीपत टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए हत्या की घटना मे संलिप्त एक और आरोपी को बागपत उत्तरप्रदेश क्षेत्र से गिरफतार किया है। गिरफतार आरोपी राहुल वासी गाँव कंवाली जिला सोनीपत का रहने वाला है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एसीपी जीत सिंह खरखौदा ने बताया कि 4 अप्रैल को बबीता पत्नी रमेश निवासी कंवाली तहसील खरखौदा जिला सोनीपत ने थाना खरखौदा में शिकायत दी थी कि 27 फरवरी को मेरे गाँव के राहुल ने मेरे बडे लडके राहुल से मोटर साईकिल मांगी थी और वापिस ले जाने के लिए बुलाया था। जिसके बाद राहुल, यशवीर तथा प्रवीन मेरे लड़के को अपने साथ गाड़ी में ले गए। उस दिन के बाद से मेरा लड़का राहुल घर नहीं आया। उसके बाद 3 मार्च को मेरा लडका रोहित व उस के साथी राहुल की तलाश करते हुए जा रहे थे उसी समय एक व्यक्ति ने बताया कि एक नौजवान लड्के की लाश हैदरपुर की तरफ पानी के साथ बहती हुई नहर मे जा रही है। हम हैदरपुर हैड दिल्ली पर करीब 9 बजे पहुंचे वहा पर हमने देखा की एक लाश को पुलिस वाले नहर से निकाल रहे थे जिस के गले मे कपडा बंधा हुआ था जो नजदीक जाकर मेरे लडके रोहित वह उसके साथीयो ने ध्यान से देखा तो वह लाश मेरे लडके राहुल की ही थी। पुरानी रंजिश रखते हुए यसबीर (शास्त्री) , प्रवीन व राहुल के साथ योजना बनाकर मेरे लड्के राहुल की हत्या करके लाश को खुर्द बुर्द करने की नीयत से नहर मे डाल दिया। इस घटना का थाना खरखोदा में अभियोग दर्ज किया गया था।

### प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में नहीं हैं पर्याप्त सुविधाएं : डॉ. अशोक तंवर

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. अशोक तंवर ने पूरे प्रदेश में बढ़ते कोरोना केसों और सरकारी अस्पतालों की बिगड़ती व्यवस्था को लेकर बीजेपी जेजेपी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने रविवार को बयान जारी कर कहा कि रोजाना प्रदेश में कोरोना के नए केस सामने आ रहे हैं। गुरुग्राम, फरीदाबाद और पंचकूला में कोरोना के सबसे ज्यादा केस सामने आ रहे हैं। प्रदेश में ऐक्टिव मरीजों की संख्या 1500 के पार पहुंच गई है। वहीं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज गायक बन गए हैं, गाने गुनगुना रहे हैं। उनको प्रदेश की जनता के स्वास्थ्य की कोई फिक्र नहीं है। हरेक जिले में सरकारी अस्पताल में सुविधाओं का अभाव है। सीएम खट्टर खुद सार्वजनिक मंचों से बोल रहे हैं कि प्रदेश में 15 हजार डॉक्टरों की कमी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी नेताओं को चुनावों से पहले ही जनता की याद आती है। जब सरकार जाने वाली है तो सीएम खट्टर जनता की सुध ले रहे हैं। गरीब जनता इलाज के लिए दर दर की ठोकर खा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी अस्पताल की हालत खट्टर सरकार के दावों की पोल खोल रही है। पंचकूला, फतेहाबाद, कैथल, जींद, गुरुग्राम समेत प्रदेश के ज्यादातर जिला अस्पतालों में मरीज व्यवस्था के अभाव में इलाज करवाने को मजबूर हैं। कैथल में चिकित्सकों के पद खाली हैं।

# विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** जिला रेड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद, राजस्थान एसोसिएशन, मारवाड़ी युवा मंच, जय सेवा फाउंडेशन ने अमृता हॉस्पिटल के सहयोग से गांव हीरापुर बल्लभगढ़ में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया, कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला प्रशिक्षण अधिकारी पुरुषोत्तम सैनी एवं वॉइस चेयरमैन जिला परिषद फरीदाबाद धर्म कुमार उपस्थित रहे, पुरुषोत्तम सैनी ने बताया कि शहरों में सुविधाएं ज्यादा होने के कारण लोगों को स्वास्थ्य का लाभ जल्दी से प्राप्त हो जाता है, हमारा उद्देश्य यह है कि सभी संस्थाओं के सहयोग से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाए जिसमें समय रहते लोगों की बीमारी पता चलने पर उन्हें तुरंत प्रभाव से उसका उपचार संभव हो सके, इसी कड़ी मे आज इस स्वास्थ्य जांच का आयोजन किया गया है, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांव हीरापुर की सरपंच एवं सभी सामाजिक संगठनों का में हृदय से आभार प्रकट करता हूं। इस शिविर मे 125 ग्रामीण लोगों के आज स्वास्थ्य की जांच की गई।में अन्य सामाजिक संगठनों से भी मैं अपील करता हूं कि



इस पुनीत कार्य में हमारा सहयोग करें, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष महेश लोचीब ने बताया कि हम सब का यही उद्देश्य रहता है मानव धर्म निभाते हुए हम समाज के अंतिम छोर तक लोगों को स्वास्थ्य का लाभ पहुंचा सके, इसी कड़ी में हम निरंतर प्रयास करेंगे और आगे भी इस प्रकार के शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जय सेवा फाउंडेशन के संस्थापक विमल खंडेलवाल ने बताया कि यदि समय रहते हैं किसी भी बीमारी के बारे में हमें पता चल जाता है उसके उपचार से लोगों का जीवन बचाना संभव होता है, हम सब मिलकर लोगों के बीच में इस जागरूकता को फैलाएं और किस प्रकार के आयोजन निरंतर करते रहना चाहिए, हीरापुर की सरपंच प्रभादेवी ने बताया कि मैं सभी सामाजिक संगठनों का विशेष रूप से धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने इतनी दूर आकर ग्रामीण आंचल में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया, इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि जांच के साथ-साथ ग्रामीणों को निशुल्क दवाई भी संस्थाओं के माध्यम से प्रदान की गई, सरपंच बनने के साथ समाज के लोगों के प्रति हमारी जिम्मेदारी बनती है उसी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए आगे भी इस प्रकार के कार्य निरंतर रूप से क्रियान्वित रहेंगे, कार्यक्रम को सफल बनाने के धर्मेंद्र डॉ राहुल प्रभा शर्मा एवं अन्य सहकर्मी के साथ गांव से सरपंच प्रतिनिधि कमल कोशिक, हुक्म नम्बरदार लिखीराम मास्टर सुन्दर कौशिक,बलदेव,नरेश, विनोद , मारवाड़ी युवा मंच के सचिव प्रवीण अग्रवाल, हेल्थ प्रोजेक्ट चेयरमैन संजीव केजरीवाल एवं अन्य समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

# 8 करोड़ रुपये की लागत से देवडू रोड की बदलेगी तस्वीर : सुरेंद्र पंवार

**टीम एक्शन इंडिय/सोनीपत**
विधायक सुरेंद्र पंवार ने बताया कि मुरथल रोड से देवडू गांव की तरफ जाने वाले रोड की दो माह में तस्वीर बदल जाएगी। नाबार्ड से इससे बनवाने की मंजूरी मिल गई है। करीब 8 करोड़ रुपये की लागत से नया रोड बनवाया जाएगा। विधायक सुरेंद्र पंवार ने बताया कि विधायक बनने के बाद से ही शहर की सड़को को नया रूप देने के लिए लगातार प्रयासरत्त है। इसके तहत ही सेक्टर-14 मार्किट की मुख्य सड़क, ओल्ड रोहतक रोड, ककरोई रोड, गीता भवन चौक रोड़, पुलिस लाइन वाली रोड सहित शहर की अन्य सड़कों



को बनवाया गया है, जिससे काफी हद तक शहरवासियों को फायेदा मिला है। मुरथल रोड से देवडू गांव तक जाने वाली सड़क की हालत भी ठीक नहीं है, जिसके लिए पहले दिन से ही प्रयासरत्त है कि इस रोड को नया बनवाया जाए, इसके लिए लगातार अधिकारियों के सम्पर्क थे, आखिरकार नाबार्ड से इस रोड को बनवाने की मंजूरी मिल गई है, करीब 8 करोड़ रुपये की लागत से यह सड़क नई बनवाई जाएगी। शहर के हिस्से वाले रोड को इंटरलॉक व ब्लॉक का बनाया जाएगा, पहले से रोड़ का लेवल ऊपर रखा जाएगा, ताकि सड़क पर पानी जमा न हो, इसके साथ ही सड़के के दोनों तरफ बरसाती पानी की निकासी के लिए नाले बनाए जाएंगे, ताकि बारिश का पानी सड़क पर जमा न हो व नाले के जरिये पानी की निकासी हो सकें।

# जिले में रविवार को मिले कोरोना से संक्रमित 05 पोजिटिव केसः उपायुक्त

**सोनीपत।** उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि रविवार को जिला में कोरोना से संक्रमित 05 नया पोजिटिव केस मिले हैं और 03 मरीज को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 59953 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 277 हो गई है। अब तक जिला में 59 हजार 654 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब 22 कोरोना एक्टिव केस है।

# युवा नेता रोहतास चौधरी आम आदमी पार्टी में शामिल



**टीम एक्शन इंडिया/बल्लभगढ़, फरीदाबाद**
आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा रविवार को बल्लभगढ़ में पहुंचे। वहां उन्होंने जन चौपाल कार्यक्रम और सदस्यता अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान बल्लभगढ़ के जाने माने युवा नेता रोहतास चौधरी आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने कहा कि पूरे हरियाणा की जनता पुरानी पार्टियों से परेशान हो चुकी है। इससे पहले कांग्रेस और अब बीजेपी जेजेपी जनता की मेहनत का पैसा लूटने का काम कर रही है। हरियाणा की जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि पुरानी पार्टियों के राजनेताओं ने बस अपने घर भरने का काम किया है। उन्होंने कहा आम आदमी पार्टी एकमात्र पार्टी है जो अपने काम से जानी जाती है। 75 साल में सभी पार्टियों और राजनेताओं ने जनता का पैसा लूटने का काम किया। आम आदमी पार्टी ऐसी पार्टी है जिसने दिल्ली और पंजाब में अपने काम के दम पर पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि बीजेपी चाहे सरकारी एजेंसियों का कितना भी दुरुपयोग करे, आम आदमी पार्टी से जुड़ने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि मात्र 6 माह के प्रचार में गुजरात में आम आदमी पार्टी को 41 लाख वोट मिली। उन्होंने कहा युवा जिस पार्टी से जुड़ने लग जायें, जिस सोच से जुड़ना शुरू हो जाए, देश उसी दिशा में आगे बढ़ता है। आज देश के युवा आम आदमी पार्टी से जुड़कर देश के बच्चों को पढ़ाने की कसम खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने पहले साल में 28 हजार युवाओं को नौकरी देने का काम किया है। वहीं 22 हजार युवाओं के लिए भर्ती निकली हैं। वहीं हरियाणा का दुर्भाग्य है कि यहां युवा नौकरी के लिए दर दर की ठोकर खाने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा पूरे देश के लोग अरविंद केजरीवाल को और उनकी पार्टी को बड़ी उम्मीदों से देख रहे हैं।

# विधायक के दबाव में ठेकेदार ने लिखित में मांगी डेढ़ महीने की मोहलत

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** विधायक राजेश नागर ने तिगांव में डल रही पब्लिक हेल्थ की सीवर लाइन के काम में देरी पर ठेकेदार को जमकर डांट पिलाई और जनता के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। नागर ने ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट एवं कानूनी कार्रवाई कराने की बात कही जिस पर वह गिड़गिड़ाने लगा और लिखित में डेढ़ महीने की मोहलत मांगी तब जाकर विधायक का गुस्सा शांत हुआ। तिगांव में करीब दो साल से सीवर लाइन डालने का काम चल रहा है लेकिन इस काम की गति के कारण तिगांव के निवासी और यहां से गुजरने वाले लोग बड़े परेशान हैं। इसको लेकर विधायक राजेश नागर स्थानीय लोगों की शिकायतें सुनते हैं।



उन्होंने इसको लेकर जिला उपायुक्त के भी दौरे करवा दिए लेकिन ठेकेदार हर बार माफी मांगकर बच निकलता है। लेकिन आज विधायक राजेश नागर ने ठेकेदार को पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों के साथ अपने निवास पर ही बुलाकर घेर लिया। विधायक राजेश नागर ने अधिकारियों एवं ठेकेदार से कहा कि जनता की सुविधा के लिए डाली जा रही सीवर लाइन को जान बूझकर नहीं डाला जा रहा है। इस प्रकार कोई षडयंत्र किया जा रहा है जिससे उनकी व सरकार की बदनामी हो वहीं जनता भी परेशान हो। इसलिए वह अब किसी की नहीं सुनने वाले हैं और ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करवाएंगे। वहीं उसे ब्लैकलिस्ट भी करवाएंगे जिससे उसे जीवन में कोई काम विभाग से नहीं मिल सकेगा। इस पर ठेकेदार गिड़गिड़ाने लगा और उसने विधायक से आखिरी मौके की मांग की। उसने लिखित में विधायक से डेढ़ महीने की मोहलत मांगी। इस समयावधि में काम नहीं कर पाने पर किसी भी कार्रवाई करने की बात कही। नागर ने कहा कि हमारा मकसद किसी के खिलाफ कार्रवाई करना नहीं बल्कि जनता को सुविधाएं देना है। इसमें कोई भी रुकावट बनेगा, उसके खिलाफ हम सख्त कार्रवाई करेंगे। नागर ने कहा कि ठेकेदार को अंतिम अवसर दिया गया है इसके बाद उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करवाई जाएगी।

# लंदन का नागरिक बता, शादी करने का झांसा देकर ठगी करने वाले 2 नाइजीरियन सहित तीन आरोपियों को साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने किया गिरफ्तार

## आरोपियों से एटीएम कार्ड, लैपटॉप, 22 मोबाईल फोन, 58 सिम जिनमें 31 विदेशी सिम व 27 भारतीय सिम व 20500/- नगद बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।**
**फरीदाबादः** आजकल के आधुनिक दौर में मैट्रीमोनियल साईट पर अपना जीवन साथी तलाशना बहुत से लोगो का एक माध्यम है। इस तरीके से जीवन साथी को ढूंढना सुगम भी हैं लेकिन अधुरी जानकारी से मैट्रीमोनियल साईट पर जीवन साथी की तलाश लोगो के लिए विपत्ति भी बन जाती हैं । कुछ लोग मैट्रीमोनियल साईट पर झूठे प्रोफाईल बनाकर लोगो को शादी का झूठा झांसा देकर इसकी एवज मे अलग-अलग बहाने बनाकर



लोगो से पैंसे ऐंठते हैं। ऐसे ही लोगो से ठगी करने वाले एक गिरोह के 3 सदस्यों को साइबर अपराध थाना सेंट्रल ने गिरफ्तार किया है। डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ ने प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी में ड्ढल्लीद्धी एंथोनी ओबियोरा, ओबिन्ना यूजीन ओरलुमा व एक भारतीय आरोपी राहुल नारंग शामिल है। आरोपी ड्ढल्लीद्धी एंथोनी ओबियोरा व ओबिन्ना यूजीन ओरलुमा नाइजीरियन है। सभी आरोपी फिलहाल दिल्ली में रह रहे थे। इसी तरह आरोपियो ने मैट्रीमोनियल साईट पर शादी का झांसा देकर फरीदाबाद की निवासी एक महिला से 10 लाख 52 हजार रुपये धोखाधडी से हडप लिये। पीड़ित महिला की मुलाकात आरोपी आभट वर्मा से ईं१३ टं३१ड्ढल्ल८ ३ी नामक मेट्रोमोनियल साइट पर हुई थी। जहां पर आरोपी ने अपने आपको लंदन का रहने वाला बताया। उसे दोस्ती कर ली तथा उसे अपने प्यार के जाल में फंसा लिया। इसके पश्चात आरोपी ने मिलने के लिए मुंबई भारत आने के बात कही। कुछ समय पश्चात आरोपी लड़के ने पीड़िता महिला को फोन करके बताया कि 10 जनवरी 2023 को मुम्बई इंडिया आपसे मिलने आ रहा हूँ। उसके बाद अगले दिन पिडिता महिला के पास कई अलग-अलग नम्बरों से कस्टम, इन्कमटैक्स, मनी लोन्डरिंग और मनी ट्रान्सफर अधिकारी बनकर फोन आने लगे और फ्रॉडकर्ता ने कहा कि मुझे कस्टम अधिकारियों ने मुम्बई एयरपोर्ट पर पकड़ लिया है क्योंकि मेरे पास कुछ ज्वेलरी व लंदन करंसी है , आप जब तक मुझे 05 लाख रूपए नही भेजोगी तब तक मुझे कस्टम , इन्कमटैक्स , मनी लोन्डरिंग और मनी ट्रान्सफर अधिकारियों द्वारा क्लीयरेंस नही मिलेगा । जो इस से पिडिता से टुकडो में 10,52000/- रूपए साईबर ठगों द्वारा ठग लिए। जब महिला को फजीर्वाड़े का पता चला तो उसने इसकी शिकायत थाना साइबर अपराध मे लिखित दरखास्त दी जिस पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी व षडयंत्र की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस आयुक्त विकास अरोडा ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपियो को जल्द पकडने के निर्देश दिये। जिसके तहत उपरांत डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ के मार्गदर्शन में प्रबंधक थाना साइबर अपराध सतीश कुमार के नेतृत्व में निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह , स.उप.नि.नरेश कुमार, स.उप.नि. वसीम अहमद , महिला प्रधान सिपाही अन्जू , प्रधान सिपाही सन्दीप कुमार , सिपाही लक्ष्मण , सिपाही कर्मवीर , सिपाही परमिन्द्र , सिपाही शमशेर की टीम का गठन किया, तकनीक का प्रयोग करके कडी मेहनत से आरोपियो को साइबर फ्रॉड के मामले में दिल्ली के तिलक विहार एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ए.टी.एम. कार्ड, लैपटॉप , 22 मोबाईल फोन , 58 सिम जिनमें 31 विदेशी सिम व 27 भारतीय सिम व 20500/-? नगद बरामद किए गए।पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों के फर्जी बैंक खाते में अब तक 70-80 भारतीय महिलाओं के साथ व इसके अलावा ड्डल्लॅ अढढ'२ पर अपना८ल्लङ्घी१२३ दिखाने वाली विदेशी महिलाओं के साथ भी फ्रॉड किया है ।

न्यूज फ्लैश

## फैशन में किसी से पीछे नहीं है पूर्वांचल : रवि किशन

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**
मोहद्दीपुर स्थित एक होटल में रविवार को देश की अग्रणी टेक्सटाइल कम्पनियों के आधुनिक परिधानों व वस्त्रों का डिस्प्ले महाकुंभ का आयोजन हुआ। पोददार टेक्सटाइल्स के तत्वावधान में आयोजित इस महाकुम्भ में बिहार के व्यापारियों ने भी सहाभागिता की। महाकुंभ का उद्घाटन अभिनेता व सदर सांसद रवि किशन ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर सांसद रवि किशन ने कहा कि फैशन में पूर्वांचल आगे निकल चुका है। गोरखपुर एक बड़े केंद्र के रूप में उभर कर सामने आ रहा है। वस्त्रों के इस महाकुम्भ में रेमंड्स के साथ अग्रणी टेक्सटाइल कम्पनी के शूटिंग-शर्टिंग व लक्ष्मीपति साड़ी, अभिवादन, कयान, सत्यवचन, गणेश कृपा, अनुश्री, कलाश्री साड़ी के आधुनिक परिधानों के नवीनतम रेन्ज का डिस्प्ले प्रदर्शनी लगाई गई है। महाकुम्भ के आयोजक व पोद्दार टेक्सटाइल के निदेशक महेश पोद्दार ने बताया कि पूर्वांचल में आधुनिक व नवीनतम फैशन के परिधानों की बढ़ती मांग को देखते हुए वस्त्रों के महाकुम्भ का आयोजन हुआ है। गोरखपुर, बस्ती मण्डल सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों के साथ बिहार के गोपालगंज, छपरा, सिवान, चंपारण व पश्चिमी पंचारण जिलों के भी व्यापारी शामिल हुए। इस दौरान सुरेंद्र पोद्दार, अभिषेक पोद्दार, अंकुर पोद्दार, विवेक नारनोलिया, शलभ जैन, नवीन पालड़ीवाल, पीयूष जैन आदि मौजूद रहे।

## इस्लामिक स्टेट के हमले में 20 की मौत

**किंशासा।** मध्य अफ्रीकी देश कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के पूर्वी हिस्से में हुए आतंकी हमले में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। इस्लामिक स्टेट ने हमले की जिम्मेदारी ली है। हालांकि सेना और अधिकारियों ने हमले के पीछे एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एडीएफ) का हाथ बताया है। एडीएफ पूर्वी कांगो में स्थित युगांडा के लड़ाकों का समूह है। यह लड़ाके इस्लामिक स्टेट के इशारे पर कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। कांगो के अधिकारियों ने बताया कि यह हमला सात अप्रैल को बेनी के बाहरी इलाके के मुसनदाबा गांव में हुआ। इस्लामिक स्टेट ने अगले दिन अपने टेलीग्राम चैनल पर एक बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली है। बेनी क्षेत्र के सैन्य प्रशासक कर्नल चार्ल्स ओमेगा ने हमले की पुष्टि की है।

## अमेरिकी मॉल में फायरिंग, तीन लहूलुहान

**डोवेर (डेलावेयर)।** संयुक्त राज्य अमेरिका के डेलावेयर राज्य में पेंसिल्वेनिया के पास क्रिस्टियाना मॉल में एक बंदूकधारी व्यक्ति ताबड़तोड़ फायरिंग कर नौ दो ग्यारह हो गया। इस दौरान गोली लगने से तीन लोग लहूलुहान होकर गिर गए। तीनों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। सभी के पैर में गोली लगी है। फायरिंग के कुछ देर पहुंची पुलिस ने मॉल के भीतर मौजूद सभी दुकानें खाली करा लीं पर बंदूकधारी नहीं मिला।

## दो आतंकी हमलों में 44 ग्रामीणों की मौत

**गाडौगौ।** उत्तरी बुर्किना फासो के साहेल क्षेत्र में नाइजर सीमा के पास दो आतंकवादी हमलों में कम से कम 44 ग्रामीण मारे गए। एक सरकारी अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। इस अधिकारी के मुताबिक आतंकवादियों ने कोराकू और टोंडोबी गांवों को निशाना बनाया। गुरुवार को हुए इन हमलों की अब तक किसी ने भी जिम्मेदारी नहीं ली है।

# अयोध्या: शिंदे ने किया रामलला का दर्शन

### संतों का लिया आशीर्वाद, शिव सैनिक के साथ खुली जिप्सी में लोगों का किया अभिवादन, डिप्टी सीएम मन्त्रिमंडल के तमाम मंत्री मौजूद

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार एकनाथ शिंदे रामनगरी अयोध्या पहुंचे। वहां पर पहले से मौजूद शिवसैनिकों ने उनका भव्य स्वागत किया। बड़ी संख्या में पहुंचे शिवसैनिकों ने उनके अयोध्या की धरती पर उतरते ही जय श्रीराम के नारे लगाए। रविवार को राम कथा पार्क स्थित हेलीपैड पर उतरने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अपने समर्थकों के साथ रोड शो करते हुए श्रीराम जन्मभूमि में भगवान श्रीराम लला का दर्शन करने पहुंचे। रामजन्मभूमि में उन्होंने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के साथ दोपहर की आरती पूजन किया। इस दौरान उनके साथ महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सहित मंत्रिमंडल के कई मंत्री शामिल रहे।





**रामचन्द्र दास परमहंस की समाधी पर किया नमन:** मुख्यमंत्री शिंदे ने हेलिकॉप्टर से उतरने के बाद सरयू तट पर स्थित राम मंदिर आंदोलन के श्लाका पुरूष महंत रामचन्द्र दास परमहंस की समाधी को नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उसके बाद शिव सैनिकों के साथ राम मंदिर पूजन के लिये निकले।

**दो स्पेशल ट्रेन से पहुंचे तकरीबन चार हजार शिव सैनिक:** शनिवार को स्पेशल ट्रेन से तकरीबन चार हजार शिव सैनिक अयोध्या पहुंचे। पहली ट्रेन 11: 30 बजे और उसके एक घंटे बाद अयोध्या धाम स्टेशन पहुंची। स्टेशन पर उतरते ही शिवसैनिकों के जय श्रीराम के जयकारे से अयोध्या गुंजायमान हो गई। ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंचे शिवसैनिकों में साफ अपने नेता के स्वागत का भाव नजर आ रहा था। रविवार को जैसे ही शिंदे का हेलीकाप्टर अयोध्या पहुंचा शिवसैनिकों ने जय श्रीराम के नारे लगाने शुरू कर दिए।

**शिवसैनिकों व पदाधिकारी के साथ किया रोड शो:** मुख्यमंत्री शिंदे रामकथा पार्क से खुली जिप्सी में लोगों का अभिवादन करते हुए रामलला का दर्शन करने पहुंचे।

उन्हें देखने के लिए हर वर्ग के लोग पहुंचे। शिवसैनिकों और भारी सुरक्षा के बीच चल रहे शिंदे को देखने के लिए लोग अपनी छत पर आ गए। हर कोई यह नजारा मोबाइल में कैद करता दिखा।

**जिप्सी के साथ निकला 20 गाड़ियों का काफिला:**

### राम के दरबार में...

**शिंदे समेत महाराष्ट्र के तमाम मंत्रियों, पदाधिकारियों की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने भी अफसरों की फौज उतार दी**

मुख्यमंत्री शिंदे के रोड शो के दौरान सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम रहे। शिंदे समेत महाराष्ट्र के तमाम मंत्रियों व शिवसेना के पदाधिकारियों की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन ने भी अफसरों की फौज उतार दी। शिंदे के जिप्सी के आगे पीछे मिलाकर 20 गाड़ियों का काफिला चल रहा था। मुख्यमंत्री शिंदे के कार्यक्रम को लेकर रामनगरी सुरक्षा के पुख्ता प्रतिबंध किया गया।

सामान्य गाड़ियों को प्रतिबंधित किया गया था। केवल शिव सैनिकों की गाड़ियों को ही राम नगरी में प्रवेश दिया गया।

## चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों के स्वास्थ्य की जांच हेल्थ एटीएम से होगी : पीके चंदोला

**टीम एक्शन इंडिया/ऋषिकेश**
उत्तराखंड के स्वास्थ्य विभाग ने पूरे उत्तराखंड में लगाए जाने वाले हेल्प एटीएम की श्रृंखला में ऋषिकेश को भी 2 हेल्थ एटीएम प्राप्त हो गए हैं। यह जानकारी ऋषिकेश राजकीय चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पीके चंदोला ने दी। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक चंदोला ने बताया कि चारधाम यात्रा को देखते हुए उत्तराखंड राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने देश और दुनिया से आने वाले चारधाम यात्रा पर यात्रियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल उनके स्वास्थ्य की जांच किए जाने के लिए चार धामों के यात्रा मार्गों पर हेल्थकेयर एटीएम लगाए जाने का निर्णय लिया है। इसके चलते ऋषिकेश के राजकीय चिकित्सालय और चारधाम यात्रा बस अड्डा पर भी हेल्थ एटीएम लगाया गया है। इसमें सभी प्रकार की जांच की जाएगी। चंदोला का कहना था कि अभी तक स्वास्थ्य की जांच के लिए प्राप्त किए जाने वाले सैंपल की रिपोर्ट मिलने में काफी समय लगता था, परंतु हेल्प एटीएम के माध्यम से सैंपल लेने के बाद कुछ ही सेकंड के पश्चात उसकी रिपोर्ट मरीज के हाथ में होगी, जिससे मरीज के स्वास्थ्य की जहां जांच रिपोर्ट तत्काल मिल जाएगी। चिकित्सकों को भी मरीज का उपचार करने में सुविधा मिलेगी।

## '2047 तक नहीं है पीएम-सीएम की कोई वैकेंसी'



**टीम एक्शन इंडिया/झांसी**
24 घंटों में जिले में तीसरे प्रभावी मतदाता सामाजिक सम्मेलन में शिरकत करने व विकास कार्यों की समीक्षा करने रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य वीरांगना भूमि झांसी पहुंचे। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर हमलावर होते हुए कहा कि हम 2047 में स्वतंत्रता का शताब्दी वर्ष मनाएंगे। 2047 तक फिलहाल देश में पीएम व सीएम के लिए कोई वैकेंसी नहीं है। देश में मोदी व प्रदेश में योगी की डबल इंजन की सरकार चल रही है। निकाय चुनाव जीतने के बाद भाजपा ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएगी। रविवार को विकास भवन में विकास कार्यों और सरकार की योजनाओं की समीक्षा करने के बाद प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री

### विपक्ष पर निशाना

**देश में मोदी व प्रदेश में योगी की डबल इंजन की सरकार चल रही है : उप मुख्यमंत्री**

केशव ने पत्रकारों को बताया कि लुप्त हो रही 75 नदियों को पुनर्जीवित करने का कार्य किया जा रहा। इससे जल संकट दूर होगा। नरेंद्र मोदी दुनिया के ऐसे नेता है जिनके नेतृत्व में हर घर नल हर घर जल योजना चालू कर इतिहास रचा गया है। साथ ही कोरोना काल में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया गया। देश-विदेश में बेक्सिनेशन किया वह कार्य आज भी किया जा रहा है। एक सवाल के जवाब पर उन्होंने कहा कि पूरे देश में रामचरित मानस का सम्मान किया जाता है।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में मैनिट भोपाल के छात्रों की संस्था "तूर्यनाद" के सदस्यों के साथ नीम, पीपल, अमरूद, जामुन और करंज के पौधे लगाए।

## आधुनिक इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम की हुई स्थापना


**टीम एक्शन इंडिया/बिजनौर**
जनपद पुलिस ने आज रविवार को नियन्त्रण कक्ष का आधुनिकीकरण कर नवीन तकनीकी सुविधाओं से युक्त इन्टीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम की शुरूआत कर दी है, जिसके अंतर्गत अब नगर नियन्त्रण कक्ष, जनपद नियन्त्रण कक्ष व आर.ओ.आई.पी. यूपी-112 एक साथ जुड़ने से सूचनाओं का आदान-प्रदान तेजी से सम्भव हो सकेगा । पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने बताया कि 112 वाहनों सहित सभी गाडियों में जीपीएस, डैशबोर्ड, कैमरे लगाने के साथ शहरों के सभी चौराहों पर कैमरे स्थापित किये गए हैं।

## ऋषिकेश में चारधाम यात्रा के दौरान सप्ताह में तीन दिन रहेगा वन-वे ट्रैफिक

**टीम एक्शन इंडिया/ऋषिकेश**
**चारधाम** यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। यह पवित्र यात्रा 22 अप्रैल से शुरू हो रही है। चारधाम यात्रा के दौरान सप्ताह में तीन दिन ऋषिकेश में वन-वे ट्रैफिक रहेगा। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने रविवार को कहा कि इस व्यवस्था का मकसद आवागमन को व्यवस्थित रखना है। पुलिस महानिदेशक कुमार ने यह जानकारी यहां सुबह एम्स में पत्रकारों को दी। उन्होंने साफ किया कि चारधाम यात्रा को देखते हुए शुक्रवार से रविवार शाम तक तपोवन से नेपाली फार्म तक राज्य सरकार के वाहनों को छोड़कर देश के अन्य प्रांतों से आने वाले वाहनों के लिए वन-वे व्यवस्था रहेगी। अशोक कुमार ने कहा इस व्यवस्था पर टिहरी जिले में ट्रैफिक इंस्पेक्टर सहित 100 से अधिक पीआरडी जवान नजर रखेंगे। साथ ही वीकएंड के दौरान किसी भी वाहन को बैराज से नहीं आने दिया जाएगा। इसके लिए ऋषिकेश में एक नोडल अधिकारी के साथ उप नोडल अधिकारी को पदस्थ किया गया है।

## 'देवभूमि को इस्लामिक राज्य बनाने का चल रहा षड्यंत्र'

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
**श्री पंच द**शनाम जूना अखाड़े के वरिष्ठ महामण्डलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि महाराज ने देवभूमि में सरकारी जमीनों पर बन रही अवैध मजारों पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे देवभूमि की गरिमा के विरूद्ध बताया। उन्होंने कहाकि मीडिया में यह दिखाया जा रहा है कि किस प्रकार हजारों की संख्या में अवैध मजार बना दी गई हैं। सभी मजारें वन, सिंचाई, रेलवे, पीडब्ल्यूडी, ग्राम सभा, नगर पंचायत की भूमि पर बन चुकी हैं। स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि महाराज ने



कहाकि उत्तराखंड में दो प्रकार के जिहाद चल रहे हैं, एक मजार जिहाद तथा दूसरा भूमि जिहाद। उत्तराखंड की भूमि पर कब्जा कर बड़ी संख्या में रोहिंग्या, बांग्लादेशी मुसलमान और उत्तराखंड से लगते आस-पास के जनपदों के मुसलमान षड्यंत्र के तहत उत्तराखंड राज्य में प्रवेश कर रहे हैं। कहाकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से इस संबंध में हमारी वार्ता हुई है। उन्होंने इसका संज्ञान लिया है और हजारों मजारों को चिन्हित कराया है, जो अवैध हैं। उनको तुड़वाया भी जा रहा है। अभी भी हजारों की संख्या में गांव, देहात, सड़कों के किनारे रेलवे व नदियों के किनारे न जाने कहां-कहां अवैध मजारे बनी हैं, इन सभी को हटाया जाना जरूरी है।

**प्रयासरत** चित्रकूट खाद-बीज एवं कीटनाशक व्यापारी संघ के सम्मेलन का बाँदा -चित्रकूट सांसद ने किया शुभारंभ

# 'किसानों की आय दोगुनी कर रही मोदी-योगी सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/चित्रकूट**
**एग्रो इनपुट** डीलर एसोसिएशन नई दिल्ली से सम्बद्ध चित्रकूट खाद-बीज एवं कीटनाशक व्यापारी संघ द्वारा मुख्यालय स्थित टाउन हाल में आयोजित व्यापारी सम्मेलन का उद्घाटन बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने किया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि मोदी-योगी सरकार प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देकर बुंदेलखंड के किसानों की आय दोगुनी करने को संकल्पित है। उन्होंने कहा कि खाद,बीज और कीटनाशक के व्यापारी सरकार की मंशा के अनुरूप प्राकृतिक खेती को बढ़ावा



देने की दिशा में किसानों का सहयोग करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि योगी सरकार में किसी भी खाद,बीज एवं कीटनाशक व्यापारी का शोषण और उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा। रविवार को मुख्यालय स्थित टाउन हाल में आयोजित खाद,बीज एवं कीटनाशक व्यापारी संघ के आयोजित सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा बुंदेलखंड में प्राकृतिक खेती को सर्वाधिक प्रोत्साहन दिया जा रहा है। कम लागत में बेहतर उत्पादन वाली विष मुक्त खेती के लिए प्राकृतिक खेती एक अच्छा माध्यम है।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती के साथ जैविक खेती को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। आने वाले समय में किसानों को अपने जैविक उत्पाद बेचने के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। योगी सरकार द्वारा प्रदेश के सभी 18 मंडलों में लैब स्थापित किया जा रहा है।

